आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 41°C | 33°C |

इनसाइड न्यूज

जब गोली कानून बनी और वर्दी विश्वास, आलमबाग पुलिस को...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 10 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 235 | www.janexpresslive.com/epaper

पाकिस्तान में गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी... 12

# शिकायतकर्ता नहीं, अवैध निर्माणों के संरक्षक प्रवर्तन अधिकारियों का गिरोह सक्रिय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

■ एलडीए उपाध्यक्ष की नज़र शिकायतकर्ताओं पर तीखी, मगर भ्रष्ट प्रवर्तन अधिकारियों पर क्यों नहीं?

राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का दावा ज़मीनी स्तर पर सवालों के घेरे में है। ताज़ा मामला लखनऊ विकास प्राधिकरण से जुड़ा है, जहां उपाध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करने वाले नागरिकों की निजता भंग करते हुए उनके नाम सार्वजनिक कर दिए गए हैं– वह भी तब, जब ये शिकायतें प्राधिकरण में सक्रिय अवैध निर्माणों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ की गई थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिन प्रवर्तन अधिकारियों– अवर अभियंताओं, जोनल अधिकारियों आदि– पर अवैध निर्माणों को संरक्षित करने के गंभीर आरोप हैं, उन पर किसी कठोर कार्यवाही की बजाय उपाध्यक्ष की नजर शिकायतकर्ताओं पर ही केंद्रित नजर आती है। सवाल उठता है– क्या एलडीए उपाध्यक्ष भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को ही व्यवस्था सुधार मानते हैं?




### केवल नोटिसबाज़ी और कागज़ी कार्यवाही

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि एलडीए द्वारा केवल खानापूर्ति करते हुए नोटिस जारी कर दिए जाते हैं, जबकि आवास एवं शहरी नियोजन अधिनियम, 1973 (संशोधित 1997) के अंतर्गत ध्वस्तीकरण और सीलिंग की त्वरित कार्रवाई नहीं होती। परिणामस्वरूप अवैध निर्माण बिना रोक-टोक के पूरे हो जाते हैं और बाद में अध्यासित होकर कानूनी ढांचा बनने लगते हैं।

### क्या अवैध निर्माणों के पीछे भ्रष्ट तंत्र पर गिरेगा उपाध्यक्ष का डंडा?

लखनऊ में अवैध निर्माण कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह जरूर स्पष्ट होता जा रहा है कि इसके पीछे एक संगठित भ्रष्ट तंत्र काम कर रहा है– जिसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी शामिल हैं। इस तंत्र में प्रवर्तन इंजीनियर, जोनल अधिकारी और प्रभावशाली बिल्डरों की मजबूत साठगांठ है। जब तक इस तंत्र को तोड़ा नहीं जाता, तब तक किसी भी स्तर की कार्रवाई महज़ दिखावा होगी।

### उपाध्यक्ष पर गंभीर सवाल

- क्या उपाध्यक्ष अवैध निर्माणों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ सीधी और पारदर्शी कार्रवाई करेंगे?
- क्या जनहित में आवाज उठाने वालों की निजता भंग करना शासन का उत्तरदायित्व है?
- क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने वाले नागरिकों को शिकायती गिरोह बताकर डराना सही है?
- यदि उपाध्यक्ष वाकई लखनऊ को अवैध निर्माणों के दंश से मुक्त करना चाहते हैं, तो उन्हें केवल शिकायतकर्ताओं को कठघरे में खड़ा करने के बजाय प्रवर्तन अधिकारियों के भ्रष्ट गिरोह पर कठोर कार्रवाई करनी होगी।
- वरना यह धारणा बनती जा रही है कि एलडीए अब लखनऊ ध्वस्त विकास प्राधिकरण बन चुका है, जहां ईंटें भ्रष्टाचार की नींव पर रखी जा रही हैं और जनहित केवल फ़ाइलों में दफ़न है।

**प्रवर्तन अधिकारियों का संरक्षण गैंग बेनकाब:** सूत्रों के अनुसार, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-1 (पत्रकारपुरम चौराहा) में आवासीय भूखंडों पर खुलेआम व्यवसायिक निर्माण जारी हैं। वहीं, जोन-5 में 82 अवैध रो हाउस पर शासन से वैधानिक जांच आने के बावजूद निर्माण कार्य अभी तक रोका नहीं गया है। शिकायतकर्ताओं ने इन निर्माणों के पीछे विहित प्राधिकारी, जोनल अधिकारियों और अभियंताओं की मिलीभगत की ओर इशारा किया है। क्या उपाध्यक्ष इस बात का जवाब देंगे कि आखिर किसके संरक्षण में ये निर्माण जारी हैं? क्या अवैध निर्माण की शिकायतें करने वालों को ही दोषी ठहराकर मूल दोषियों को बचाने की कोशिश हो रही है?

# के.एम. ऑटोमोबाइल्स में सर्विस के नाम पर खुली लूट!

■ मारुति की आड़ में लाखों की जीएसटी चोरी, बीमा फ्रॉड और नकदी उगाही का गोरखधंधा बेनकाब

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

लखनऊ




मारुति–एक ऐसा नाम जिस पर देश का मध्यमवर्ग आंख मूंदकर भरोसा करता है। लेकिन क्या हो जब इसी भरोसे की चादर ओढ़कर कुछ लोग खुलेआम लूट का साम्राज्य चला रहे हों? लखनऊ के चर्चित के.एम. ऑटोमोबाइल्स में ऐसा ही गंदा खेल सामने आया है, जहां सर्विसिंग के नाम पर ग्राहक से न सिर्फ दो-दो बिल वसूले गए, बल्कि नकद लेनदेन कर टैक्स की भी खुलेआम डकैती की गई।

### जीएसटी चोरी का नंगा नाच, मारुति की चुप्पी संदिग्ध!

बिल न तो किसी अधिकृत सॉफ्टवेयर से जारी था, न ही उसमें जीएसटी नंबर दर्शाया गया। मतलब साफ है–सरकार को ठेंगा दिखाकर काली कमाई का खेल चल रहा है! प्रश्न ये उठता है कि क्या मारुति जैसी प्रतिष्ठित कंपनी की नाक के नीचे यह फ्रॉड हो रहा है, या फिर उसकी शह पर? क्या ग्राहकों को सिर्फ ब्रांड के नाम पर लूटा जाना अब आम बात बन चुकी है?

### 'डिजायर' के नाम पर बेइमानी की पूरी स्क्रिप्ट!

जन एक्सप्रेस को मिले दस्तावेज़ चौंकाने वाले हैं। एक ग्राहक अपनी डिजायर कार की सर्विसिंग और डेंटिंग-पेंटिंग कराने के लिए के.एम. ऑटोमोबाइल्स गया था। लेकिन जब भुगतान की बारी आई तो उसे 90291 रुपए का एक बीमा क्लेम वाला एस्टीमेट थमाया गया, और फिर 61116 रुपए का अलग बिल थमा कर नकद भुगतान ले लिया गया। इससे भी शर्मनाक बात यह कि इसके अलावा एसी मरम्मत के लिए 3500 रुपए और गाड़ी की छत पेंटिंग के नाम पर 5000 रुपए अलग से मांगे गए–और वो भी बिना किसी टैक्स इनवॉइस के!

### जन एक्सप्रेस की सीधी मांग

- के.एम. ऑटोमोबाइल्स की डीलरशिप तत्काल सस्पेंड की जाए।
- जीएसटी चोरी और बीमा फ्रॉड में सीबीआई या ईडी स्तर की जांच हो।
- मारुति को जवाबदेही तय कर सार्वजनिक माफी देनी चाहिए।
- यह रिपोर्ट सिर्फ एक ग्राहक की नहीं, हजारों ग्राहकों की आवाज है, जिनका भरोसा इस तरह कुचला जा रहा है। अब सरकार को तय करना है–वो जनता के साथ है या चोरों के गिरोह के साथ ?

### जन एक्सप्रेस हर पीड़ित ग्राहक की आवाज बनेगा

अगर आपके साथ भी किसी ऑटो सर्विस सेंटर ने ऐसी लूटपाट की है, तो हमें लिखिए। हम न सिर्फ छापेंगे, बल्कि आपकी लड़ाई को मंच और मोर्चा दोनों देंगे। इस रिपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा साझा करें, ताकि लूट की इस गाड़ी के नीचे सच का पहिया न कुचला जाए!

### बीमा क्लेम का फर्जीवाड़ा–न हुई मरम्मत, न हुआ सवाल!

सूत्रों के अनुसार, यहां बीमा कंपनियों को चूना लगाने का सुनियोजित रैकेट भी चल रहा है। गाड़ियाँ बिना मरम्मत के क्लेम में दिखा दी जाती हैं, और बीमा कंपनियों से मोटी रकम वसूली जाती है। यह सिर्फ फ्रॉड नहीं, बल्कि आपराधिक षड्यंत्र है–जिसमें ग्राहक, बीमा कंपनी और सरकार तीनों को चूना लगाया जा रहा है।

### प्रशासन और मारुति की निगरानी यूनिट खामोश क्यों?

जीएसटी विभाग, IRDAI और मारुति की क्वॉलिटी ऑडिट यूनिट–सभी की चुप्पी संदेह पैदा करती है। क्या इस धांधली में सबकी जेबें गरम हैं? क्या ग्राहक की आवाज़ अब सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित रह गई है?

# जून जला रहा है, दिल्ली में पारा 43 डिग्री के पार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जून में सूरज अपने तल्ख तेवर दिखा रह है। मौसम विभाग ने 12 जून तक के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को लोधी रोड, सफदरजंग, आयानगर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली का वास्तविक अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो औसत से 3.4 डिग्री अधिक रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने 12 से 14 जून तक बारिश की संभावना जताई है।

### दो दिन से परीक्षा ले रही गर्मी

बीते दो दिन से गर्मी लोगों की परीक्षा ले रहा है। दोपहर बाद भी तपिश से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। स्थिति यह रही कि दोपहर तीन बजे के बाद भी सड़क पर चल रहे पैदल और बाइक सवार लोगों तपिश के थपेड़ों ने परेशान किया। 12 जून तक तापमान 44 से 45 डिग्री तक रहने का अनुमान है। महीने के अंत तक ही दिल्ली में मानसून दस्तक दे सकता है। वहीं दिल्ली से सटे फरीदाबाद में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं आर्द्रता का स्तर 41 प्रतिशत तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने लोगों को दिन के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।



### यूपी में पूरब से पश्चिम तक भीषण गर्मी, आसमान से बरस रही आग, झांसी व आगरा का पारा 45 डिग्री पार

उत्तर प्रदेश में पूरब से लेकर पश्चिम तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सोमवार को बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की चपेट में रहे। झांसी और आगरा में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए यूपी के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी और वार्म नाईट का प्रकोप रहेगा। साथ ही पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

### उमस भरी गर्मी में क्या बरतें सावधानी

- दोपहर 12 से चार बजे के बीच बाहर जाने से बचें।
- जितना संभव हो पानी पीएं।
- हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें।
- चश्मा, छाता, टोपी, जूते का इस्तेमाल करें।
- बाहर जाते समय पानी की बोतल अपने साथ रखें।
- चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक और एल्कोहल के सेवन से बचें।
- अधिक प्रोटीन युक्त खाना खाने से परहेज करें।
- बीमार या कमजोरी महसूस हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।
- ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, चावल का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।
- जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं।
- घर को ठंडा रखने के लिए पर्दों का इस्तेमाल करें।

### आज 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है अधिकतम तापमान

मंगलवार को फरीदाबाद में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। आसमान साफ रहेगा और धूप तेज पड़ेगी। हल्की सतही हवाएं चलेगी, लेकिन इससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, उमस भरी गर्मी लोगों को और ज्यादा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को धूप में ज्यादा समय न बिताने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बुजुर्गों एवं बच्चों का खासतौर पर ध्यान रखने की सलाह दी है।

## अयोध्या में जमीन खरीदना अब और भी महंगा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामनगरी में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जमीन के सर्किल रेट में वृद्धि कर दी गई है। 2017 के बाद सर्किल रेट बढ़ाने में जिला प्रशासन को आठ साल लग गए। सर्किल रेट में अलग- अलग क्षेत्रों में 30 से 200 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। यह आदेश सात जून से जारी किया गया है, लेकिन नई दर पर जमीन की रजिस्ट्री सोमवार से शुरू हुई। उपनिबंधक सदर शांति भूषण चौबे ने बताया कि जहां ज्यादा जमीन के बैनामें हो रहे थे, वहां 150 से 200 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी की गई है। जबकि अन्य क्षेत्र में 30 से 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें जमीन के उपयोग और स्थान को आधार बनाया गया है। सर्किल रेट बढ़ने के बाद सबसे महंगी जमीन शहर के रिकाबगंज, देवकाली और अवध विहार आवासीय योजना में हो गई है। राम मंदिर के आसपास के क्षेत्र की जमीन भी पहले से काफी महंगी हो गई है। इन इलाकों में 26,600 से 27,900 प्रति वर्ग मीटर नया रेट लागू हुआ है।

# आज महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव मनाएगी योगी सरकार, सीएम करेंगे प्रतिमा का अनावरण



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 40 फिट ऊंची कांस्य की इस प्रतिमा का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी की देखरेख में कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार ने बनाया है।

### पद्मश्री रामसुतार जी ने किया है निर्माण

राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रा. लि. द्वारा बनाया गया है।

### महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा

- माध्यम– कांस्य
- प्रतिमा का वजन– 17 टन
- प्रतिमा की ऊंचाई– 40 फिट
- प्रतिमा की चौड़ाई– 17 फिट
- प्रतिमा की लंबाई– 40 फिट
- प्रतिमा की लागत– लगभग पौने पांच करोड़ रुपये

### पीएम ने 16 फरवरी 2021 को किया था शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस परियोजना का शुभारंभ किया था। इसमें ऐतिहासिक चित्तौरा झील के पास पर्यटन विकास के साथ ही महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना भी शामिल थी।

## यूपी: प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बढ़ी बिजली मांग, एक दिन में 30 हजार मेगावाट के ऊपर गई खपत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़ रही है। आठ जून की रात बिजली की मांग (पीक डिमांड) 30161 मेगावाट तक पहुंच गई। उम्मीद है कि इस वर्ष अधिकतम मांग 32 हजार मेगावाट तक जाएगी। गत वर्ष मई माह में बिजली की सर्वाधिक मांग 30618 मेगावाट थी। प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिया है कि आने वाले समय में मांग बढ़ेगी, उसे सकुशल पूरा करने के लिए विद्युत विभाग पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निरंतर विद्युत आपूर्ति देने के साथ सभी विद्युतकर्मी जनता की सेवा के लिए सजग और तत्पर हैं। ऐसे समय में प्रदेशवासियों का सहयोग अपेक्षित है। सभी को देश व प्रदेश के हित में अनावश्यक बिजली के प्रयोग से बचना होगा। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत कर्मियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बढ़ रही विद्युत मांग को पूरा करने के लिए सभी कार्मिक सजग और तत्पर रहें। भीषण गर्मी में प्रदेशवासियों को परेशानी न हो, जहां कहीं से भी विद्युत व्यवधान की शिकायत मिले उसका तत्काल समाधान कराएं। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर निर्धारित समय पर बदले। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति भी सुचारू रहे, इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। अनुरक्षण कार्यों को लेकर अनावश्यक विद्युत आपूर्ति बाधित न की जाए। शटडाउन ऐसे समय न लिया जाए, जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी हो।



# भ्रष्टाचार, भू-माफिया और अपराध के खिलाफ जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति: सीएम धामी

■ विकास योजनाएं बनेंगी जनहित की मजबूत आधारशिला: मुख्यमंत्री धामी

■ उत्तरकाशी के पुरोला में 210 करोड़ की 55 योजनाओं में किया गया लोकार्पण व शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। देहरादून





राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार, अपराध और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है, और इसी दिशा में जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल किया जाता रहेगा। उक्त घोषणा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जनपद में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरकाशी के पुरोला विधानसभा क्षेत्र में 210 करोड़ की 55 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 35 योजनाओं का लोकार्पण और 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कई प्रमुख परियोजनाओं की घोषणा भी की, जिनमें पुरोला स्थित खेल मैदान का उच्चीकरण, मोरी के देवरा गांव में कर्ण महाराज मंदिर और नौगांव के रुद्रेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण, नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तारीकरण, पुरोला-नौगांव मोटर मार्ग का डूकाणा रोड होते हुए मोरी बैंड तक बाईपास निर्माण, और मोरी के पट्टी गडूगाड़ क्षेत्र में देवजानी ओरा से केदरकांठा तक के क्षेत्र को पर्यटक क्षेत्र घोषित करने की घोषणाएं शामिल हैं।

### विकास योजनाएं बनेंगी जनहित की मजबूत आधारशिला

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन योजनाओं से पुरोला और आसपास के हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा और क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उन्हें समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर्यटन और बागवानी के लिए अपार संभावनाएं रखता है, और राज्य सरकार इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है।

### राज्य में लागू हो चुका है समान नागरिक संहिता और सख्त भू-कानून

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है, जिसने समान नागरिक संहिता (ष्टष्ट) को लागू किया है और सख्त भू-कानून को लागू कर भूमि संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। राज्य सरकार भी उसी दिशा में विकल्प रहित संकल्प की भावना के साथ कार्य कर रही है।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

इस अवसर पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिनमें यूसीसी, सिल्क्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन, और भ्रष्टाचार पर सख्ती जैसी बड़ी उपलब्धियां शामिल हैं। उन्होंने रंवाई क्षेत्र में अस्पताल के भूमि पूजन तथा मोरी-जखोल मोटर मार्ग की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक माल चंद, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, राज्य मंत्री प्रताप सिंह पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनीं जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**



मंडलायुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक की उपस्थिति में तहसील माधौगढ़ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर 32 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

मंडलायुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) केशव कुमार चौधरी ने माधौगढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य मात्र औपचारिकता न होकर जनता को वास्तविक राहत प्रदान करना होना चाहिए।

वहीं डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने पुलिस से संबंधित मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने माधौगढ़ तहसील का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समाधान दिवस से संबंधित प्रकरणों, भूमि अभिलेखों, वरासत एवं नामांतरण की प्रविष्टियों तथा दाखिल खारिज से जुड़ी शिकायतों की प्रगति का गहन निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने विशेष रूप से अंश निर्धारण में पाई जा रही त्रुटियों पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों की गहराई से समीक्षा कर विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता ही ग्रामीण विकास की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मंडलायुक्त ने कार्यालयों में फाइलों के रखरखाव, दस्तावेजों की उपलब्धता, उनके क्रमवार संधारण तथा दैनिक कार्यों की एंट्री रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक फाइल में तिथि, संक्षिप्त विवरण व अग्रिम कार्यवाही का स्पष्ट उल्लेख हो तथा कार्यालयीन अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन रहें।उन्होंने तहसील स्तर पर राजस्वकर्मियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मंडलायुक्त ने कहा कि आम जनता को उनके राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, यह जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मंडलायुक्त व डीआईजी ने माधौगढ़ तहसील परिसर में आयोजित पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में सहभाग करते हुए गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म व नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया। बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टाल का अवलोकन किया और पोषण अभियान से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को उत्तम स्वास्थ्य के लिए फल की टोकरी, हरी सब्जियाँ और मेवा का पैकेट भेंट किया गया। वहीं, छह माह के बच्चों को खीर खिलाकर पारंपरिक अन्नप्राशन कराया गया। कहा कि **स्वस्थ मातृत्व और कुपोषण मुक्ति** के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे समाज में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**



मऊ तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त व डीआईजी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा मंडलायुक्त ने मऊ अस्पताल व डीआईजी ने मऊ थाने का निरीक्षण किया। तहसील सभागार मऊ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलाआयुक्त अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंडलायुक्त ने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निस्तारण आख्या को देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं के निस्तारण के बाद समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराए। कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण कराएं। कहा कि भूमि सम्बन्धित मामलों में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेंजकर निष्पक्ष जांच कराकर निस्तारण कराएं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसके बाद मंडलायुक्त अजीत कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी व डॉक्टर उपस्थित पाए गए। यहां मंडलायुक्त ने चिकित्सा केन्द्र की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, सीसीटीवी कैमरों का संचालन आदि को देखा तथा सम्बन्धितों को आावश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। इसके साथ ही ससमय बच्चों को हेपेटाईटिस बी का टीका लगाए, महिलाओं को आश्यकतानुसार कैल्सियम की दवाओं का वितरण करें, मरीजो एवं आगंतुको से अच्छा व्यवहार किया जाए तथा दिव्यांगजनों के लिए रैम्प व ट्राइसाइकिल की समुचित व्यवस्था की जाए। कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप ही सामुदायिक केन्द्र में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा डीआईजी राजेश एस ने थाना मऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही थाना परिसर व हवालात की प्रतिदिन साफ-सफाई कराने के लिए निर्देशित किया।

# डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की समस्याओं को सुना और त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकरोड से जुड़ी शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय देना है, अतः सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनसुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरों ने सूने घर के चटकाए ताले, लाखों के जेवर व नगदी चोरी कर फरार

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

सूने घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर घर में रखे 40 हजार रुपए नकद व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए।चोरों ने घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीबीआर भी साथ ले गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आसपास पूंछतांछ की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी श्याम सिंह कुशवाहा उर्फ सोनू मूल निवास ग्राम चाकी, जयनारायण गेस्ट हाउस के पीछे पत्नी नेहा व बेटी मुस्कान एवं गुड्डी के साथ रहते है। सोनू कर्नाटक में रहकर पानी पूरी का काम करता है। घर पर पत्नी दो बेटियों के साथ रहती हैं। लगभग एक सप्ताह पूर्व वह कर्नाटक से अपने घर आए थे। उनकी ससुराल माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में है। ससुराल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में वह परिवार के साथ गए थे।सोनू कर्नाटक में रहकर पानी पूरी का काम करता है। घर पर पत्नी दो बेटियों के साथ रहती हैं। लगभग एक सप्ताह पूर्व वह कर्नाटक से अपने घर आए थे। उनकी ससुराल माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में है। ससुराल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में वह परिवार के साथ गए थे। रविवार को भंडारे के कार्यक्रम में वह ससुराल में ही रुक गए। यहां घर में ताला पड़ा हुआ था। रविवार की रात ही अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी का भी ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 40 हजार रुपये नकद, सोने की दो अंगूठी, वाली, चांदी के छह सिक्के, पायल दो जोड़ी आदि सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने घर में सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। सोमवार की सुबह श्याम सिंह परिवार के साथ ससुराल से वापस घर आए तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाल अजीत सिंह व चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और चोरी को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही फोरेंसिक टीम को बुलवाकर नमूने एकत्रित कराए।

# बेतवा नदी में खनन के गड्ढे में डूबे मौसेरे भाइयों की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

दोस्तों के साथ बेतवा नदी में नहाते समय मौसेरे भाई शनिवार शाम खनन के गहरे गड्ढे में डूब गए। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों को पानी से निकलवाकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वह दोनों शादी समारोह में शामिल होने डकोर के कहटा गांव में आए थे। हमीरपुर जिले के राठ थाना क्षेत्र के जराखर गांव निवासी अभिषेक (14) व हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के धौवल गांव निवासी अंकित (21) डकोर के कहटा गांव निवासी अखिलेश के पुत्र आशीष की शादी में शामिल होने आए थे। शनिवार को आशीष की बरात जानी थी। दोस्त निर्दोष व अमित के साथ शनिवार की शाम बेतवा नदी स्थित चंदवारी खंड के पास गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर बेतवा नदी पर चले गए।

यहां पर खनन करने से हुए गहरे गड्ढे में नहाते समय अभिषेक अचानक पानी में चला गया। पास में ही नहा रहे अंकित ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो वह भी गड्ढे में समा गया। तैरना न आने के कारण दोनों डूब गए। साथियों की चीख सुन दौड़े लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ अर्चना सिंह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से गड्ढे में डूबे युवकों को निकलवाया और उन्हें मेडिकल कॉलेज भिजवाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

## विद्यार्थी परिषद के दोबारा जिला संयोजक बने तेज



**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तेज प्रकाश चतुर्वेदी को जिला संयोजक पद का दायित्व प्रदान किया है। इसके अलावा वंदना गुप्ता को जिला प्रमुख व जिला संगठन मंत्री प्रशांत दीक्षित को फतेहपुर का विभाग संगठन मंत्री बनाया है। फर्रुखाबाद में हुए अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल और क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही की मौजूदगी में चित्रकूट में परिषद के नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है।

## 15 जुलाई तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम कार्ड धारकों (अंसगठित कर्मकारों) के लिए उनके मृत्यु व दिव्यागंता की दशा में अनुग्रह राशि के हितलाभ की घोषणा की गयी है। जिसके तहत 15 जुलाई तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके बाद प्रक्रिया पूर्ण कर आगामी 31 जुलाई तक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। कहा कि सभी अंसगठित कर्मकार जो ई-श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में पंजीकृत हुये थे एवं जिनकी 31 मार्च 2022 से पूर्व इसी अवधि में दुर्घटना में दुर्भाग्यवष मृत्यु हो गयी हो अथवा विकलागंता आ गयी हो, तथा वह आयकर दाता व ईएसआई व ईपीएफओ के सक्रिय सदस्य न हो, को यह लाभ दिया जाएगा। बताया कि इस योजना के तहत जिन कर्मकारों की दुर्घटना में मृत्यु हुई थी, उनके दावेदारों को दो लाख रूपये अथवा दिव्यांग होने वाले कर्मकारों को एक लाख लाख रूपये का हितलाभ दिया जाएगा। बताया कि इसके लिए सम्बन्धित अभिलेख सहित आवेदन 15 जुलाई तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा किये जाएंगे।

# भाकियू पदाधिकारियों किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को सदर ब्लाक व पहाड़ी ब्लाक में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसके बाद भाकियू पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं के समाधान के लिए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बेड़ का समय चल रहा है, लेकिन समिति में खाद्य की उपलब्धता नहीं है तथा बीज गोदाम में भी बीज उपलब्ध नहीं है, जिससे किसानों को विलंब हो रहा है। कहा कि गल्ला मंडी परिसर में किसाने के नीलामी चबूतरो से अवैध कब्जा हटाया जाना चाहिए। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि मंडी परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मंडी में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जानी चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चैहान ने कहा कि बरसात से पूर्व सभी गौशालाओं में भूस की व्यवस्था व जानवरों को संरक्षित करने की तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। बताया कि गांवों में पीने के पानी को लेकर भारी समस्या है। किसान रामेश्वर सिंह ने कहा कि किसानों खाद नहीं दी जा रही है। इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ सिंह, जयनारायण सिंह, विजय त्रिपाठी, श्रीकेशन राजपूत, जयनारायण मिश्रा, रामप्यारे, बबलू, छेदीलाल, कमलेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भाजपा सरकार में नहीं लिया जा रहा एक्शन: शिवशंकर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को सपा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने, निष्क्रिय पदाधिकारियों के मूल्यांकन एवं पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सतत चलाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि पूरे जनपद में पीडीए चर्चा का आयोजन सेक्टर वार सफलतापूर्वक किया जा रहा है। जिसमें पीडीए समाज लगातार समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। कहा कि सभी लोग पीडीए चर्चा कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करें तथा आगामी पंचायत चुनावों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ा र जिताने का करें। कहा कि पीडीए चर्चा कार्यक्रमों से दूर रहने वाले पदाधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाएं। जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है।

जनपद में सहायक संभागीय परिहवन अधिकारी विवेक शुक्ला भाजपा सरकार के कार्यकर्ता बन कर काम कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जिनके खिलाफ शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसे में आगामी विधान सभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार का गठन कर उप्र को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अमर पटेल ने किया।

इस मौके पर अवसर पर जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, नरेंद्र यादव, मदन त्रिपाठी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष लवलेश यादव, प्रवक्ता अश्विनी विक्की यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, युवजन सभा अध्यक्ष अजय यादव, रमेश चंद्र शास्त्री, महिला सभा जिलाध्यक्ष रमा यादव, राजकुमारी निषाद, आरके कुरील, संतोष जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, रोहित कश्यप, चंदन, रामसागर यादव, राकेश प्रजापति, विशाल मिश्रा सहित अल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

राजापुर तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही तुलसी स्मारक के सौंदर्यीकरण का भी निरीक्षण किया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान डीएम ने समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कहा कि सरकारी जमीनों, नाली, चकरोड व तालाब पर फैले अतिक्रमण को तत्काल मौके पर पहुंचकर कब्जा मुक्त कराएं तथा भूमि सम्बन्धी मामलों में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया कि थानों में प्राप्त महिलाओं से संबंधित प्रकरण पर संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कराए।

राजापुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में से प्राप्त कुल 67 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौके पर किया गया। इस दौरान डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग नहीं करने पर मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता/अवर अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता/अवर अभियंता नलकूप, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, सहायक विकास अधिकारी रामनगर, सहायक विकास अधिकारी सहकारी समिति, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) पहाड़ी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) पहाड़ी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) रामनगर के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी व उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कटियार, उप जिलाधिकारी राजापुर आरआर रमन, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी जल निगम आशीष भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, राजापुर थाना प्रभारी प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम व एसपी ने तुलसी स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यहां डीएम-एसपी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य में डोरमेंट्री, तुलसी लाइब्रेरी, मल्टीपरपज हाल, आरसीसी रोड, मंदिर रेनोवेशन, सिटिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य में मैनपॉवर बढ़ाकर प्रगति कराएं।

## प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में स्टाम्प विक्रेताओं ने एसडीएम को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

**जालौन।** आल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में स्टाम्प विक्रेताओं ने स्टाम्प एवं निबंधन और न्यायालय शुल्क मंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौपा। उन्होंने समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय स्टाम्प विक्रेताओं ने स्टाम्प, निबंधन तथा न्यायालय शुल्क मंत्री रवीन्द्र जायसवाल को सम्बोधित छह सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम विनय मोर्य को सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने मांग करते हुए कहा कि स्टाम्प विक्रेताओं के लिए स्टाम्प बेंडर्स कल्याण अधिनियम बनाया जाय, स्टाम्प होल्डिंग को दिए जाने वाले कमीशन में बेंडर कमीशन 250 रुपए प्रति लाख किया जाए, स्टाम्प बेंडर्स के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, छोटे व फिजिकल स्टाम्प पेपर व कोर्ट फीस निरंतर जारी रखी जाने के साथ स्टाम्प बेंडर्स को निबंधन मित्र, पीपीपी माडल व ई रजिस्ट्री में हित सुरक्षित किए जाएं।

# ट्रांसफर फार्म रिजेक्ट होने पर लखनऊ पहुंचे शिक्षक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में किए गए स्थानांतरण आवेदनों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निरस्त किए जाने पर राजकीय शिक्षक संघ के शिक्षकों ने विभागीय उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है। संगठन के प्रांतीय महामंत्री सत्यशंकर मिश्र, प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष जेडआर खान व जिलाध्यक्ष रामकेश कुशवाहा के नेतृत्व में पीड़ित शिक्षकों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। जिस पर उच्चाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को शासन के आदेशानुसार नियमतः ऑनलाइन स्थानांतरण आवेदनों को अग्रसारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर शिक्षक कौशल कुमार, भूरे सिंह, मनश्याम वर्मा, रवेन्द्र सिंह, शुभम पाण्डेय, रमेश यादव, शैलेश यादव, सोनम, अमृतलाल सरोज, गुंजन सिंह, गुडिया देवी, सुभाष चन्द्र, प्रमोद कुमार पाल, राकेश कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, विमल यादव, मनीष कुमार, कपिल देव यादव आदि मौजूद रहे।

# उच्च न्यायालय के आदेश को न मानने के विरोध में पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरगोविन्द दयाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को राशिकरण कटौती से सम्बन्धित रिट याचिकाओं से प्रभावित पेंशनर्स विकास भवन में एकत्रित हुये तथा वहा से नारेवाजी करते हुये कलैक्ट्रेट जाकर वरिष्ठ कोषाधिकारी जालौन द्वारा उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ का आदेश न मानने के विरोध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को सोपाते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 22.06.2025 तक उच्च न्यायालय का आदेश लागू करने हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी जालौन को निर्देशित किया जाये।

पेंशनर्स की पेंशन से माह फरवरी से काटी गयी राशि की बसूली कर धनराशि वापस करायी जाये तथा उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाये अन्यथा की स्थिति में जनपद के कर्मचारी शिक्षक तथा पुलिस पेंशनर्स संगठन के आवाहन पर कोषागार के समक्ष संगठनात्मक आन्दोलन धरना प्रदर्शन, क्रमिक अनसन, भूख हड़ताल आदि आन्दोलन चलाने के लिये विवष होगें जिसके लिये वरिष्ठ कोषाधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें। प्रदर्शन में संगठन के संरक्षक लखनलाल अहिरवार, कार्यवाहक अध्यक्ष लखन सिंह राजावत, वरिष्ठ उपाध्य मान सिंह राजपूत, जिला मंत्री रामेश्वर दयाल कुशवाहा, सम्प्रेक्षक अंबिका प्रसाद राजपूत, अपर जिलामंत्री हरिराम ओमरे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मंगल सिंह निरंजन, संघर्ष समिति के चेयरमेन जयनारायण सैन, संयुक्त मंत्री रविन्द्र दुवे, संगठन मंत्री राजेश कुलश्रेष्ठ, कार्यालय मंत्री अनिल कुमार आदि पेंशनर्स मौजूद रहे।



**पीएम मोदी भारत लौटे सर्वदलीय शिष्टमंडलों...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर के देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार को मिलेंगे। सूत्रों के मुताबिक सदस्य प्रधानमंत्री के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों...

पढ़ें पेज 12 पर...

# जब गोली कानून बनी और वर्दी विश्वास
## आलमबाग पुलिस को जनता ने सौंपा दिल का सलाम

- बेटियों के हक़ में चलती गोलियाँ जब कानून की ज़ुबान बनें आलमबाग पुलिस को जनता ने दिया भरोसे का सलाम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सोमवार की शांम चंदर नगर में हुआ वह दृश्य शब्दों में नहीं समेटा जा सकता–जहां मंच फूलों से नहीं, विश्वास से सजा था। जहां स्वागत सिर्फ शॉल और स्मृति चिन्हों से नहीं, आंखों की नमी और दिल की गहराई से हुआ। जहां जनता ने उन वीरों को सलाम किया, जिन्होंने समाज को खौफ के साए से बाहर निकाला–और इंसाफ़ को ज़मीन पर उतारा।

### फूलों से नहीं, लहू से सींची गई श्रद्धांजलि

इस समारोह के पीछे सिर्फ आयोजन नहीं, एक बेहद गहरी पीड़ा थी। कुछ ही दिन पहले चंदर नगर की तीन साल की एक मासूम बच्ची को दरिंदगी का शिकार बनाया गया। यह सिर्फ एक अपराध नहीं, समाज की आत्मा पर हमला था। लेकिन जब पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर उस दरिंदे को ढूंढ निकाला और एनकाउंटर में ढेर कर दिया–तब पहली बार लगा कि वर्दी अब सिर्फ कानून नहीं, इंसाफ़ का नाम है। इस समारोह में व्यापारियों ने जब पुलिस को सम्मानित किया, तो वो सिर्फ रस्म नहीं थी–वो उस मासूम की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि थी, जिसकी चुप आंखों में अब सुकून है।




### मंच पर माला नहीं, जनता का भरोसा टंगा था

सम्मान समारोह में उपस्थित जनप्रिय समाजसेवी अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', व्यापार मंडल अध्यक्ष पं0 सुमेश मिश्रा, वरिष्ठ व्यापारी समीर मिश्रा, मोहान खत्री, कासिम पप्पू यादव और सैकड़ों व्यापारी जब मंच पर खड़े होकर पुलिस को सम्मानित कर रहे थे तो वो पल इतिहास में दर्ज किया जाना चाहिए। यह सम्मान था डीसीपी आशीष श्रीवास्तव की नेतृत्व क्षमता का, एडीसीपी ममता रानी की संवेदनशीलता का, एसीपी अभय मल्ल की रणनीतिक सूझबूझ का और एसएचओ सुभाष चंद्र की फुर्ती और ईमानदारी का। साथ ही जिन सहयोगियों ने इस अभियान में दिन–रात एक कर दिया–अजीत कुमार, अरविंद दीक्षित, अन्नू ड्राइवर, मनीलाल, गुलशन, कपिल कंस, अजय, धीरज–उन्हें भी जनता ने उस गर्मजोशी से नवाज़ा, जो शब्दों से परे थी।

### यह सम्मान नहीं, संकल्प था

कई बार सम्मान समारोह महज़ औपचारिकता बन जाते हैं। लेकिन चंदर नगर में हुआ यह आयोजन उन सभी औपचारिकताओं से परे था। यहां सम्मानित करने वाले भी भावुक थे, और सम्मान पाने वाले भी। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब पुलिस निष्पक्ष, तत्पर और संवेदनशील हो–तो जनता न केवल साथ आती है, बल्कि कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती है। यह समारोह यह कह गया कि अब पुलिस से डरने की नहीं, उस पर भरोसा करने की ज़रूरत है। अब वर्दी सिर्फ सरकारी पहचान नहीं, समाज की उम्मीद है। और जब पुलिस सच्चाई से डटे, तो कानून सिर्फ किताब नहीं, क्रांति बन जाता है।



### जनता ने कहा, 'आप हैं, तो हम निडर हैं'

व्यापारियों ने मंच से जो कहा, वह शायद किसी कानून की किताब में नहीं लिखा, लेकिन हर दिल ने महसूस किया पहले जब बच्चियां घर से बाहर निकलती थीं, दिल कांपता था। अब हम जानते हैं–कोई आंख उठाएगा तो वर्दीदार जवाब देगा। आप हैं, तो हम खुलकर जी सकते हैं। यह शब्द नहीं, विश्वास का घोषणा पत्र थे।

### जब रात ड्यूटी बनी और नींद कुर्बानी तो इंसाफ़ जिंदा हुआ

रेप की खबर के बाद पूरे चंदर नगर में मातम छाया था। लेकिन पुलिस ने इस मामले को 'एक और केस' की तरह नहीं देखा। साह्ह सुभाष चंद्र और उनकी टीम ने जब तक आरोपी को नहीं ढूंढ निकाला, चैन की सांस नहीं ली। वो रातें जब पूरी टीम ने एक-एक सीसीटीवी फुटेज खंगाला, मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, हर संदिग्ध को उठाया–वो सिर्फ एक जांच नहीं, एक बच्ची की इंसानियत की लड़ाई थी। और जब आरोपी को धर दबोचा गया और मुठभेड़ में उसका अंत हुआ–तो लोगों ने पुलिस की आंखों में सिर्फ विजय नहीं, करुणा और न्याय का जज़्बा भी देखा।

### जन एक्सप्रेस की कलम से

जब बच्ची की चीख़ पर सरकार नहीं, पुलिस उठे–और उठकर झुके नहीं तब समझो, न्याय जाग चुका है। जब मां–बाप को नींद आती है, क्योंकि उन्हें पता है, कोई रक्षक पहरे पर है तब ये सम्मान नहीं, राष्ट्र निर्माण का क्षण होता है। जनता का सलाम उन रक्षकों को, जिन्होंने बंदूक नहीं, भरोसा उठाया। जिन्होंने सत्ता नहीं, सेवा चुनी। सम्मान आपका हक है और हमारा फ़र्ज़।

# वार्ष्णेय समाज को एकजुट करने हेतु वीवीएस ने की बैठक

- न्यायमूर्ति (से.नि.) योगेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ विचार–विमर्श

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



वीवीएस (वार्ष्णेय वैश्य संगठन) के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन राज्य अतिथि गृह, मीराबाई मार्ग, लखनऊ में संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवा-निवृत्त न्यायमूर्ति योगेश चंद्र गुप्ता ने की, जबकि संचालन वीवीएस के राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय (गुरुग्राम) द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्ष्णेय समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण में उसकी प्रभावशाली भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, राजनीतिक सहभागिता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय ने कहा, कोई भी राष्ट्र समाज से बनता है और समाज लोगों से। यदि समाज के लोग संगठित होंगे तो न समाज कमजोर होगा और न ही राष्ट्र। हमें राष्ट्र निर्माण में वार्ष्णेय समाज की सक्रिय भूमिका तय करनी होगी। इस बैठक में संगठनात्मक विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें निम्नलिखित प्रमुख नियुक्तियाँ की गईं

**कमल कुमार- लखनऊ प्रभारी**
**पीयूष गुप्ता- हैदराबाद प्रभारी**
**योगेश गुप्ता- संगठन मंत्री, मुंबई**
**राजेश वार्ष्णेय- संयोजक, मथुरा**
**स्वेता वार्ष्णेय- संगठन मंत्री, हाथरस**
**नगेन्द्र गुप्ता – प्रभारी, ग्वालियर**

इस अवसर पर न्यायमूर्ति (से.नि.) योगेश चंद्र गुप्ता के साथ-साथ अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार नवरत्न, गोविंद लाल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, नितिन वार्ष्णेय, डी.पी. गुप्ता, सुशील वार्ष्णेय, साधना गुप्ता, सी.के. वार्ष्णेय, बांके बिहारी वार्ष्णेय (गुड़गांव) और शुभम गुप्ता शामिल रहे। इस बैठक ने न केवल समाज में नई ऊर्जा का संचार किया, बल्कि आगामी कार्ययोजना को लेकर भी स्पष्ट दिशा प्रदान की। वीवीएस के माध्यम से वार्ष्णेय समाज की सामाजिक, राजनीतिक और बौद्धिक भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

# प्रदेश में पहली बार ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा **प्रथम जस्टिस टी. एस. मिश्रा इंटर कॉलेजिएट ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता** की घोषणा, जस्टिस टी. एस. मिश्रा ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 25-27 जुलाई, 2025 के मध्य किया जाएगा। प्रदेश में इस प्रकार की यह पहली प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य विधिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना, अधिवक्ता कौशल को निखारना तथा स्वर्गीय जस्टिस टी. एस. मिश्रा की स्मृति को सम्मानित करना है। 20,000 के नकद पुरस्कार के साथ यह प्रतियोगिता देशभर के विधि विद्यार्थियों को अपने विश्लेषणात्मक तर्क, न्यायालयीन प्रस्तुति और प्रभावशाली विधिक कुशलता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम एक गहन और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया का सजीव अनुकरण होगा और मूल्यांकन सुप्रसिद्ध विधिक विशेषज्ञों, न्यायविदों एवं प्रख्यात शिक्षाविदों द्वारा किया जाएगा। गौर करने वाली बात यह भी है कि अभी तक मूट कोर्ट प्रतियोगिता के प्रारूप में अधिकतर कार्यक्रमों में अपीलीय न्यायालय की कार्यवाही प्रस्तुत की जाती थी लेकिन इस प्रतियोगिता में निचली अदालत की




कार्यवाही प्रस्तुत की जाएगी जिसमें गवाह एवं उससे जुड़ी कार्यवाही जैसे जिरह व बहस की प्रस्तुति होगी। यह प्रतियोगिता वास्तविक कानूनी कार्यवाही को प्रदर्शित करेगी। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या जैसे अपराधों पर आधारित यह प्रतियोगिता नए छात्रों में कानून की समझ और उससे जुड़ी विधिक कार्यवाही को एक प्रतीकात्मक ढंग से समझने में गहन मदद करेगी। प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह, डीन, टीएसएम लॉ स्कूल ने प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए कहा की ÷यह प्रतियोगिता न्यायामूर्ति टी.एस. मिश्रा जी की न्यायिक एवं विधिक शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा को समर्पित श्रद्धांजलि है। हमारा उद्देश्य उत्कृष्टता, नैतिकता और वाकपटुता से परिपूर्ण अधिवक्ताओं की नई पीढ़ी को तयार करना है।

# मलिहाबाद में 6000 भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ, केंद्र सरकार के 11 वर्षो को समर्पित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्राचीन गोपेश्वर गौशाला में चिंताहरण हनुमान जी के ग्यारहवें पाटोत्सव उत्सव के अवसर पर एक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 40 गांवों से आए लगभग 6000 भक्तों ने सरोवर किनारे बैठकर सुंदरकांड का पाठ किया। यह आयोजन विशेष रूप से केंद्र सरकार के सनातन संस्कृति को विश्व में प्रसारित करने वाले 11 वर्ष के कार्यकाल को समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्राचीन गोपेश्वर नाथ महादेव का 11 क्विंटल फलों से भव्य श्रृंगार किया गया, और हनुमान जी को 111 किलो लड्डू का विशाल भोग लगाया गया। जालंधर से पधारे दुर्गेश शास्त्री ने अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों और सुंदरकांड के गायन से सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल, प्रशांत भाटिया, अनुज भाग कारवा लखनऊ पश्चिम, मनीष गुप्ता उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड, रजनीश गुप्ता पूर्व उपमेयर, अग्रवाल महासभा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान, पूर्व मंत्री कौशल किशोर, विधायक संडीला अलका सिंह, शिबू सहित महंत गोपेश्वर गौशाला कैवल्य गिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।

# सरोजनीनगर में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



- मंडी मार्ग से बेहसा और कल्ली में कार्रवाई, नामजद एफआईआर के निर्देश–पांच लेखपाल सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर सोमवार को लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सरोजनीनगर तहसील के ग्राम सभा बेहसा और कल्ली पश्चिम में अवैध कब्जों पर सीधी कार्रवाई की।वहीं डॉ. जैकब ने सबसे पहले बेहसा गांव में सरकारी गाटा संख्या 1421, 1422 और 1418 का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और निर्माण की पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। वहीं नगर और तहसीलदार अरविंद पांडेय को सस्पेंशन की संस्तुति के साथ शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा गया। वहीं इसके बाद मंडलायुक्त ग्राम सभा कल्ली पश्चिम पहुंचीं, जहां गाटा संख्या 1459, 1273, 1228 और 1768 पर भी अवैध कब्जा और निर्माण की पुष्टि हुई। मौके पर ही अतिक्रमण हटाने और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। वहीं इस मामले में लेखपाल सुनील तिवारी, दीपक, कानूनगो अशोक पांडे, पाटन दीन तिवारी, नगर निगम के लेखपाल मृदुल मिश्रा और संदीप यादव द्वितीय को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश दिए गए।

### माफियाओं को संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई होगी

मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि भू–माफियाओं को संरक्षण देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन की जीपीएस मैपिंग, जीरो टेगिंग और बाउंड्री चिन्हांकन कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी तरह की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। वहीं मंडलायुक्त डॉ. जैकब ने निर्देश दिए कि अगर कब्जा हटाने के बाद दोबारा कोई अवैध निर्माण होता है तो सीधे नामजद एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने अफसरों से सरकारी भूमि पर बोर्ड लगाकर चिन्हित करने और संरक्षित करने के निर्देश भी दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि जिन दबंग भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग कर बाउंड्री की गई है, उसे तत्काल ध्वस्त किया जाए। सर्वे में तेजी लाई जाए और रोजाना की गई कार्रवाई की समीक्षा रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजी जायें।

# ब्वॉयफ्रेंड ने बनाया अश्लील वीडियो: पिता को भेजा, ब्लैकमेलिंग का आरोप, एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने अपने बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त पर अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने और पिता को भेजने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि दोनों उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बीबीडी थाना पुलिस आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अयोध्या रोड स्थित एक स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ती थी, जहां सुमित सिंह उर्फ प्रिंस सिंह और रक्षित अग्रवाल उससे एक साल सीनियर थे। एक ही स्कूल के हॉस्टल में रहने के कारण उसकी रक्षित अग्रवाल से दोस्ती हो गई। स्कूल छोड़ने के बाद भी उनका मिलना-जुलना जारी रहा। वहीं युवती के अनुसार, नवंबर 2024 में उसे अपने दोस्त की शादी की तैयारी के लिए कुछ पैसों की जरूरत पड़ी, और पिता के घर पर न होने के कारण उसने रक्षित के दोस्त सुमित सिंह उर्फ प्रिंस सिंह से कुछ रुपये उधार लिए थे, जिन्हें उसने बाद में वापस कर दिया। लेकिन इसके बाद सुमित उसे गोरखपुर स्थित अपने घर बुलाने लगा। युवती के मना करने पर उसने चैटिंग के जरिए अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। शिकायत में युवती ने आगे बताया कि सुमित ने उसके मोबाइल को हैक कर इंस्टाग्राम से फोटो निकालकर अश्लील तस्वीरें बना दीं। साथ ही, रक्षित द्वारा चुपके से बनाए गए अश्लील वीडियो को भी उसने फेसबुक और वॉट्सऐप ग्रुप पर डालना शुरू कर दिया। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो उसने गाली-गलौज और दुष्कर्म की धमकी देना शुरू कर दिया। सबसे गंभीर बात यह है कि आरोपी सुमित ने युवती के पिता को भी अश्लील फोटो और वीडियो भेज दिए। युवती का आरोप है कि तभी से दोनों लगातार उस पर अपने और दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहे हैं। बीबीडी थाना पुलिस के अनुसार, युवती के मित्र रक्षित और सुमित सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस दोनों के बारे में जानकारी जुटा रही है और मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# जल निगम का ऑपरेटर सरकारी आवास पर जमाए है कब्जा, अपना निजी मकान किराए पर उठाया



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में सरकारी संपत्तियों के दुरुपयोग और नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, जल निगम विभाग में बटलर पैलेस स्थित पानी की टंकी पर ऑपरेटर के पद पर तैनात मृदुल कुमार नंदवंशी पर गंभीर आरोप लगे हैं। उनका काम पानी की टंकियों को खोलना और बंद करना है, लेकिन वह नियमों की अनदेखी कर न सिर्फ सरकारी आवास पर अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे हैं, बल्कि अपना निजी मकान किराए पर उठाकर उससे मोटी कमाई भी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, मृदुल कुमार नंदवंशी के पास अपना खुद का मकान है। इसके बावजूद, उन्होंने इसे किराए पर चढ़ा रखा है, जिससे उन्हें नियमित आय होती है। चौंकाने वाली बात यह है कि निजी मकान होने के बावजूद, वह जल निगम के सरकारी आवास में गैरकानूनी तरीके से, बिना किसी वैध अनुमति के रह रहे हैं। यह सीधे तौर पर सरकारी नियमों का उल्लंघन और सुविधाओं का दुरुपयोग है, जहाँ जरूरतमंद कर्मचारियों को आवास नहीं मिल पाता। सूत्रों का दावा है कि मृदुल कुमार नंदवंशी सिर्फ ऑपरेटर का काम ही नहीं करते, बल्कि राजनीतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं यह आरोप उनके सरकारी आवास पर अवैध कब्जे और नियमों की अनदेखी के मामले को और भी गंभीर बना देता है, क्योंकि अक्सर ऐसे मामलों में राजनीतिक संरक्षण की संभावना जताई जाती है। यह पूरा मामला जल निगम विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर कैसे एक ऑपरेटर इतने लंबे समय से सरकारी आवास पर अवैध कब्जा जमाकर बैठा है और अपना निजी मकान किराए पर दे रहा है? क्या विभाग को इसकी जानकारी नहीं थी, या जानबूझकर इस पर आंखें मूंद ली गईं? अब देखना यह होगा कि इस **जोरदार खबर** के सामने आने के बाद जल निगम विभाग और संबंधित अधिकारी मृदुल कुमार नंदवंशी के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं? क्या उनसे सरकारी आवास खाली कराया जाएगा, और नियमों के उल्लंघन तथा सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग के लिए उन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई होगी? यह मामला अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए भी एक कड़ा संदेश है, जो अवैध रूप से सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

# एसी रिपेयरिंग कर्मी के सीने में चाकू घोंपा, हालत गंभीर, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जे कुमार होटल में एसी रिपेयरिंग का काम करने वाले एक युवक को मारपीट के दौरान चाकू मार दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एचसीएल चौकी, सुल्तानपुर रोड निवासी रविंद्र शुक्ल ने बताया कि वह जे कुमार होटल में एसी रिपेयरिंग का काम करते हैं। गुरुवार रात लगभग 9 बजे काम खत्म होने के बाद वह अपने साथियों के साथ खाना बना रहे थे, तभी पांचवीं मंजिल पर काम करने वाला एक केबल कारीगर गाली-गलौज करते हुए उनके कमरे में घुस आया। वहीं रविन्द्र के मुताबिक, वहां मौजूद उनके साथी अवध नारायण ने गाली-गलौज का विरोध किया, जिसके बाद केबल कारीगर ने अपने 10-12 अन्य साथियों को बुला लिया। उन सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से अवध नारायण पर हमला कर दिया। जब अन्य साथियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और उन्हें भगा दिया। इसी दौरान हमलावरों ने अवध नारायण के सीने के बाईं ओर चाकू घोंप दिया, जिससे उसे दो गहरे ज़ख्म हुए और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अवध नारायण के साथियों ने उसे मरणासन्न हालत में लोहिया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां आईसीयू में बेड न मिलने के कारण उसे रिदांश अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी के इंस्पेक्टर ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# इटौंजा में बेकाबू कार का कहर जारी: 8 माह के बच्चे के बाद मां ने भी तोड़ा दम, आरोपी हिरासत में, पुलिस पर बड़ा खेल का आरोप



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ के सीतापुर रोड पर इटौंजा स्थित सिंघामऊ मोड़ के पास एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने अब और भी वीभत्स रूप ले लिया है। इस हादसे में 8 माह के मासूम अयांश की रविवार को ही मौत हो गई थी, वहीं सोमवार को उसकी मां पूनम उम्र करीब 32 वर्ष ने भी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, वहीं पुलिस की कार्रवाई पर बड़ा खेल होने के आरोप भी लग रहे हैं। यह हृदयविदारक घटना रविवार को उस समय हुई जब नवनिर्माणाधीन रिसॉर्ट से बाहर जा रही एक तेज रफ्तार काली कार ने तीन मजदूरों को रौंद दिया। बताया जा रहा है कि कार रिसॉर्ट के सुपरवाइजर सुनील मौर्य निवासी बगहा चला रहा था। उसकी लापरवाही से कार ने गया प्रसाद मौर्य 55 वर्ष, पूनम और उसके 8 माह के बेटे अयांश को बुरी तरह कुचल दिया। अयांश की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पूनम और गया प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तुरंत ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, जहाँ सोमवार को पूनम ने भी दम तोड़ दिया। पूनम और अयांश सीतापुर जिले के बेहटा तंबौर के रहने वाले थे और इटौंजा में मजदूरी का काम करते थे।

### पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा किया दर्ज

पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को मौके से बरामद कर लिया है और आरोपी चालक सुनील मौर्य को हिरासत में लेकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। हालांकि, जहां एक तरफ परिजन अपने मासूम बेटे और अब पत्नी को खोने के गहरे सदमे में हैं, वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर जिम्मेदारों द्वारा बड़ा खेल खेले जाने के आरोप लग रहे हैं। मजदूरों और स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच पड़ताल में कुछ बड़ा खेला हो रहा है, जिससे उन्हें निष्पक्ष न्याय मिलने पर संदेह हो रहा है। वहीं यह घटना सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी और मजदूरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाती है या आरोपों के घेरे में आकर यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जायेगा।

# पेड़ पर लटका मिला बुजुर्ग का शव, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के पीजीआई थाना क्षेत्र में एक 62 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक की पहचान रामदीन के रूप में हुई है, जो गजवरीयन खेड़ा गांव के बाहर पेड़ से लटके पाए गए। ग्रामीणों ने शव को फंदे से लटका देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही शुरू कर दी। हालाँकि, मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि रामदीन की हत्या कर उनके शव को पेड़ पर लटकाया गया है। वहीं मृतक के बेटे मिथुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता रामदीन का शव घर से लगभग दो सौ मीटर दूर एक बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मिथुन ने यह भी बताया कि घर में पैसों को लेकर झगड़ा चल रहा था और गाँव के ही एक युवक ने उनके पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता रामदीन हर सुबह पाँच बजे टहलने निकलते थे और आज सुबह भी वे टहलने निकले थे। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले के सभी पहलुओं से जाँच कर रही है। परिवार में रामदीन की पत्नी माया देवी और बेटा मिथुन हैं। वहीं इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों ने एक युवक पर शक जताते हुए तहरीर दी है।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

## निर्माण की गुणवत्ता और गति की हुई समीक्षा, कार्यदायी संस्था को दिया सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने तिलोई तहसील स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के विभिन्न कार्यों की स्थिति, गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिया।



बताते चलें कि यह मेडिकल कॉलेज लोक निर्माण विभाग इकाई अयोध्या द्वारा 16.5 एकड़ भूमि पर तैयार किया जा रहा है। जिसमें 200 बेड का अस्पताल, सौ सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, अकादमिक ब्लॉक तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण प्रस्तावित है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीवर प्रणाली, वाटर सप्लाई इंटरनल रोड, ड्रेनेज सिस्टम और बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल की व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्माण स्थल पर मजदूरों की संख्या बढ़ाने और कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए।एवं निर्माण में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा और स्पष्ट किया कि मानक से कम गुणवत्ता मिलने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अमेठी जनपद के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि जल्द से जल्द क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु कैंप का आयोजन 10 जून को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार शमन मानचित्र एवं ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर प्राप्त मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु 10 जून 2025 को प्राधिकरण कार्यालय में एक विशेष समाधान कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे शमन मानचित्र एवं ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर स्वीकृति हेतु आवेदन पत्रों का निस्तारण एक ही पटल पर किया जायेगा। उन्होंने जन मानस से अपील है कि अपने भवनों का शमन ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर मानचित्रों का निस्तारण कराने हेतु आयोजित समाधान कैम्प में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर अपने प्रकरणों का सुगमता से निस्तारण करा सकते हैं।

### साली जेल में, जीजा की तलाश जारी

# हत्या का मुख्य आरोपी अब तक फरार, पीड़ित परिवार ने तहसील में किया विरोध प्रदर्शन

## परिजनों का आरोप, प्रभावशाली लोगों का मिल रहा संरक्षण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रामा चौहान पुन्नपुर गांव में चार जून को हुई युवक सागर कोरी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।मृतक के परिजनों ने सोमवार को तहसील दिवस के अवसर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने इस मामले में सागर की साली कुमकुम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन हत्या का मुख्य आरोपी वेद प्रकाश, जो कुमकुम का जीजा है, अभी तक फरार है।परिजनों का आरोप है कि वेद प्रकाश टिकरिया पतापुर का निवासी है और किसी प्रभावशाली व्यक्ति के संरक्षण में खुलेआम घूम रहा है। परिवार ने कहा कि उन्होंने कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। और किसी प्रभावशाली व्यक्ति के संरक्षण में खुलेआम घूम रहा है।परिवार ने कहा कि उन्होंने कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उनका कहना है कि जब तक मुख्य आरोपी सलाखों के पीछे नहीं पहुंचता, तब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा।क्षेत्राधिकारी मनोज मिश्रा ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है और शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि न्याय हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन ने लोगों को शांत कराया।परिजनों ने चेतावनी दी है, कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन करेंगे।

# शहर के चार क्षेत्रों में सोलर बेस्ड आर.ओ. वाटर प्लांट्स का सदर विधायक ने किया लोकार्पण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के रतापुर, मलिकमऊ, गोरा बाजार और राजकीय कॉलोनी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए सोलर बेस्ड आर.ओ. वाटर प्लांट्स का लोकार्पण सदर विधायक अदिति सिंह ने किया। इन चारों क्षेत्रों में प्लांट्स का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रत्येक आर.ओ. प्लांट की लागत रू. 12,50,000 (बारह लाख पचास हजार रुपये) है। यह संयंत्र सौर ऊर्जा पर आधारित हैं, जिससे इनका संचालन पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की दृष्टि से कुशल रहेगा। इन संयंत्रों की स्थापना से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को अब स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल आसानी से मिल सकेगा।

लोकार्पण समारोह में विधायक अदिति सिंह ने कहा कि ''पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इन संयंत्रों के माध्यम से शहरवासियों को शुद्ध जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।'' इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## अस्पताल चौराहे से सगरा तिराहे तक जाम की समस्या, अतिक्रमण बना कारण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी कस्बे में अस्पताल चौराहे से सगरा तिराहा मार्ग पर लगने वाला रोज़ाना का जाम आमजन के लिए मुसीबत बन गया है। यह मार्ग नगर का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे सैकड़ों मरीज,स्कूली छात्र और व्यापारी प्रतिदिन गुजरते हैं। परंतु दुकानदारों और ठेलेवालों द्वारा किए गए अतिक्रमण से यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।स्थानीय अधिवक्ता राजेश मिश्र ने यह मुद्दा संपूर्ण समाधान दिवस में जोरशोर से उठाया। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों ओर दुकानदारों का सामान नाली की पटरी पार कर सड़क तक फैला हुआ है। जिससे वाहन चालकों के लिए मार्ग संकरा हो गया है। वहीं कुछ लोग अपनी गाड़ियां भी सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं,जिससे स्थिति और खराब हो जाती है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी आशीष सिंह ने पुलिस, नगर पंचायत और राजस्वविभाग की संयुक्त टीम गठित की है। एसडीएम ने कहा कि यह टीम जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी, जिससे कस्बे को अतिक्रमण मुक्त किया जा सकेगा। और नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। और अपेक्षा जताई है कि कार्रवाई शीघ्र और प्रभावी रूप से की जाए।

# नदी में डूबने से किशोर की मौत, गांव में शोक की लहर



**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल अमेठी**

थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे गोडियन संसारपुर गांव में13 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार लोकेश रविवार शाम को गांव के बाहर बकरियों को चराने गया था। इस दौरान वह नजदीकी नदी में नहाने लगा गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह पानी में डूब गया। लोकेश के साथी बकरियों को चराते रहे उन्हें पता नहीं चला कि लोकेश नदी में डूब गया है। काफी देर तक जब लोकेश वापस नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों को हताश व परेशान देख ग्रामीणों ने भी नदी के आसपास व गांव के अन्य जगहों पर लोकेश की तलाश की कोई पता नहीं चला। काफी देर ढूंढने के बाद परिजनों ने नदी में डूबने की शंका जताई बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से देर रात नदी से शव बरामद किया गया।

### होनहार बेटा था लोकेश

किशोर की मौत की खबर सुन गांव में शोक की लहर दौड़ गई पूरा गांव गमगीन पसारा सन्नाटा चारों तरफ सबकी आंखें नाम देखी जा रही थी सबकी जुबा से एक ही आवाज सुनाई दे रही थी बहुत होनहार लड़का था।परिजनों ने बताया बेटा रोज की तरह बकरियों को चराने गया था लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह कभी वापस नहीं आएगा।बेटा बहुत ही होनहार व मेहनती था उसकी मौत से सब कुछ खत्म हो गया है।

### स्थानीय प्रशासन मौके पर रहा मुस्तैद

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर मुस्तैद रहा बड़ी मशक्कत व छानबीन के बाद देर रात 9:00 बजे के आसपास ग्रामीणों व गोताखोरों के सहयोग से शव को नदी से बरामद किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि नदी के आसपास बकरियों को चराने गया था उसी बीच किशोर नदी में नहाने चला गया गहरे पानी में जाने से उसकी मौत की हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं अधिकारी : डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया




कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भूमि की सार्वजनिक नीलामी 17 व 19 को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार नन्द किशोर पुत्र स्व0 रामबली निवासी उमरपुर गोरूखुवा परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 17 जून 2025 को एवं मिथलेश कुमारी सिंह पत्नी गणेश सिंह निवासी कृष्णपुर ताला परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 19 जून 2025 समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# दिव्यांगजनों के चिन्हांकन/पंजीकरण शिविर का आयोजन 10 जून से प्रारम्भ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा संचालित योजनाओं यथा दिव्यांग पेंशन कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना, दुकान संचालन योजना, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, शल्य चिकित्सा एवं कॉक्लियर इम्प्लांट आदि के आवेदन हेतु दिव्यांगजनों के चिन्हांकन/पंजीकरण शिविर का आयोजन समस्त विकास खण्डों पर व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्धारित तिथियों में किया जा रहा हैं। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से कहा है निर्धारित तिथि को ब्लाक परिसर में पहुंचकर अपना चिन्हांकन कराये। निर्धारित तिथियों के अनुसार 10 जून



2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ में दिव्यांगजन के चिन्हांकन /पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार 12 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महराजगंज में, 13 जून को ब्लॉक सलोन में, 16 जून को सा0 स्वा0केन्द्र डीह में, 18 जून को सा0स्वा0केन्द्र छतोह में, 20 जून को सा0स्वा0केन्द्र हचन्दपुर में, 23 जून को सतांव में, 25 जून को ब्लॉक राही में, 27 जून को सा0स्वा0केन्द्र अमावां में, 30 जून को सा0स्वा0केन्द्र लालगंज में, 02 जुलाई को सा0स्वा0केन्द्र सरेनी में, 04 जुलाई को सा0स्वा0केन्द्र खीरों में, 07 जुलाई को ब्लॉक ऊँचाहार में, 09 जुलाई को सा0स्वा0केन्द्र जगतपुर में, 11 जुलाई को सा0 स्वा0केन्द्र रोहनियां में, 14 जुलाई को ब्लॉक डलमऊ में, 16 जुलाई को सा0स्वा0केन्द्र दीनशाह गौरा में, 18 जुलाई को सा0 स्वा0 केन्द्र बछरावां में दिव्यांगजनो के चिन्हांकन/पंजीकरण शिवर का आयोजन किया जायेगा।

# मनोज सोनकर के निधन से व्यापारी समाज की अपूर्णनीय क्षति : बग्गा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की एक आवश्यक बैठक विशम्भर मार्केट में सम्पन्न हुई। बैठक में व्यवसायी मनोज सोनकर के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया। स्व0 मनोज सोनकर व्यापारियों के सुख-दुःख में सदैव कन्धे से कन्धा मिलाकर साथ चलते थे, उनके निधन से व्यापारी समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है। व्यापार मण्डल दुःख की इस घड़ी स्व0 सोनकर के परिवार के साथ है। मण्डल के जिलाध्यक्ष श्री बग्गा ने स्व0 मनोज सोनकर को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए कहा कि ''आया है सो जाएगा, राजा रंक फकीर, एक सिंहासन चढ़ि चला, एक बांधे जंजीर'' मनोज सोनकर के रूप में व्यापारियों ने अपना एक मजबूत स्तम्भ खो दिया। अपने कार्य एवं व्यवहार के कारण मनोज सोनकर मिश्रा व्यापारियों एवं आम जनमानस के दिलों में सदैव अमर रहेंगे।

प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि ''न जन्म कुछ, न मृत्यु कुछ बस जरा सी बात है, किसी की आंख खुल गई, किसी को नींद आ गयी'' मनोज सोनकर व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए विख्यात थे। गरीब युवक-युवतियों की शादी कराने के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर भागीदारी करते थे। मनोज सोनकर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये, मनोज सोनकर की कमी हमेशा खलेगी।

श्रद्धाँजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, सुशील मौर्या, पवन अग्रहरि, बन्नाराम अठवानी, शत्रुघ्न पटेल, प्रदीप पटेल, मो0 शाकिब कुरैशी, राजेश मौर्या आदि लोग रहे।

### खतरा बन सकते हैं सड़कों पर घूम रहे 55 हजार आवारा श्वान

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** आप अपने घर से बाहर निकल रहे हैं तो थोड़ा सतर्क हो जाइए। शहर और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों और गलियों में घूम रहे करीब 55 हजार आवारा श्वान खतरे का सबब बन सकते हैं। इनमें से ज्यादातर का रेबीज का सामूहिक टीकाकरण नहीं हो सका है। ऐसे में यदि ये किसी पर हमलावर होकर काट लें तो जनस्वास्थ्य खतरे में पड़ सकता है। ऐसा नगर निगम की अनदेखी के चलते हो रहा है। रेबीज सौ फीसदी रोकी जा सकने वाली लेकिन घातक बीमारी है। यह मानव जीवन के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। खासतौर पर उन इलाकों में जहां, आवारा श्वानों की संख्या अधिक है।

## हरियाली व पर्यावरण को नष्ट कर रहे वन माफिया : हरचदंपुर में सैकड़ों हरे-भरे पेड़ काटे गए, वन विभाग कार्रवाई में नाकाम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के हरचंदपुर विकासखंड क्षेत्र में वन माफिया सक्रिय हो गए हैं। ढोढरी, ठोकरी, दाऊदपुर, चौहानिया, लाल मंच का पुरवा, पडेरा और अजमतउल्लाहगंज समेत कई क्षेत्रों में सैकड़ों हरे-भरे और प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई महज कुछ दिनों में की गई और लगातार हरे भरे पेड़ों की कटाई जारी है।

यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब एक दिन पहले ही विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। अधिकारियों ने कहा था कि पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए।

स्थानीय निवासी कमल, दिनेश, शिव सिंह, राजू और कमलेश ने इस अवैध कटाई की पुष्टि की है। पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन का प्रभाव बेमौसम बारिश और तापमान के 50-55 डिग्री तक पहुंचने में देखा जा सकता है।

इस मामले में रेंजर अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वे जांच करवा रहे हैं। हालांकि, वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई में वन विभाग के कुछ उच्च अधिकारियों की भी मिलीभगत है। अब देखना होगा हरियाली और पर्यावरण को नष्ट होने से बचने के लिए किस प्रकार का वन विभाग कदम उठाता है।

### भेलाई कला तिलोई में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# समर कैंप से बच्चों में रचनात्मक विकास : धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । तिलोई-अमेठी**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समर कैंप बच्चों के लिए रचनात्मक और सृजनात्मक विकास का सशक्त माध्यम बन रही है। महानिदेशक कंचन वर्मा के आदेश और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशन में अमेठी जनपद के समस्त कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप का समापन 10 जून को होगा।

इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई अमेठी में 9 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नासिर हुसैन, उपाध्यक्ष मानवाधिकार परिवार, अयोध्या रहे। जबकि अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन-अर्चन से हुआ। संचालन शिक्षिका शशि कुमारी सिंह ने किया।



विशिष्ट अतिथियों में एआरपी विनोद कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।समर कैंप के संचालक सुचित्रा सती और दिनेश कुमार वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कैम्प की गतिविधियों में बच्चों को योगाभ्यास सुचित्रा सती द्वारा, लूडो और कैरम बोर्ड खेल दिनेश कुमार द्वारा खिलवाए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देवांशी चौरसिया, मुस्कान, अहम समेत दर्जनों बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नृत्य कविता पाठ और एकांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। सुचारु और सफल समर कैंप संचालन हेतु सुचित्रा सती और दिनेश वर्मा की सराहना की गई। एआरपी विनोद कुमार सिंह ने बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारियां दीं और विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि परियोजना कार्यालय द्वारा मांगी गई रिकॉर्डिंग और फोटोज़ से विद्यालय की उत्कृष्टता प्रमाणित होती है। मुख्य अतिथि नासिर हुसैन ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए संचालन टीम की तारीफ की और बच्चों को बिस्कुट व टॉफी वितरित की। कार्यक्रम में दर्जनों माताएं, बहनें, अभिभावक की उपस्थित होने से आयोजन और भी जीवंत हो उठा। यह समर कैंप न केवल बच्चों के लिए ज्ञान का भंडार बना, बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को भी नई उड़ान देने वाला मंच सिद्ध हुआ।

▸ शेष पेज 10 पर...


# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 10 जून, 2025




# दबंग युवक ने नाबालिग किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

■ माता-पिता द्वारा थाने में शिकायत किए जाने के बाद दबंग युवक के साथियों ने परिवार के साथ की मारपीट, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दबंग युवक ने पहले तो किशोरी के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया। माता-पिता को किशोरी द्वारा आप बीती बताए जाने के बाद, माता-पिता ने आरोपी दबंग युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दबंग युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दबंग युवक के गिरफ्तार होने के बाद उसके परिजनों और साथियों ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके परिवार वालों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें पीड़िता के परिवार वाले गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को पुलिस ने हैलेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। पीड़िता के परिजनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक दबंग युवक शिवा पुत्र श्री किशन उर्फ किन्ना ने गांव की ही रहने वाली एक किशोरी के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी हरकत को अंजाम दे दिया। दबंग युवक ने इस घिनौनी हरकत को उस वक्त अंजाम दिया जब किशोरी के परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। किशोरी घर पर अकेली थी इसी बात का फायदा उठाकर दबंग युवक शिवा किशोरी के घर में जबरन घुस आया और दबंगई के बल पर उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह किशोरी को डरा धमका कर यह कहकर वहां से चला गया कि यदि किशोरी ने इस घटना के बारे में अपने परिवार वालों से शिकायत की तो वह किसी को भी जिंदा नहीं छोड़ेगा। माता-पिता के शादी समारोह से वापस लौट के बाद किशोरी ने आपबीती माता-पिता को बताई। इसके बाद माता-पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ नवाबगंज थाने में प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद आरोपी के परिजन और उसके मित्र आकर्षित हो गए। और दूसरे दिन शाम 4~30 बजे पीड़िता के घर पर हथियार बंद होकर हमला बोल दिया। पीड़िता के परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। घटना में पीड़िता के परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस को सूचना मिलते ही मारपीट करने आए आरोपी फरार हो गए। इसके बाद नवाबगंज पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना पर पहुंची पुलिस ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आशीष वी छोटू पुत्र श्री किशन एवं आजाद पुत्र रामबाबू निवासी भोपाल पुरवा, अनीश पुत्र दिनेश निवासी मक्का पुरवा के अलावा 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद से नवाबगंज पुलिस आरोपियों की तलाश में जुड़ गई है। खबर लिखे जाने तक मामले में मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया था।

# माता-पिता के साथ सफर कर रहा बेटा ट्रेन से गिरा, मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

औरैया से पनकी में शादी समारोह में माता-पिता के साथ शामिल होने आ रहा किशोर रविवार शाम ट्रेन से नीचे गिर गया।

उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यात्रियों ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी तो चीख-पुकार मच गई।

किसी तरह परिजन स्टेशन पर उतरे और पुलिस को सूचना दी। औरैया के थाना फफूंद के ग्राम दीदारपुर निवासी गोविंद सिंह का बेटा आकाश (17) हाईस्कूल का छात्र था।

पिता के अनुसार रविवार को पनकी में स्थित एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह पत्नी और बेटे के साथ ट्रेन से कानपुर आ रहे थे। मैथा और सुनवरसा के बीच पहुंचे ही थे कि बेटा ट्रेन के गेट के आसपास चला गया। संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। वहां खड़े अन्य यात्रियों ने दंपती को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आकाश के दो छोटे भाई विकास और अरुण है। जीआरपी कानपुर सेंट्रल ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# पीएम मोदी ने शिवान्या को भेजी चिट्ठी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अपने मन के भावों को जिस तरह आपने कैनवास पर उतारा है, उसे देखकर मैं अभिभूत हूं।... अपनी पेंटिंग के जरिये आपने एक सशक्त और बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत की है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप जैसे युवा साथी इस संकल्प की सिद्धि में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहर निवासी सातवीं की छात्रा शिवान्या तिवारी को भेजी गई चिट्ठी में लिखी हैं। सोमवार को चिट्ठी छात्रा के घर पहुंची।

सीएसए में 30 मई को हुई जनसभा के दौरान पंडाल में मौजूद शिवान्या ने ऑपरेशन सिंदूर पर बनाई गई अपनी पेंटिंग मंच पर मौजूद पीएम मोदी को दिखाई थी। उन्होंने अपने संबोधन के शुरुआत में ही छात्रा के प्रयास की सराहना की थी और एसपीजी को निर्देश देकर इस छात्रा के साथ एक अन्य बालिका की पेंटिंग अपने पास मंगवाई थी। उन्होंने कहा था कि वह उन्हें चिट्ठी लिखेंगे। प्रधानमंत्री ने यह वादा पूरा करते हुए शिवान्या को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने आगे लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे देश की सेनाओं के पराक्रम ने प्रत्येक देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। आतंकवाद के खिलाफ यह ऑपरेशन साहस, स्वाभिमान और संकल्प से भरे एक नए भारत का संदेश है। चित्रकला मन के भावों को व्यक्त करने का एक प्रभावी माध्यम है, जो हमारी कल्पनाओं को मूर्त रूप देती है। शिवान्या के अनुसार उसने पेंटिंग में ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई, भारत मां और प्रधानमंत्री की आक्रामक मुद्रा को दर्शाया था। प्रधानमंत्री व सेना को धन्यवाद संदेश देने के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भी दर्शाया था।

# देश की समृद्धि के लिए स्वदेशी अपनाएं : संघ प्रमुख मोहन भागवत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि और अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए भी हम सभी को स्वदेशी का उपयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। ऐसा करने से देश का पैसा देश के काम आएगा। वह सोमवार को नवाबगंज स्थित पं. दीनदयाल सनातन धर्म विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और विकास में सेना और सरकार के साथ-साथ वहां के समाज की भी बड़ी भूमिका होती है। हम जहां, जिस स्थिति में हैं, वहां से देश हित के लिए क्या कर सकते हैं, इस पर सभी को विचार करना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों को अपनाना भी देश हित में किया गया प्रमुख कार्य है। अपने जीवन में स्वदेशी का संकल्प लेने के साथ ही इसे अपने परिवार, मोहल्ले, शहर, प्रदेश से होते हुए पूरे देश में स्थापित करने का प्रयास होना चाहिए।

संघ प्रमुख ने कहा कि हमें प्रत्येक क्षण देश हित के लिए चिंतन करना चाहिए। अपने दैनिक जीवन में राष्ट्र भक्ति का भाव ही हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगा, तभी देश की सर्वांगीण उन्नति संभव होगी। सरसंघचालक ने शिक्षार्थियों से उनके व्यक्तिगत जीवन पर भी चर्चा की। पूछा कि यदि विद्यार्थी हैं तो कितनी देर तक अध्ययन करते हैं। व्यवसायी हैं तो व्यवसाय की कार्यावधि क्या रहती है।

भागवत ने कहा संघ का कार्यकर्ता प्रत्येक कार्य साधक के रूप में करता है।

ऐसे में वह जो भी व्यवसाय करे, उस क्षेत्र का आदर्श व्यवसायी कहलाए। विद्यार्थी, आदर्श विद्यार्थी बने, जो दूसरों के लिए प्रेरणा का केंद्र हो। इसके बाद संघ प्रमुख अपने दो दिवसीय महानगर प्रवास के बाद सोमवार की देर शाम तेजस एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना हो गए।

# पति से विवाद के बाद हेड कांस्टेबल की पत्नी ने फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल की पत्नी ने कल्याणपुर स्थित घर में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना से पहले दोनों के बीच ननद की गोदभराई के कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर विवाद हुआ था। कार्यक्रम में हंगामे के बाद पत्नी कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब बच्चों ने कमरे में झांककर देखा तो शव फंदे में लटक रहा था।

बैरीखेड़ा इलाके के रहने वाले नरेंद्र सिंह ट्रैफिक लाइन में हेड मोहर्रिर हैं। उन्होंने 2012 में फर्रुखाबाद के खुदागंज निवासी सीता देवी (32)से शादी की थी। नरेंद्र के पिता जगदीश सिंह ने बताया कि रविवार को उनकी बेटी अर्चन की गोदभराई का कार्यक्रम था। घर पर रिश्तेदार आए हुए थे। आरोप है कि देर शाम कार्यक्रम के दौरान बहू सीता ननद के कार्यक्रम में नरेंद्र के शामिल होने को लेकर आक्रोशित हो गई। परिजनों ने काफी समझाया लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। कार्यक्रम में सभी के सामने बहू ने जमकर हंगामा किया।

नरेंद्र ने हंगामा कर रही पत्नी का वीडियो बनाया और समझाने का प्रयास किया। इसके बाद वह कमरे में गई और अंदर से लोहे का दरवाजा बंद कर लिया। जगदीश के अनुसार कुछ देर बाद मामला शांत हुआ तो नरेंद्र के बच्चों अनुष्का, यश और आयुष ने खिड़की से झांककर देखा तो सीता का शव साड़ी के सहारे फंदे से लटकता दिखा।

वहीं, मायके पक्ष ने भी ससुरालीजनों पर आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी।

कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के अनुसार तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चिड़ियाघर में आपस में लड़े लड़कबग्घे, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का संक्रमण थम गया है, लेकिन वन्यजीव हिंसक हो रहे हैं। सोमवार को ऐसा नजारा चिड़ियाघर में देखने को मिला। आपस में लड़ने से एक लकड़बग्घे की मौत हो गई। सुबह अधिकारियों को इसकी जानकारी हो सकी। हालांकि बर्ड फ्लू संक्रमण के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। शव को इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में जला दिया गया है।

बर्ड फ्लू संक्रमण के चलते बीते 25 दिन से चिड़ियाघर बंद है। यहां सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सारस बाड़े के बगल में लकड़बग्घा बाड़ा बना है। इसमे नर और मादा चार लकड़बग्घे रखे गए थे। सोमवार सुबह कीपर सफाई करने पहुंचा तो एक लकड़बग्घे का शव बाड़े के बाहर परिसर में पड़ा मिला। कीपर ने इसकी जानकारी अफसरों को दी। मृत लकड़बग्घे के शरीर के ऊपर की खाल गायब थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि एक दो दिन पहले यह आपस में लड़े हैं।

मौत के बाद मांस को खाया गया और शव को खींचकर बाड़े के बाहर डाल दिया गया। संक्रमण के चलते लकड़बग्घे के शव का सैंपल लेकर जांच के लिए बरेली भेजा गया है, जिससे उसकी मौत की स्थिति का पता चल सके। आपस में लड़ने से एक लकड़बग्घे की मौत हुई है। संक्रमण को देखते हुए उसके शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। शव का सैंपल लेकर जांच के लिए बरेली भेज दिया गया है।

# सूने घर से चोरों ने पार किया 10.50 लाख का माल




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चकेरी थानाक्षेत्र में चोरों ने रविवार देर रात एक सूने घर को निशाना बनाकर अलमारी का ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। घटना के वक्त परिजन बाहर गए हुए थे। सफीपुर प्रथम हरजिंदरनगर निवासी सुमन निषाद के अनुसार रविवार की रात चोरों ने अलमारी से 50 हजार की नकदी और 10 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिए। चोरी गए सामान में एक हार, झाले, नथनी, गले की चेन, अंगूठियां, मांग टीका, पायल और अन्य माल शामिल है। कमरों में बिखरा सामान देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला के अनुसार महिला ने तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मालरोड निवासी डॉ. बीके सिंह ने बताया कि वह जाजमऊ स्थित गैंजेस वर्ल्ड स्कूल के सचिव हैं। बताया कि शुक्रवार को स्कूल परिसर में रात में मंगला विहार निवासी मो. आसिफ ने खिड़की का शीशा तोड़कर सीसीटीवी कैमरे की दिशा को घुमाया। इसके बाद ऑफिस में रखे 80 हजार नकद चोरी कर लिए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सीएसए में तैयार होगी चंदन वाटिका, संवारा जाएगा ऐतिहासिक तालाब

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अब चंदन वाटिका तैयार होगी। विवि के कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने 51 पौधों को लगाकर वाटिका स्थापना की शुरुआत की है। सीएसए के ऐतिहासिक तालाब का भी विकास कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि कुलाधिपति के निर्देश पर ही तालाब का सुंदरीकरण किया गया है। एक गैर सरकारी संस्थान के सहयोग से तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग) कार्यक्रम श्रृंखला के तहत यह पहल की गई है। परिसर में स्थित 100 वर्ष पुराने तालाब का सौंदर्यीकरण और चंदन वाटिका के निर्माण कार्य की देखरेख की जिम्मेदारी अधिष्ठाता वानिकी प्रो. कौशल कुमार को दी गई है। इस अवसर पर उद्यान विज्ञान के अधिष्ठाता डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. विजय यादव, डॉ. सरवेंद्र गुप्ता, प्रो. सर्वेश कुमार, प्रो. रामजी गुप्ता, डॉ. विनीता, डॉ. रश्मि, डॉ. अर्चना समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# विक्रमशिला और गया स्पेशल ट्रेन के एसी फेल, यात्रियों ने किया हंगामा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भीषण गर्मी में ट्रेनों के एसी भी दगा देने लगे हैं। रविवार को विक्रमशिला और गया स्पेशल ट्रेन के एसी फेल हो गए। विक्रमशिला का कोच थ्री का एसी अलीगढ़ के पास फेल हो गया। इससे यह भट्ठी बन गया। इस कोच के यात्री गर्मी में 250 किलोमीटर दूर कानपुर तक आने में उबल गए। ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर लोगों ने हंगामा किया, तब मरम्मत की गई।

आनंद विहार से भागलपुर जाने वाली 12368 के बी-2 कोच के एसी ने अलीगढ़ स्टेशन से निकलने के बाद काम करना बंद कर दिया। इस वजह से यात्रियों को कानपुर तक बिना एसी के ही सफर करना पड़ा। रास्ते भर बंद एसी कोच में यात्री पसीना-पसीना होकर उबल गए। ट्रेन में सफर कर रहे इंजीनियर रोहित आनंद ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर रेल मंत्री को ट्वीट कर शिकायत की है कि दो घंटे बिना एसी के सफर करना पड़ा। इसके अलावा कई और यात्रियों ने भी पोस्ट किया। यह ट्रेन शाम 06~25 बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचती है, लेकिन रविवार को 07~05 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही बी-2 कोच में सवार यात्री नीचे उतर आए और हंगामा करने लगे। रेलवे की इलेक्ट्रिक टीम ने मरम्मत की। इससे करीब 20 मिनट तक ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही। मरम्मत के बाद कूलिंग शुरू होने पर यात्री शांत हुए और ट्रेन रवाना की गई। इसी तरह, शशि सिंह ने भी एक्स पर शिकायत की है कि पत्नी और मां 03698 आनंद विहार-गया ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन से गया जा रही थीं।

वह बी-1 कोच में थीं। यह ट्रेन पहले से ही करीब साढ़े चार घंटे लेट थी। प्रारंभिक स्टेशन आनंद विहार से रवाना होते ही यह करीब 90 किमी ही चली, कोच के एसी ने काम करना बंद कर दिया। कानपुर तक कोच में सवार यात्रियों ने भीषण गर्मी में सफर किया। गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचने पर रेलवे कर्मियों ने इसकी मरम्मत की। इसके बाद यह रवाना की गई। यह ट्रेन भी पंद्रह मिनट खड़ी रही।

## बंद घर में मिला होटल कर्मी का तीन दिन पुराना शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में रविवार देर शाम बंद पड़े घर में एक होटलकर्मी का शव पड़ा मिला। कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौसेरे भाई की मौजूदगी में पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो शव बेड पर पड़ा मिला। फॉरेंसिक टीम ने कमरे में साक्ष्य जुटाए।

# दीनू के भाई और सहयोगी की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




पिंटू सेंगर हत्याकांड में जेल में बंद अधिवक्ता दीनू उपाध्याय के भाई संजय उपाध्याय और सहयोगी नीरज दूबे की तलाश तेज हो गई है। सोमवार को एसीपी कर्नलगंज के साथ सर्किल की फोर्स ने दोनों के घरों में दबिश दी। करीब एक घंटे तक उनकी तलाश की गई। घरवालों को चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द आरोपियों ने सरेंडर नहीं हुआ तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

कमिश्नरी पुलिस ने दीनू उपाध्याय के खिलाफ 14 रिपोर्ट दर्ज की हैं, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, गाली गलौज, जमीन पर कब्जे, रंगदारी मांगने, धमकी देने की धाराएं लगी हैं। एफआईआर में से कुछ में दीनू उपाध्याय के बड़े भाई संजय उपाध्याय और नीरज दुबे का नाम भी शामिल है। यह विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। एफआईआर होते ही दोनों फरार हैं। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया कर्नलगंज, नवाबगंज और ग्वालटोली थाने का फोर्स लेकर आरोपियों के घर पहुंचे। एक साथ इतने अधिक संख्या में पुलिसकर्मियों को देखकर क्षेत्र के लोग आश्चर्यचकित हुए। फोर्स सबसे पहले परमट क्षेत्र में स्थित नीरज दुबे के घर गया। यहां उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। यहां से एसीपी के नेतृत्व में फोर्स ने नवाबगंज में दीनू उपाध्याय के घर में छापा मारा। दोनों ही आरोपियों के न मिलने पर घरवालों को अल्टीमेटम दिया।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि संजय उपाध्याय और नीरज दुबे के घर में छिपे होने की सूचना आई थी, जिस पर फोर्स ने छापेमारी की।

दोनों ही आरोपियों को जल्द से जल्द सरेंडर करने के लिए कहा गया है। पुलिस की कई टीमें उनकी तलाश कर रही हैं।

# जेके कैंसर में बनेगा नया भवन, तीन नए विभाग भी खुलेंगे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में तीन नए विभाग खुलने के मद्देनजर संस्थान का दायरा बढ़ाया जा रहा है। ओपीडी के बगल बने पार्क में नया भवन बनेगा। इससे नए विभाग खुलने में आसानी रहेगी। इंस्टीट्यूट प्रबंधन ने नए एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के लिए 14 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। साथ ही विशेषज्ञों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग को संसाधन युक्त करने के लिए लीनियर एक्सीलेटर के लिए शासन को रिमाइंडर भेजा गया है। इससे रोगियों की सेंकाई में आसानी होगी। कानपुर मंडल समेत आसपास के 18 जिलों के कैंसर रोगियों को संपूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में कार्य शुरू हो गया है। पहली बार शासन ने तीन नए विभाग खोलने का आदेश जारी किया। साथ ही रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग को अपडेट किया जा रहा है। इन सभी विभागों के लिए पद भी सृजित कर दिए गए हैं। अब चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जरूरत को देखते हुए प्रबंधन नए एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा है। यह ब्लॉक बनने से इंस्टीट्यूट के मुख्य भवन में जगह खाली हो जाएगी। इससे नए विभागों की व्यवस्था संचालन में आसानी होगी।

जेके कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं प्रोफेसर डॉ. एसएन प्रसाद ने बताया कि नए ब्लॉक के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। नए विभागों को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। नए विभागों के सृजित पदों पर विशेषज्ञों की भर्ती की तैयारी है। साथ ही रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में नए अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर के लिए रिमाइंडर भेजा गया है। इसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि जैसे ही विशेषज्ञ ज्वाइन करने लगेंगे, नए विभागों का कार्य शुरू हो जाएगा। संसाधन भी बढ़ेंगे तो कैंसर रोगियों को गुणवत्तापरक पूर्ण उपचार मिलेगा।

### ये विभाग खुलने हैं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

इसमें कैंसर सर्जरी के ही विशेषज्ञ डॉक्टर रहेंगे। इससे रोगियों की सटीक और बेहतर सर्जरी होगी। इस विभाग में डॉक्टर, नर्स आदि मिलाकर कुल स्टाफ 64 लोगों का होगा।

### एनेस्थेसिया विभाग

एनेस्थेसिया विभाग के खुलने से अधिक संख्या में ऑपरेशन होंगे। पेन क्लीनिक खुलेगा। रोगियों को दर्द से निजात दिलाएं, इंटेंसिव केयर मिलेगी। कुल स्टाफ 64 लोगों का है।

### पैथोलॉजी

कैंसर रोगियों की हर तरह की पैथोलॉजिकल जांचें होंगी। बायोप्सी से लेकर अत्याधुनिक विशेषज्ञता वाली जांचें भी होने लगेंगी। जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कुल स्टाफ 64 लोगों का है।


### रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग अपडेट होगा

विभिन्न कैंसर के रोगियों को सबसे अधिक जरूरत सेंकाई की होती। इसके खुलने से अधिक संख्या में रोगियों को लाभ मिलेगा। विशेषज्ञता वाली सेंकाई होगी। कुल स्टाफ 128 लोगों का है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हिन्दू साम्राज्य दिवस
## भारत के स्वराज्य की हुंकार

**आज भी हम हिन्दू साम्राज्य को याद करते हैं, उसका कारण है कि वह सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक है। प्रसिद्ध इतिहासकार जदुनाथ सरकार लिखते हैं कि शिवाजी के राजनीतिक आदर्श ऐसे थे जिन्हें हम आज भी बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार कर सकते हैं। उनका उद्देश्य था अपने प्रजा को शांति देना, सभी जातियों और धर्मों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना, एक कल्याणकारी, सक्रिय और निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना, व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नौसेना का विकास करना और मातृभूमि की रक्षा के लिए एक प्रशिक्षित सेना तैयार करना।**

*छत्रपति शिवाजी महाराज भारत की स्वतंत्रता के महान नायक हैं, जिन्होंने 'स्वराज्य' के लिए संगठित होना, लड़ना और जीतना सिखाया। मुगलों के लंबे शासन और अत्याचारों के कारण भारत का मूल समाज आत्मदैन्य की स्थिति में चला गया था। विशाल भारत के किसी न किसी भू-भाग पर मुगलों के शोषणकारी शासन से मुक्ति के लिए संघर्ष तो चल रहा था लेकिन उन संघर्षों से बहुत उम्मीद नहीं थी। भारत के वीर सपूत अपने प्राणों की बाजी तो लगा रहे थे लेकिन समाज को जागृत और संगठित करने का काम नहीं कर पा रहे थे। जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने समाज के भीतर विश्वास जगाया कि हम मुगलों के शासन को जड़ से उखाड़ कर फेंक सकते हैं, यदि सब एकजुट हो जाएं। यही कारण है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के देवलोक गमन के बाद भी 'हिन्दवी स्वराज्य' का विचार पल्लवित, पुष्पित और विस्तारित होता रहा। 'हिन्दू साम्राज्य दिवस' या 'श्रीशिव राज्याभिषेक दिवस' भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है। इस घटना ने दुनिया को बताया कि भारत के भाग्य विधाता मुगल नहीं हैं। भारत का हिन्दू समाज ही भारत का भाग्य विधाता है। भारत में हिन्दुओं का राज्य है। उनके शासन का नाम है- 'हिन्दवी स्वराज्य।' विक्रम संवत 1731, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को स्वराज्य के प्रणेता एवं महान हिन्दू राजा श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नयी दिशा मिली। दासता के घोर अंधकार में स्वराज्य की एक चमकदार रोशनी था- हिन्दवी स्वराज्य। हिन्दू साम्राज्य दिवस को हम भारत के स्वराज्य की हुंकार भी कह सकते हैं, जब हिन्दुओं ने आत्मविश्वास से सीना ठोंककर मुगलों को ललकारा और कहा कि भारत में एक बार फिर स्वराज्य की स्थापना हो गई है, जिसमें सबका कल्याण है। अनेक इतिहासकार एवं विद्वान कहते हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना न की होती, तो भारत का इतिहास कुछ और होता। यह अतिशयोक्तिपूर्ण विचार नहीं है। अपितु भारत के पड़ोसी देशों एवं दूर-दराज के उन देशों की स्थिति को देखकर सहज कल्पना की जा सकती हैं, जहां मूल समाज की अपेक्षा बाहरी आक्रांताओं का शासन स्थायी हो गया। ऐसे देशों में वहां के मूल समाज की संस्कृति लगभग समाप्त हो गई है। हम कल्पना ही कर सकते हैं कि जिस प्रकार के अत्याचार मुगल शासक भारत में कर रहे थे, उसके बाद हिन्दू समाज किस स्थिति को प्राप्त होता। प्रसिद्ध मराठा इतिहासकार जीएस सरदेसाई ने लिखा है कि मुस्लिम शासन के अधीन पूर्ण अंधकार छाया हुआ था। न कोई पूछताछ होती थी, न न्याय मिलता था। अधिकारी जो चाहें, वही करते थे। स्त्रियों के सम्मान का हनन, हत्याएं, हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन, उनके मंदिरों का विध्वंस, गायों का वध ऐसे घिनौने अत्याचार उस शासन में आम बात थे। निजामशाही ने तो खुलेआम जीजाबाई के पिता, उनके भाइयों और पुत्रों की हत्या कर दी थी। फलटन के बजाजी निंबालकर को जबरन मुसलमान बनाया गया। ऐसे अनगिनत उदाहरण दिए जा सकते हैं। हिंदू सम्मानजनक जीवन नहीं जी सकते थे। यही बातें थीं, जिन्होंने शिवाजी के भीतर धर्मसम्मत क्रोध जगा दिया। विद्रोह की प्रबल भावना ने उनके मन को पूरी तरह घेर लिया। उन्होंने तुरंत कार्य आरंभ कर दिया। उन्होंने मन ही मन सोचा, जिसके हाथ में शस्त्र की शक्ति है, उसे कोई भय नहीं होता, कोई कठिनाई नहीं आती।*

### एक्सप्रेस आलेख

**मोदी के शासन काल में भारत ने ग्लोबल साउथ की अवधारणा को मजबूत करते हुए अफ्रीकी देशों से नए सिरे से संबंध बढ़ाए। रूस और यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी रोक-टोक के बावजूद भारत रूस से सस्ती दरों पर पेट्रोलियम तेल खरीदने में सफल रहा। उत्तर पूर्वी राज्यों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिशें इसी दौर में तेजी से बढ़ीं। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है।**


# मोदी सरकार की उपलब्धियों के ग्यारह साल



उमेश चतुर्वेदी

**करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्रनिर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसे संस्थान बनाए गए। मोदी के कार्यकाल में ही देश की खोई धरोहरों की वापसी का अभियान तेज हुआ।**

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में ग्यारह रूपए की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं। नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबा कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है। अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों। जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा। मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकार में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरूआत हुई, तब वे



**भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।**

आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र का कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। इससे पहले बीते एक दशक में अत्यधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे लोगों की दर 2011-12 में जहां 27.1 प्रतिशत रही, वह घट कर 5.3 फीसद रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां है। देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है। जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। इसी दौरान उत्तराखंड में चारधाम राजमार्ग परियोजना, हेमकुंड साहिब रोपवे और बौद्ध सर्किट विकास जैसी योजनाएं शुरू हुईं। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्रनिर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसे संस्थान बनाए गए। मोदी के कार्यकाल में ही देश की खोई धरोहरों की वापसी का अभियान तेज हुआ। 2013 से पहले विदेशों में चोरी से गई सिर्फ 13 प्राचीन वस्तुओं की ही वापसी हुई थी, जबकि 2014 के बाद से अब तक 642 प्राचीन वस्तुएं भारत लौटाई गई हैं, जिनमें से अकेले अमेरिका से 578 कलाकृतियां लौटी हैं।आयुर्वेद और योग की वैश्विक मान्यता भी मोदी सरकार की ही उपलब्धि कही जाएगी। मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 11:34 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 17:52 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सिद्ध, 13:34 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:53 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 15:33-17:13 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:46-12:40 |

## जन एक्सप्रेस

### है अंदर ये रार !

*कौन बनेगा दूल्हा ?*
*है अंदर ये रार ।।*
*अंदरखाने लगता है ।*
*हैं सब खबरदार ।।*
*आई बात निकल कर ।*
*किसको ये सौगात ?*
*शुरू हुआ है मंथन ।*
*सब लगे दिन रात ।।*
*वर्तमान में लेकिन ।*
*है बदला व्यवहार ।।*
*धीरे धीरे बैठकें भी ।*
*हैं लेनी आकार ।।*
*रुठना मनाना भी ।*
*चले शायद खेल ।।*
*आ रहा शिगूफा ।*
*खा रहा सब मेल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# महिलाओं के लिए वरदान है शिलाजीत

**शिलाजीत** को आयुर्वेद में बहुत ही स्वास्थ्यवर्धक और आयुर्वेदिक औषधि माना गया है। हजारों वर्षों से आयुर्वेदाचार्य शिलाजीत का इस्तेमाल पुरुषों के यौन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कर रहे हैं। लेकिन आजकल यह चर्चा का विषय बन रहा है कि क्या शिलाजीत महिलाओं के यौन स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है? इस लेख में हम इसी विषय पर चर्चा करेंगे।

**शिलाजीत क्या है:** डॉ. चंचल शर्मा का कहना है कि शिलाजीत एक काली-भूरी रंग की गाढ़ी राल जैसा प्राकृतिक पदार्थ है। गाढ़े भूरे रंग का दिखने वाला यह पदार्थ पहाड़ी चट्टानों से निकाला जाता है। आयुर्वेद में शिलाजीत का प्रयोग पिछले कई सदियों से शक्तिवर्धक औषधि के रूप में होता आ रहा है। शिलाजीत का इस्तेमाल सिर्फ सेक्स पावर को बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है।

**क्या शिलाजीत महिलाओं के लिए फायदेमंद है:** डॉ. चंचल शर्मा के अनुसार, पारंपरिक रूप में शिलाजीत को पुरुषों के स्वास्थ्य के जोड़कर देखा जाता है। लेकिन आधुनिक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि शिलाजीत महिलाओं की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

**हार्मोनल संतुलन:** शिलाजीत का



सेवन पिट्यूटरी ग्रंथि और हार्मोन गतिविधियों पर पॉजिटिव असर डालता है। महिलाएं शिलाजीत का सेवन करें, तो इससे एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन जैसे प्रमुख हार्मोन संतुलित रहते हैं। हार्मोन संतुलन होने से महिलाओं का पीरियड सर्कल नियमित होता है। इससे बांझपन, गर्भधारण की परेशानी नहीं होती है।

**यौन इच्छा बढ़ाता है:** शिलाजीत में मौजूद फुलविक एसिड और खनिज शरीर की कोशिकाओं में ऊर्जा पहुंचाते हैं। यह महिलाओं में थकान और तनाव को कम करता है, जिससे उनकी यौन इच्छा में तेजी आती है।

**शारीरिक एनर्जी बढ़ाए:** महिलाएं जब शारीरिक और मानसिक तौर पर जब थकान महसूस करती हैं, तो इससे उनके हार्मोन प्रभावित होते हैं। इस स्थिति में शिलाजीत का सेवन करने से शरीर को एनर्जी मिलती है। शिलाजीत खाने से तनाव भी कम होता है।

**ओवुलेशन और गर्भधारण में आसानी:** डॉ. चंचल शर्मा का कहना है कि आयुर्वेदिक ग्रंथों में शिलाजीत को गर्भ वर्धक और बीज सुधारक माना गया है। महिलाएं शिलाजीत का सेवन करें, तो ये ओवरीज के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। इससे ओवुलेशन और गर्भधारण की संभावना में सुधार हो सकता है।

**शुगर को करें नियंत्रित:** शरीर में ब्लड ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में भी शिलाजीत फायदेमंद होता है। शिलाजीत खाने से महिलाओं के शरीर का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। इससे डायबिटीज का खतरा कम करने में मदद मिलती है। शिलाजीत में मौजूद फुलविक एसिड शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाता है, जो महिलाओं की यौन क्षमता को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। ये महिलाओं की यौन क्षमता को बढ़ाता है।

**क्या शिलाजीत महिलाओं की यौन क्षमता में सुधार लाता है:** स्त्री रोग विशेषज्ञ का कहना है कि शिलाजीत महिलाओं के शरीर में एडेप्टोजेनिक औषधि की तरह काम करता है। महिलाएं नियमित तौर पर शिलाजीत खाएं, तो इससे मूड स्थिर रहता है, नींद में सुधार करता है और मानसिक ऊर्जा को बढ़ाता है। शिलाजीत में मौजूद फुलविक एसिड शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बताते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# नेत्रदान : आपका अंतिम उपहार, किसी की पहली रोशनी



प्रो. आर के जैन

**कई लोग यह मानते हैं कि नेत्रदान से मृत्यु के बाद आत्मा को शांति नहीं मिलती। लेकिन यह एक भ्रांति है। सभी प्रमुख धर्म, जैसे हिंदू, इस्लाम, ईसाई, और सिख, मानवता की सेवा को सर्वोच्च मानते हैं। नेत्रदान को धार्मिक ग्रंथों में भी एक महान कार्य के रूप में देखा जाता है।**

**आधुनिक तकनीक ने नेत्रदान को और भी सरल और प्रभावी बनाया है। डिजिटल रजिस्ट्रेशन, 24×7 हेल्पलाइन, और मोबाइल ऐप्स ने लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने में मदद की है। भारत सरकार का एनपीसीबी×वीआई प्रोग्राम भी नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय है। फिर भी, सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाएँ अभी भी इस पुण्य कार्य में रुकावट बन रही हैं।**

**जब** जीवन की अंतिम साँसें गिनती शुरू होती हैं, तब भी किसी और के जीवन में उजाला भरने का संकल्प लेना इंसान को साधारण से असाधारण बना देता है। नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो न केवल हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करता है, बल्कि किसी अंधेरी दुनिया में रोशनी की किरण बनकर किसी और का जीवन संवार देता है। विश्व नेत्रदान दिवस, जो हर साल 10 जून को मनाया जाता है, हमें यह अवसर देता है कि हम अपनी आँखों से केवल अपनी दुनिया को ही नहीं, बल्कि किसी और की दुनिया को भी रंगों से भर दें। यह एक ऐसा मौका है, जो हमें याद दिलाता है कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा किसी को देखने की शक्ति देना है। भारत में नेत्रहीनता एक गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं, और इनमें से करीब 20 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि प्रदान की जा सकती है। नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट के आँकड़ों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष केवल 50,000 से 60,000 नेत्रदान होते हैं, जबकि आवश्यकता 1 लाख से अधिक कॉर्निया की है। इस कमी का प्रमुख कारण है जागरूकता की कमी, सामाजिक मिथक, और नेत्रदान की प्रक्रिया के प्रति भय। कई लोग यह मानते हैं कि नेत्रदान से मृत शरीर की शक्ल बिगड़ जाती है या यह धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। लेकिन सच्चाई यह है कि नेत्रदान एक सरल, सुरक्षित और मानवीय प्रक्रिया है, जो किसी की भी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का उल्लंघन नहीं करती। नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जो कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है। मृत्यु के 6 से 8 घंटों के भीतर कॉर्निया निकाल लिया जाता है, जो आँख का वह पारदर्शी हिस्सा है, जो प्रकाश को केंद्रित करता है। यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म होती है कि मृत व्यक्ति के चेहरे की सामान्य पहचान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। राष्ट्रीय नेत्र बैंक और अन्य प्रमाणित संस्थानों ने इस प्रक्रिया को और भी विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से, नेत्रदान के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। एक नवजात शिशु से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्ग तक, कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। यहाँ तक कि चश्मा पहनने वाले, मधुमेह या उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग भी नेत्रदान के लिए पात्र हैं, बशर्ते उनकी कॉर्निया स्वस्थ हो। कैंसर, एचआईवी, या कुछ संक्रामक रोगों को छोड़कर, अधिकांश लोग इस पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकते हैं। नेत्रदान की प्रक्रिया को समझना भी आवश्यक है। जब कोई व्यक्ति नेत्रदान का संकल्प लेता है, तो उसका पंजीकरण निकटतम नेत्र बैंक में किया जाता है। मृत्यु के बाद, परिवार के सदस्यों को तुरंत नेत्र बैंक को सूचित करना होता है। विशेषज्ञों की टीम कॉर्निया को सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से निकालती है। इसके बाद, कॉर्निया को नेत्र प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त मरीजों तक पहुँचाया जाता है। भारत में कई नेत्र बैंक, जैसे दिल्ली का डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर फॉर ऑफ्थैल्मिक साइंसेज और चेन्नई का शंकर नेत्रालय, इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। ये संस्थान न केवल नेत्रदान को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि दान की गई कॉर्निया जरूरतमंद तक समय पर पहुँचे। नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में नेत्रदान पर कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। धार्मिक नेताओं को आगे आकर मिथकों को तोड़ना चाहिए, क्योंकि कोई भी धर्म मानवता की सेवा के खिलाफ नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया भी इस मुहिम को गति दे सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज ने नेत्रदान को बढ़ावा देने का प्रयास किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। फिर भी, हमें स्थानीय स्तर पर, गाँवों और कस्बों में, इस संदेश को पहुँचाने की आवश्यकता है। पंचायतें, सामुदायिक केंद्र, और स्थानीय चिकित्सा संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कल्पना कीजिए कि आपके दान किए गए नेत्रों से कोई बच्चा पहली बार अपनी माँ का चेहरा देखता है। कोई छात्र अपनी किताबों के अक्षरों को पढ़ पाता है। कोई माता-पिता अपने बच्चों के साथ फिर से रंगों की दुनिया में लौट आता है। यह कितना बड़ा उपहार है, जो हम मृत्यु के बाद भी दे सकते हैं। नेत्रदान केवल आँखें दान करना नहीं है; यह किसी की जिंदगी में रोशनी, उम्मीद और खुशी लाने का माध्यम है। एक कॉर्निया दो लोगों की जिंदगी बदल सकती है, क्योंकि इसे दो भागों में बाँटकर दो मरीजों में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

# समाधान दिवस में डीएम का सख्त संदेश
## शिकायत दोहराई तो जिम्मेदार अफसर पर होगी कार्रवाई

■ समय से न पहुंचने वाले अधिकारियों को फटकार, तेरहवीं संस्कार पर खतौनी देने की नई व्यवस्था शुरू

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की मौजूदगी में कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से पांच का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि 22 शिकायतें अन्य तहसीलों से संबंधित पाई गईं।

### मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायतों पर अब उच्चस्तरीय जांच

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने चेताया कि यदि कोई शिकायत दोहराई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### देर से पहुंचे अफसरों पर जताई नाराजगी

समाधान दिवस में कई अधिकारी तय समय पर नहीं पहुंचे, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जनहित के इस कार्यक्रम में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि कार्यों को टालने की बजाय समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता दें।

### समन्वय की कमी पर जताई चिंता

जिलाधिकारी ने विभागों के बीच समन्वय की कमी को गंभीर बताते हुए कहा कि बिना समन्वय के जनहित कार्य प्रभावी नहीं हो सकते। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि वे विभागीय संवाद को प्राथमिकता दें।

### तेरहवीं संस्कार पर खतौनी सौंपने की शुरुआत

ग्राम मथुडांडी के मृतक मुंशी सिंह व कुंवर बहादुर के परिजनों को मौके पर ही खतौनी सौंपी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि किसी परिवार में विवाद न हो तो तेरहवीं के दिन घर जाकर खतौनी सौंपी जाए। उन्होंने इसे प्रशासन और जनमानस के बीच भरोसे का सेतु बताया। जिले की वर्तमान साक्षरता दर मात्र 63त्न पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने फस्कूल चलो अभियानफ को सभी विभागों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग, पंचायतीराज, मनरेगा सहित अन्य अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कार्य योजना मांगी।

कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक वन्यजीव भरत कुमार वीके, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार अर्चो गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची के साथ परिवार के ही एक किशोर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के बताने पर उसकी मां ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी तीन दिन पहले बच्चों के साथ खेल रही थी। उनके साथ बच्ची के परिवार के ही ताऊ का 11 वर्षीय किशोर भी खेल रहा था। खेलने के दौरान किशोर तीन साल की बच्ची को एकांत में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घबराई किशोरी रोती हुई घर पहुंची। उसने अपनी मां को किशोर की हरकत के बारे में बताया। बच्ची की बात सुनकर सभी दंग रह गए। मां ने जब किशोर के परिजनों से शिकायत को तो वह धमकाने लगे। इस पर महिला बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंची और मामले से संबंधित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना के बाद भारी पुलिस फोर्स गांव पहुंच गया। पुलिस किशोर को अपने साथ कोतवाली लाई और पूछताछ की। बच्ची की मां की ओर से पुलिस ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# खेत में सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने बनाया शिकार, अधखाया शव मिलने से सनसनी

■ मेवातपुर गांव में रविवार रात हुई घटना, डीएम ने पहुंचकर परिजनों को दिया मदद का भरोसा, ग्रामीणों में दहशत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



न्यूरिया थाना क्षेत्र के मेवातपुर उर्फ शेरगंज गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में खेत में सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने मार डाला। सोमवार सुबह किसान का अधखाया शव बरामद होने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और दहशत का माहौल बन गया। वन विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बाघ ने वनकर्मियों पर भी झपटने का प्रयास किया।

### गन्ने के खेत में मिला अधखाया शव

गांव निवासी मुकेश उर्फ गुड्डू (35) माला रेंज क्षेत्र में स्थित अपने खेत में रविवार रात सिंचाई के लिए गया था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजन उसकी तलाश में निकले। सोमवार सुबह उसका शव गन्ने के खेत में मिला, जो अधखाया अवस्था में था। घटना स्थल की स्थिति देखकर साफ था कि हमलावर जंगली जानवर विशेष रूप से बाघ था।

### ग्रामीणों में आक्रोश, डीएम ने दिए मुआवजे के निर्देश

सूचना मिलते ही न्यूरिया थानाध्यक्ष सुभाष मावी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम और एसडीएम आशुतोष गुप्ता भी पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को स्वयं मौके पर पहुंचना पड़ा। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए तत्काल अनुमन्य मुआवजा दिलाने व जंगल से सटे गांवों में तार फेंसिंग के निर्देश दिए।

### बाघ की निगरानी के लिए लगेगा कैमरा



माला रेंज के रेंजर रोबिन सिंह ने बताया कि घटना बाघ के हमले में हुई है, इसकी पुष्टि हो चुकी है। क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है और बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खेतों में कैमरे लगाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की कि इस बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है – पूर्व में भी कई जानवरों के हमले हो चुके हैं, लेकिन वन विभाग अब तक सुरक्षा उपाय करने में विफल रहा है।

# धर्म, जनसेवा और नेतृत्व का त्रिवेणी संगम श्रीपरम अक्रियधाम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



श्रीपरमअक्रियधाम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं रहा–वह आस्था, संवाद और जनसेवा का साक्षात केंद्र बन गया। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर महाराज की प्रेरणास्पद उपस्थिति ने यह साक्ष्य प्रस्तुत किया कि जब धर्म और नेतृत्व का संगम होता है, तो वह केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं होता, बल्कि एक व्यापक सामाजिक संदेश लेकर आता है। विधायक महाराज का अलखेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सादगीपूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना करना, क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करना, और फिर आम श्रद्धालुओं के बीच बैठकर प्रसाद ग्रहण करना–ये दृश्य हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की उस मूल आत्मा को उजागर करते हैं, जहां जनप्रतिनिधि केवल सत्ता का चेहरा नहीं, सेवा का स्वरूप भी होता है। आज जब राजनीति में औपचारिकता और दिखावटीपन हावी होता जा रहा है, ऐसे में विधायक महाराज जैसे जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और आत्मीयता एक उम्मीद की किरण है। श्रीपरमअक्रियधाम में हुआ आयोजन एक उदाहरण है कि कैसे धार्मिक मंचों का उपयोग केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर, जनसंपर्क और सामाजिक समरसता के सशक्त माध्यम के रूप में किया जा सकता है। जनता से सीधे संवाद करना, उनके परिवारों की कुशलक्षेम पूछना, प्रसाद वितरण में भागीदारी निभाना–यह सब केवल औपचारिक कर्तव्य नहीं, बल्कि नेतृत्व की वह भावना है जो जनमानस के हृदय में स्थायी विश्वास की नींव रखती है। ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि जब कोई धार्मिक स्थल सामाजिक चेतना का केंद्र बनता है, तब वह समाज को जोड़ता है, संप्रेषणीयता और सेवा को गति देता है। श्रीपरमअक्रियधाम में हुआ यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि यदि जनप्रतिनिधि सच्चे मन से धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनें, तो वे न केवल श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हैं, बल्कि भविष्य के नेतृत्व के लिए भी एक मार्गदर्शन प्रस्तुत करते हैं। आज आवश्यकता है ऐसे आयोजनों की जो धर्म, राजनीति और समाज के बीच एक सकारात्मक संवाद का सेतु बन सकें। यह आयोजन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है–जहां प्रचार नहीं, परंपरा का आदर है; दिखावा नहीं, दिल से की गई सेवा है।

# मानव–वन्यजीव संघर्ष पर बाघ मित्रों की अहम बैठक, जागरूकता बढ़ाने पर जोर



■ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में हुई बैठक, डीएफओ ने बढ़ते संघर्ष पर जताई चिंता

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर सोमवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माला, महोफ और पीलीभीत रेंज के बाघ मित्रों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने की।

बैठक के दौरान डीएफओ मनीष सिंह ने क्षेत्र में हाल के दिनों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसके पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल की जानी चाहिए। उन्होंने बाघ मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करें और ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाएं। डीएफओ ने कहा, थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। हमें प्रत्येक जीवन की रक्षा करनी है। इसलिए हर स्तर पर सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है। इस मौके पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बाघ मित्रों की मदद से साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़ नाटक, गोष्ठियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, हर मनुष्य का जीवन अनमोल है, और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में बाघ मित्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और संघर्ष की रोकथाम के लिए सुझाव दिए। वन विभाग और सहयोगी संस्थाओं के बीच सामंजस्य बनाते हुए भविष्य में संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम करने के प्रयासों पर बल दिया गया।

# विधायक शशांक वर्मा व डीएम–एसपी खीरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

निघासन तहसील सभागार में सोमवार को विधायक शशांक वर्मा व ज़िला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं और उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।। जिसमें राजस्व विभाग 69 शिकायतें दर्ज की गई थी जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया हैं वहीं पुलिस विभाग 29 शिकायतें विकास विभाग 10 शिकायतें वन विभाग 2 शिकायतें पूर्ति विभाग 3 शिकायतें नगर पंचायत 2 शिकायतें जल विभाग 1 शिकायत विधुत विभाग 2 शिकायतें, बैंक से 2 शिकायतें उपनिबंधक 1 शिकायत जिला पंचायत राज से 1 शिकायत व बाल विभाग 1 शिकायत दर्ज की गई है

### घाघी नालें की सफाई को लेकर शिकायत

स्थानीय किसान बक्शीश सिंह के द्वारा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र देकर घाघी नालें की सफाई में अनियमिताओं को लेकर शिकायत की है आरोप लगाया गया हैं कि सिंचाई विभाग के अधिकारी मानक के अनुरूप से नालें की खुदाई नहीं कर रहे हैं,मानसून आने की कगार पर है, अभी नाले की सफाई बहुत ही धीमी गति से हो रहीं हैं जिसमें जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### जिला अधिकारी के निर्देश

जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें और उनकी रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए इस दौरान उप जिलाधिकारी राजीव निगम तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# डीएम ने विधायक संग किया बेलराया चीनी मिल का निरीक्षण, मरम्मत कार्य तेज करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



आगामी पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को विधायक शशांक वर्मा संग निघासन तहसील स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल बेलराया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ केमिस्ट राजेश त्रिपाठी और मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, सीसीओ त्रिलोकी सिंह, विक्रय प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा मौजूद रहे।डीएम ने मिल परिसर में चल रहे मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, मिल हाउस, पावर हाउस और अन्य प्रमुख इकाइयों का जायज़ा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पेराई सत्र समय पर शुरू हो, इसके लिए मरम्मत कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाए और इसके बाद 15 दिन का ट्रायल किया जाए। जर्जर उपकरणों को बदलने, स्क्रैप के निस्तारण और भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि गन्ना सर्वे कार्य नियत समय में पूरा किया जाए, जिसकी प्रगति वर्तमान में 60त्न है। डीएम ने ट्रांसपोर्टेशन टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली और श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए हेलमेट, बूट्स व ग्लव्स अनिवार्य किए जाएं।इसके अतिरिक्त डीएम ने किसानों के लिए कैंटीन को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम नंबर 09, 10 और अस्थायी गोदाम 12 का निरीक्षण कर चीनी भंडारण व रिकॉर्ड देखे। उन्होंने कहा कि सत्र की सुचारू शुरुआत के लिए समुचित तैयारी आवश्यक है, जिससे गन्ना पेराई में कोई बाधा न आए।

### 15 नवंबर से शुरू होगी चीनी मिल, 15 अक्टूबर तक मरम्मत कार्य हो पूर्ण- डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बेलराया चीनी मिल 15 नवंबर से हर हाल में शुरू होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने मरम्मत कार्य की अंतिम समय सीमा 15 अक्टूबर निर्धारित करते हुए कहा कि तय समयसीमा में सभी मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि इसके बाद मिल का ट्रायल सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग मिलकर तय समय में कार्यों को अंजाम दें, ताकि पेराई सत्र की शुरुआत बिना किसी बाधा के सुनिश्चित हो सके।

# आपसी मतभेद के कारण टूटते परिवारों को जोड़ने का कार्य कर रहा परिवार परामर्श केंद्र



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा एवं काउंसलरों के अथक प्रयास से टूटते 10 परिवारों को परामर्श के द्वारा पुनः दांपत्य-जीवन से जोड़ने का कार्य किया गया है। प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा ने बताया प्रत्येक माह में काउंसलरों के साथ बैठ कराके परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के आपसी मतभेद, घरेलू कलह से सम्बन्धित पारिवारिक शिकायतों में सुलह समझौते से परिवारों के विघटन को रोकने का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में आज पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता व कय्यूम ज़रवानी द्वारा 21 शिकायती प्रार्थना पत्रों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया, जिसमें 10 मामलों में पति-पत्नी साथ रहने के लिए होकर विदा होकर गए, 05 मामले न्यायालय में लंबित होने के कारण एवं 06 ऐसे प्रकरण जिसमें पति-पत्नी में अभी मतभेद था उन्हें सोचने समझने का समय देकर पुनः को परिवार परामर्श केंद्र में बुलाया गया है। सुलह समझौता करने में महिला आरक्षी मुद्रिका चौहान, निकिता राठौड़, मेहा सिंह का काफी सहयोग रहा है।

### पत्नी से अवैध संबंध में पति ने की थी मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या

जन एक्सप्रेस। हरदोई। पत्नी से अवैध संबंधों की जानकारी पर पति ने मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव नहर में फेंक दिया। बीते शुक्रवार से लापता मेडिकल स्टोर संचालक का शव शनिवार रात सुरसा थाना क्षेत्र में मझिला पुल के पास नहर में मिलने के बाद हुई जांच में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने हत्या कर शव फेंकने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस का मानना है कि हत्या में कोई और भी शामिल है। उसकी तलाश भी की जा रही है। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बांसी निवासी सचिन कुमार राजपूत (25) मेडिकल स्टोर चलाते थे। उसका मेडिकल स्टोर सांडी के चौधरियापुर के पास है। बीते शुक्रवार को वह मेडिकल स्टोर गए थे। दोपहर में यहीं से संदिग्ध हालात में लापता हो हो गए थे। परिजनों ने तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला। शनिवार देर शाम सांडी पुलिस को सूचना दी। इसी बीच शनिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे सुरसा थाना क्षेत्र के मझिला पुल के पास नहर में शव मिला। शव की पहचान कराने के लिए रात में ही सभी थानों को फोटो भेजी गई थी। यही फोटो देखकर सचिन के परिजन मौके पर पहुंचे और पहचान कर ली।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नदी में डूबे युवक का मिला शव

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के लालपुर गांव का 18 वर्षीय सरोज तीन दिन पहले गोनिया घाट पर नहाते समय नदी में डूब गया था। सोमवार सुबह उसका शव नदी किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ मिला।स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने तीन दिनों तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मौत का कारण डूबना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सटीक कारण पता चलेगा।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। गर्मी के मौसम में नदी में नहाने की घटनाएं बढ़ी हैं। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।साथ ही लाइफगार्ड की व्यवस्था करने को कहा है।

### ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट–400 केवीए के दो ट्रांसफार्मर में लगीं आग

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शहर के मोहल्ला हिदाटयत नगर चौराहे पर सोमवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। शाम 4:15 बजे ट्रांसफार्मर में ओवरहीटिंग के कारण विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद आग लग गई।आग ने पास के लकड़ी के खोखों को अपनी चपेट में ले लिया। एक ई–रिक्शा सवार महिला बिजली के तार की चपेट में आकर झुलस गई। चिकित्सकों के अनुसार महिला की स्थिति स्थिर है।कलेक्ट्रेट पावर हाउस के जूनियर इंजीनियर अमरदीप ने घटना की पुष्टि की। चौराहे पर 400–400 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर लगे थे। एक ट्रांसफार्मर में आग लगी और दूसरा भी क्षतिग्रस्त हो गया।फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। विभाग की टीम बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी है।

### 11 जून को खीरी आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़िताओं को त्वरित न्याय और महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 जून को जनपद लखीमपुर खीरी के दौरे पर रहेंगी। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य महिला जनसुनवाई, महिला वार्डों का निरीक्षण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना है, जिससे महिलाओं को न्याय और सहारा दोनों मिल सके।प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग सदस्य 11 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई करेगी, जिसमें महिलाओं से जुड़ी समस्याएं, शिकायतें व सुझाव सुनी जाएंगी। इसके बाद आयोग सदस्य महिला बंदी गृह का निरीक्षण करेंगी, जहां महिलाओं की स्थिति और सुविधाओं का जायज़ा लिया जाएगा।

# अहमदनगर गांव मे दो साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

■ चर्चाओ का बाजर रहा गर्म पुलिस के अनुसार बच्ची की चारपाई से गिरकर हुई मौत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर में एक दो वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बच्ची के शव का आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना पर पुलिस गांव गई, पर शव का पोस्टमार्टम कराना भी जरूरी नहीं समझा और मामला निपटा दिया गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमद नगर में आकाश पुत्र रामकिशोर की दो साल की पुत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव में चर्चा शुरू हो गई। तो आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया।
गांव में चर्चा है कि बच्चे खेल रहे थे कि खेल खेल में बच्चों ने नाली में मिट्टी भर दी। जिसे लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो आकाश तैस में आ गया और उसने अपनी ही बच्ची की पिटाई कर दी और पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीण बताते हैं कि शव को बिना कफ़न के ही दफन कर दिया गया।
इधर पुलिस अपनी ही कहानी बता रही है। पहले तो थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने घटना की जानकारी से ही इनकार कर दिया। फिर बता रहे हैं कि बच्ची की मौत चारपाई से गिरने से लगी चोट से हो गई। अगर चारपाई से बच्ची को चोट लगी तो उसे किस अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम में सब साफ हो जाता। पोस्टमार्टम भी नहीं कराया। यह सवाल गांव में चर्चा का विषय बने हैं।
सीओ गवेन्द्र पाल गौतम का कहना है कि गांव में कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो जाएगा। जब उन्हें बताया गया कि थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ही नहीं है तब वह चुप्पी साध गए।

# आयुष आपके द्वार के अंतर्गत कैप लगाकर दी गई दवाइयां

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

राज्य आयुष मिशन के अन्तर्गत गोला तहसील क्षेत्र के गांव सुहेला में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक जिला अधीक्षक हरबंश के आदेशानुसार कैप के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर निश्शुल्क दबाइयो का वितरण किया गया।इस अवसर पर सुहेला गांव मे लगे हुये कैप के दौरान जडौरा मे आयुर्वेदिक अस्पताल की डाक्टर निधि वर्मा व सुहेला के डाक्टर जितेंद्र वर्मा व वार्डब्याय अनंगपाल ने आये हुये लगभग पचास मरीजो को फ्री हेल्थ चेकअप कर लोगो को नि;शुलक दवाइयां दी। इसके पश्चात कैप मे मौजूद डाक्टरों की टीम ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है धूप बहुत तेजी के साथ हो रही है। और दिन मे लू के भी प्रकोप से बचने के लिये हो सके तो बाहर न निकले, क्यो कि तेज दूप मे अचानक तबियत खराब हो सकती है।

**Notification**

I have changed the name of my son from Ekansh Mishra to Aryan Mishra. From today onwards, my son should be known and recognized by the name Aryan Mishra instead of Ekansh Mishra.
- Puneet Mishra
**Resident:** Near Bada Mandir, Patel Nagar, Madhavganj, DaulatYarpur, Hardoi.

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम एकांश मिश्रा के स्थान पर आर्यन मिश्रा कर दिया है, आज से मेरे पुत्र को एकांश मिश्रा की जगह आर्यन मिश्रा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
– पुनीत मिश्रा
निवासी–पटेल नगर बड़ा मंदिर के पास, माधवगंज, दौलतयारपुर, हरदोई।

# कांग्रेस नेता के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत : पत्नी गंभीर, बेटा-बहन की भी मौत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर





गोरखपुर एवं मुल रूप से बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय का भतीजा शिवम पाण्डेय अपने परिवार समेत नैनीताल घूमने जा रहे थे। इसी बिच शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र के जमुका गांव के पास हाइवे किनारे मोरंग उतार रहे ट्रक में कार पीछे से टकरा गई।

मलांव निवासी शिवम पांडेय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वो अपने परिवार के साथ नौनीतार घूमने जा रहे थे। इसी बीच शाहजहांपुर में सड़क हादसे में शिवम, दो वर्ष का बेटा माधवन और बहन की मौत हो गई। जबकि पत्नी शालिनी पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कार में सवार अंगर और सिद्ध द्विवेदी भी सड़क हादसे में घायल हो गए हैं।

गोरखपुर एवं मुल रूप से बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय का भतीजा शिवम पाण्डेय अपने परिवार समेत नैनीताल घूमने जा रहे थे। इसी बिच शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र के जमुका गांव के पास हाइवे किनारे मोरंग उतार रहे ट्रक में कार पीछे से टकरा गई। कार में सवार गोरखपुर के खोराबार क्षेत्र के मालवीय नगर निवासी डॉ नीरज द्विवेदी की पत्नी श्वेता द्विवेदी व मलांव निवासी शिवम पाण्डेय व उनके दो वर्षीय बेटे माधवन की मृत्यु हो गई। जबकि कार में सवार अंगद यादव, शिवम की पत्नी शालिनी पाण्डेय व भांजी सिद्ध द्विवेदी घायल हो गए। इस हादसे में डाक्टर नीरज बाल बाल बच गए। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## सरकारी जमीन पर प्रधान प्रतिनिधि का कब्जा

देवरिया। चकरा गोसाई गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के कुछ लोगों पर अतिक्रमण करने की शिकायत जन सुनवाई पोर्टल पर की थी। शिकायत की जांच करने पहुंची राजस्व व चकबंदी विभाग की टीम ने खुद शिकायतकर्ता को ही दोषी पाया, जो पीडब्लूडी की जमीन पर कब्जा जमाए हुए हैं। पैमाइश के बाद उन्होंने जांच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इसकी जानकारी राजस्व टीम ने लोक निर्माण विभाग को देते हुए नोटिस देकर जमीन खाली कराने की बात कही। नायब तहसीलदार गोपालजी ने बताया कि मौके का सीमांकन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि का भी कब्जा है। इसकी रिपोर्ट भेज दी गई है।

## छोटे भाई और उसकी पत्नी को पीटा

देवरिया। मझवलिया नंबर एक में आपसी कहासुनी में बड़े भाई ने छोटे भाई और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। पीड़िता ने जेठ पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मझवलिया नंबर एक निवासी जैनब खान पत्नी अफजल खान पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे जेठानी से कहासुनी हो रही थी। इसी बीच जेठ आकर हमलावर हो गए और मारपीट कर घायल कर दिया।

## खेत से मिट्टी निकालने से मना करने पर युवक को कुचलने की कोशिश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कोतवाली के सुकरौली नगर पंचायत में एक युवक के खेत में शनिवार की रात बगैर पूछे खनन माफिया द्वारा अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था। खेत से मिट्टी खनन की जानकारी होते ही रोकने पहुंचे पर उसने डंपर से कुचलने का प्रयास किया।

किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। सुकरौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो रामजानकी नगर निवासी गंगा सागर शुक्ल के खेत में शनिवार की रात बगैर पूछे अवैध मिट्टी खनन माफिया द्वारा किया जा रहा था। जानकारी होने पर पहुंचे गंगा सागर ने पूछा कि बगैर पूछे क्यों खेत से मिट्टी निकाला जा रहा है। मिट्टी लदी डम्फर को रोकने का प्रयास किया तो डंपर चालक ने कुचलने का प्रयास किया और डंपर को लेकर भाग निकला। वहीं रात को ही घटना की जानकारी होते ही आस पास के लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित ने रविवार को हाटा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवैध मिट्टी खनन कर रहे खनन माफिया पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल रामसहाय चौहान ने बताया की तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही इस मामले में खनन कर रहे जेसीबी व डम्फर संचालक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## मानसून से पहले पूरा करें बाढ़ बचाव के कार्य

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** गोरखपुर बाढ़ खंड के अधिक्षण अभियंता ने रविवार को एपी बांध पर कराए जा रहे सात परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने और मानसून आने से पहले सभी बाढ़ बचाव पूरा करने के निर्देश दिए। सेवरही क्षेत्र मे नरवाजोत से अहिरौलीदान तक लगभग साढ़े सत्रह किलोमीटर की लम्बाई गंडक नदी बहती है। बचाव कार्यों का रविवार को गोरखपुर बाढ़ खंड के अधिक्षण अभियंता जेपी सिंह और सेवरही बाढ़ खंड तृतीय के एसडीओ दीपरतन सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी में बढ़ते जलस्तर की भी जानकारी ली। बचाव कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और मानसून सत्र में गंडक नदी से तटबंधों पर होने वाले संभावित खतरे के बारे मे जानकारी ली।

## बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर मां को पीटा, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

पोखभिंडा गांव में एक बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिल कर अपनी मां को मारापीटा। मो ने अपने बेटे और बहू के खिलाफ हाटा थाने में केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि बेटा एसएसबी में जवान है और जमीनी विवाद में उसने इस घटना को अंजाम दिया है। पोखरभिंडा गांव की रहने वाली गुलाबी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका बड़ा बेटा अखिलेश उससे अलग रहता है और उनके हिस्से की जमीन को भी कब्जा करना चाहता है। शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ जमीन का कब्जा कर रहा था तो वह उसे रोकने गई। जिस पर नाराज होकर अखिलेश और उसकी पत्नी सबिता ने लाठी डंडे से उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने गुलाबी देवी की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में कोतवाल राम सहाय चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# टू-लेन होंगी जिले की पांच सड़कें, खर्च होंगे 86 करोड़, फर्राटा भरेंगे वाहन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

घुघली को जोड़ने वाली बगहीधाम कुटी और नेबुआ नौरंगिया मार्ग से जुड़ी पथलेश्वर मंदिर की सड़क का चौड़ीकरण होगा। इस पर तीस करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा खड्डा क्षेत्र की तीन और सड़कों का चौड़ीकरण होगा। इसी महीने में बगही कुटी को जोड़ने वाली सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा।

इस सड़क की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यह सड़क महराजगंज जिले के घुघली जाने वाली सड़क से जुड़ेगी। इससे लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। इसके अलावा कुछ और सड़कों का शासन स्तर पर प्रस्ताव लंबित है। हरी झंडी मिलते ही इन सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। जिले के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए शासन की ओर से प्रयास किया जा रहा है। बगहीधाम पर जाने वाली करीब सात किमी सड़क संकरी है। इसके चलते आम लोगों के अलावा श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह सड़क महराजगंज जिले को जाने वाली सड़क को भी जोड़ती है। इसलिए इस पर वाहनों का दबाव भी अधिक रहता है।

शासन की ओर से इस सड़क के निर्माण के लिए हरी झंडी दे दिया गया और पीडब्ल्यूडी की ओर से टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। इसके चौड़ीकरण पर करीब 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा छितौनी नगर पंचायत के पथलेश्वर धाम मंदिर को जोड़ने वाली सड़क भी चौड़ी होगी। 18 करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे।

शासन की ओर से इस सड़क के निर्माण के लिए हरी झंडी दे दिया गया और पीडब्ल्यूडी की ओर से टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। इसके चौड़ीकरण पर करीब 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा छितौनी नगर पंचायत के पथलेश्वर धाम मंदिर को जोड़ने वाली सड़क भी चौड़ी होगी। 18 करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे।

इस सड़क की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। इसके अलावा पगरा-टेकुआटार 20 किमी लागत 24 करोड़ से चौड़ीकरण एवं पिच निर्माण होगा, लक्ष्मीगंज-पकड़ीहार 18 किमी लागत 20 करोड़ चौड़ीकरण पिच निर्माण, कंठी छपरा-बालकुडिया आठ किमी सड़क का 12 करोड़ से चौड़ीकरण और पिच निर्माण होना है। इसके निर्माण के लिए शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिल गई है। टेंडर की प्रक्रिया पूरा होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। इन सड़कों पर करीब 68 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे 50 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा।

## बलिया के जूस दुकानदार की बाइक भागलपुर पुल पर मिली

जन एक्सप्रेस। देवरिया

बलिया जिले में जूस बेचने वाला युवक रविवार की सुबह घर से निकला। कुछ घंटे बाद उसकी बाइक, मोबाइल भागलपुर पुल पर मिली। राहगीरों ने इसकी सूचना भागलपुर पुलिस चौकी पर दी। पुलिस ने बाइक और मोबाइल कब्जे में लेकर उसके परिवार वालों सूचना देकर कर छानबीन में जुट गई है। बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के मालीपुर गौंवापार निवासी संजय गुप्ता के अनुसार, 22 वर्षीय बेटा विशाल गुप्ता मालीपुर चौराहे पर जूस की दुकान चलाता है। रविवार की सुबह बिना कुछ बताए घर से निकला। कुछ घंटों बाद उसने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया कि उसकी बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र की एक लड़की से बातचीत होती थी। वह किसी दूसरे के साथ घर से अक्सर लापता हो जाती है।

# मां के साथ ननिहाल आई थी मासूम...लापता, तालाब में डूबने की आशंका- टीमें तलाश में जुटी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर





पुलिस ने खोजी कुत्ते की मदद से खोजबीन की तो वह तालाब के किनारे जाकर रुक जा रहा था। मासूम की चप्पल तालाब के किनारे मिली। ग्रामीण तालाब में डूबने की आशंका जताने लगे। रविवार की सुबह पुलिस एसडीआरएफ की टीम तालाब को खंगालने में जुट गई। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी। पिपराइच कस्बे में अपने मां-पिता के साथ घूमने ननिहाल आई मासूम लापता हो गई। शनिवार की देर शाम अचानक घर से खेलते-खेलते बाहर निकली और लापता हो गई। परिजनों ने पहले आस-पास के घरों में मासूम की खोजबीन की। पूछताछ करने के बाद भी मासूम के नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद मासूम की तलाश में पुलिस के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी लग गई हैं। अपने माता-पिता के साथ पिपराइच कस्बे में अपने ननिहाल आई तीन वर्षीय मासूम नित्या पुत्री जोगिंदर शनिवार की शाम से लापता है। खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस की मदद ली। पुलिस ने खोजी कुत्ते की मदद से खोजबीन की तो वह तालाब के किनारे जाकर रुक जा रहा था। मासूम की चप्पल तालाब के किनारे मिली। ग्रामीण तालाब में डूबने की आशंका जताने लगे। रविवार की सुबह पुलिस एसडीआरएफ की टीम तालाब को खंगालने में जुट गई। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी। अनहोनी की आशंका में मासूम के परिजन सहमे हुए है।

# गर्मी में बढ़ रहा शुगर का लेवल, मरीज परेशान

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



उमस और गर्मी में डायबिटीज के मरीजों में शुगर का लेवल बढ़ रहा है। पानी की कमी, तनाव और गर्मी की वजह से शरीर का कामकाज प्रभावित होता है। थकावट व सुस्ती की समस्या से लोग ग्रसित हो रहे हैं। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और पर्याप्त मात्रा में लिक्विड लेने से इससे बचा जा सकता है। मेडिकल कॉलेज में शुगर बढ़ने की समस्या को लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। रोजाना करीब 40 से 50 मरीज आ रहे हैं। डॉक्टर परीक्षण व जांच के बाद दवा दे रहे हैं। साथ ही सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है और डाइड भी एडवाइज की जा रही है। तापमान बढ़ रहा है, जिससे गर्मी बढ़ी है। इससे हर कोई परेशान है। इसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। डायबिटीज के मरीजों को शुगर का लेवल बढ़ रहा है, जिससे उन्हें दिक्कत होती है। उमस और गर्मी की वजह से शरीर से अधिक पसीना निकलता है। इससे एजर्ली लास होती है और पानी की कमी हो जाती है। इससे डायबिटीज के मरीजों के ब्लड में ग्लूकोज का स्तर अधिक केंद्रित हो जाता है और ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। ब्लड में पर्याप्त पानी की मात्रा न होने से ब्लड गाढ़ा हो जाता है, जिससे मरीज अचानक बेहोश हो सकता है और लगवा ग्रस्त भी हो सकता है। गर्मी से तनाव भी बढ़ सकता है। इससे शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो खून में शुगर को बढ़ाता है, जबकि गर्मी के कारण ब्लड नलियां फैल जाती हैं।

## पत्नी की देखभाल करने आई युवती से यौन शोषण का आरोप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

गर्भवती की देखभाल करने सीतापुर से आई युवती का यौन शोषण करने का आरोप गर्भवती के पति पर लगा है। युवती का आरोप है कि जब वह विरोध करती थी तो शादी करने का झांसा देता था। अब शादी करने से इन्कार कर रहा है। उसने इस बाबत थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने खुखुंदू क्षेत्र में आर्केस्ट्रा में काम करने वाली युवती से शादी की है। जब वह गर्भवती हुई तो उसने देखभाल के लिए दूसरी जगह पर आर्केस्ट्रा में काम करने वाली युवती को अपने पास बुला लिया।

युवती गर्भवती की देखभाल भी करती थी और आर्केस्ट्रा में प्रोग्राम भी करती थी।

# मानबेला राप्तीनगर विस्तार के नागरिकों ने उपखंड पर किया हंगामा, बिजली निगम पर लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मानबेला के लोगों ने सोमवार को उपखंड राप्तीनगर पर प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों पहले किसी संस्था द्वारा या विभागीय मिलीभगत से आवास में जबरन, बहला - फुसला कर दूसरा मीटर लगा दिया गया। सोसाइटी के लगभग 1500 लोगों के घरों में इन मीटरों का लगाया जा चुका है। उनका आरोप है कि अचानक मीटर के तेज चलने की वजह से अधिक बिजली बिल और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना मानबेला राप्तीनगर विस्तार के आवासों में बिजली निगम की तरफ से रिचार्ज वाला मीटर लगाया गया था। इस मीटर से सभी लोगों को राहत थी। लेकिन, बीच में इस मीटर को हटाकर इसकी जगह दूसरा मीटर लगा दिया गया।

इस मीटर के लगने के बाद अब बिजली का बिल अचानक से बढ़ गया। ये बिजली निगम और बाहरी संस्था की तरफ से मिलीभगत कर किया गया है। ये आरोप लगाते हुए मानबेला के लोगों ने उपखंड राप्तीनगर में सोमवार को प्रदर्शन किया।

लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों पहले किसी संस्था द्वारा या विभागीय मिलीभगत से आवास में जबरन, बहला - फुसला कर दूसरा मीटर लगा दिया गया। सोसाइटी के लगभग 1500 लोगों के घरों में इन मीटरों का लगाया जा चुका है। उनका आरोप है कि अचानक मीटर के तेज चलने की वजह से अधिक बिजली बिल और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना था कि किसी तरह छोटा-मोटा धंधा व्यापार कर सभी अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

ऐसे में अगर ऐसे मनमाने तरीके से बिजली बिल आएगा तो लोगों को उसके भुगतान करने में काफी परेशानी होगी। लोगों का कहना था कि जनहित को देखते हुए फिर से उन सभी आवासों में पुराना वाला मीटर ही लगवाया जाए।

इसके लिए बिजली निगम चाहे तो कैंप लगाकर भी उनकी समस्या का समाधान कर सकता है। प्रदर्शन करने में मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रेमपाती विश्वकर्मा, सन्तोष राजभर, रितेश सिंह, पप्पू जायसवाल, भीम कन्नौजिया, अमित श्रीवास्तव, रेनू पाण्डेय, कल्पना चौधरी, सुदर्शन सिंह, मुनिदेव राजभर, वसी अहमद, जैनुदीन, अजय शर्मा, आदित्य कुंडू, अजय कुमार, संगीता सिंह, निशु जायसवाल, नीलम श्रीवास्तव, विवेक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# निजामपुर में दो ट्रांसफॉर्मरों में विस्फोट, 9 घंटे बाद बदला गया- 17 घंटे गुल रही बिजली

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

रविवार सुबह तेज रफ्तार डंपर एक जानवर के अचानक आगे आने पर अनियंत्रित होकर पोल से टकराते हुए ट्रांसफॉर्मर में जा घुसा। हादसे से तेज आवाज के साथ ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। सोमवार को भी ट्रांसफार्मर मरम्मत का कार्य कराया गया। इस दौरान रुक रुक कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

बक्शीपुर उपकेंद्र क्षेत्र के निजामपुर चौक पर रविवार तड़के 4.30 बजे चौराहे पर लगे 630 केवीए व 400 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर धू-धूकर जल उठे। इससे लगभग 700 घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुबह एक अनियंत्रित डंपर पोल और फिर ट्रांसफॉर्मर से टकरा गया। हादसे में डंपर सवार तो सुरक्षित बच गया, लेकिन टक्कर से ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट के साथ आग लग गई।

सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे तक आग को काबू किया। पूरे दिन ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने व नया तार लगाने का काम रास्ते को बाधित कर चलता रहा।

रात 9.20 मिनट पर आपूर्ति बहाल हो सकी। वहीं, भीषण गर्मी में पूरे दिन लोग बिजली-पानी के लिए तरस गए।

जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह तेज रफ्तार डंपर एक जानवर के अचानक आगे आने पर अनियंत्रित होकर पोल से टकराते हुए ट्रांसफॉर्मर में जा घुसा। हादसे से तेज आवाज के साथ ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और फिर दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी गई। इसी बीच अवर अभियंता बक्शीपुर संदीप कुमार भी टीम के साथ पहुंच गए।

आग बुझाने के लिए पहले ही इलाके की बिजली को काट दी गई थी। इसी दौरान पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को काबू करना शुरू कर दिया। सुबह दस बजे पूरी तरह से काबू पाया जा सका। इस दौरान सात सौ घरों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही।

दो पोल तिरछे हो जाने की वजह से आवागमन भी प्रभावित रहा। बाद में बिजली कर्मचारियों ने पोल को सीधा कराया। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए दो ट्रांसफॉर्मर रविवार शाम मंगाए गए। इसे लगाकर बिजली आपूर्ति रात में बहाल कराई गई।

## प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

प्रेमिका के घर रात में मिलने गए प्रेमी को परिवार वालों ने पकड़ कर पिटाई कर दी। उसे छुड़ाने गए अन्य दो युवकों को भी परिवार ने दबोच लिया। इसके बाद तीनों को पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शनिवार की रात में गांव के दूसरे मजरे में प्रेमिका के घर मिलने गया। खटपट की आवाज होने पर छत पर सो रहे युवती के पिता जब नीचे आए तो युवक को पकड़ लिया। परिवार के लोगों ने युवक की धुनाई करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर युवक को बचाने अन्य दो युवक पहुंच गए। उन्हें भी दबोच लिया गया। परिवार वालों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी।

# प्रेमिका से मिलने ससुराल पहुंच गया प्रेमी, पकड़ा गया- मुंह काला कर घुमाया

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



एक विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक के हाथ बंधे हुए दिख रहें हैं और एक व्यक्ति उसके मुंह पर कालिख पोतता नजर आ रहा है। वहीं, विवाहित प्रेमिका उसके साथ ही जानें की जिद्दि पर अड़ी है। प्रेमी को प्रेमिका के ससुराल वालों ने पकड़ कर प्रेमिका के मायके में सूचना दे दी है।

कुशीनग के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी के बाद ससुराल में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिवारों के लोगों पकड़ कर कुर्सी में बांध मुंह मे कालीख पोतने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

जनपद के तुर्क पट्टी थाने के एक युवती की शादी बीते 4 जून को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई हैं।

शादी के बाद उसकी विदाई हो गई और वो अपने ससुराल आ गयी। उसके गांव के ही एक लड़के से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसका प्रेमी उससे मिलने के लिए रविवार की रात को गांव के कुछ लड़कों के साथ विवाहिता के ससुराल पहुंच गया। भनक लगते ही परिवार के लोग उसे पकड़ कर कुर्सी में बांध दिया। साथ गए युवक अंधेरे का फायदा उठा मौका देख भाग निकले। युवक के मुंह पर कालिख पोता गया, जिसका एक विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक के हाथ बंधे हुए दिख रहें हैं और एक व्यक्ति उसके मुंह पर कालिख पोतता नजर आ रहा है। वहीं, विवाहित प्रेमिका उसके साथ ही जानें की जिद्दि पर अड़ी है। ससुराल के लोग विवाहिता के मायके में सूचना भिजवा उनके पहुंचने का इंतजार कर रहे है। प्रेमी को घर पर ही रोकें रखें हैं। इस सम्बंध में एसएचओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि दो परिवारों का आपसी मामला है, पुलिस को किसी ने शिकायत नहीं दी है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

जल शक्ति मंत्री ने कटान रोधी कार्य का किया निरीक्षण

# समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी फ्लड फाइटिंग एवं कटान रोधी कार्य को पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

सोमवार को प्रदेश सरकार में जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जनपद के भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यूपीटी में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंन विकासखंड श्रीदत्तगंज में राप्ती नदी के दाएं तट पर ग्राम चंदापुर में में काटन रोधी कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विस्तारपूर्वक परक्यूपाइन एवं बोल्डर कार्य का जायजा लिया। उन्होंने साइट पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाए जाने एवं सभी कार्य बारिश से पूर्व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा, डीएम पवन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रवि



मिश्र, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका उतरौला, सिंचाई एवं बाढ़ खंड के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सौम्य दत्त एवं निश्चय सागर महाराज का मंगल प्रवेश

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

परम पूज्य मुनि श्री सौम्य दत्त सागर एवं मुनिश्री निश्चय सागर जी महाराज महाराज का श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर छीपीटोला में भाव मंगल प्रवेश हुआ। सर्वप्रथम मुनिश्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सदर बाजार से विहार करते हुए शहजादी मंडी मैहर सिनेमा बालूगंज कीर्ति स्तंभ होते हुए छीपीटोला पहुंचे, जहां भक्तों द्वारा जगह-जगह मुनिश्री की आरती की और पाद पक्षलन किये। मुनि श्री के पाद प्रचलन के लिए जैन भवन में रैंप बनाकर 108 थालों पर भक्तों ने पाद प्रक्षालन किये तत्पश्चात भक्तों ने मुनि श्री की भव्य आरती की। तत्पश्चात मुनि श्री की सभा का मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन हुए मुनिश्री ने कहा भगवान भक्त के वश में नहीं है, भगवान भक्त की भक्ति के वश में हैं। मंगल प्रवेश में उपस्थित श्रद्धालु अध्यक्ष मनोज कुमार जैन बल्लौ मुरारी लाल जैन अक्षय जैन संजीव जैन राजीव जैन प्रताप जैन विजय जैन दीपक जैन हेमंत जैन एवं नमोस्तु शासन और एनसीसी ग्रुप के सभी मेंबर आदि उपस्थित रहे।

# सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम और एसपी ने शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इसके साथ ही बाकी शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो, यह राजस्व अधिकारी व कर्मी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

तहसील तुलसीपुर एवं तहसील बलरामपुर में भी आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों/ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों द्वारा सुना गया एवं निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जाट योद्धा महाराजा सूरजमल...जिन्होंने मुगलों से आगरा किला कराया था मुक्त

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जाट योद्धा महाराजा सूरजमल ने मुगलों की सत्ता को चुनौती दी। आगरा किला मुगलों से मुक्त कराया। उसी किले के द्वार पर अब उनका शौर्य गूंजेगा।

भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल ने जिस आगरा किला को 264 साल पहले जीता था। जहां 13 साल जाट समुदाय ने शासन किया। किले को मुगलों से मुक्त कराया। उसी किला के द्वार पर अब सूरजमल का शौर्य गूंजेगा। किला जीतने की याद में 12 जून को रामलीला मैदान में विजय दिवस समारोह होना है।

विजय दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को आमंत्रित किया गया है। रविवार को तैयारियों के बारे में प्रगतिशील जाट महासभा और छावनी क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने प्रेसवार्ता की।

डॉ. धर्मेश ने बताया कि एक महीने की घेराबंदी के बाद 12 जून 1761 को भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल ने आगरा किला पर कब्जा किया था। उन्होंने वीर गोकुल जाट की हत्या का बदला लिया था। जिसे क्रूर औरंगजेब ने मौत के घाट उतार दिया था। इतिहासकारों के अनुसार मुगल साम्राज्य के खिलाफ सूरजमल ने कई युद्ध लड़े।

प्रगतिशील जाट महासभा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम फौजदार ने बताया कि महाराजा सूरजमल के वंशज और जाट समाज के लोग हर साल 12 जून को विजय दिवस मनाते हैं। पहली बार विजय दिवस आगरा किला पर मनाया जाएगा।

# एसएन का हाल...इमरजेंसी के सीटी स्कैन कक्ष पर ताला

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में सीटी स्कैन सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसके कक्ष पर ताला लगा है। बर्न यूनिट में भी मरीज भर्ती नहीं किए जा रहे।

एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में सीटी स्कैन सेवा शुरू नहीं हो सकी। इसके कक्ष पर ताला लगा है। बर्न यूनिट में भी मरीज भर्ती नहीं किए जा रहे। शनिवार को प्रमुख चिकित्सा शिक्षा और सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने निरीक्षण कर इन्हें तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए थे।



इमरजेंसी में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं होने से मरीज ओपीडी के बाद निजी सेंटरों पर जांच कराने के लिए मजबूर हैं। यहां सीटी स्कैन की नई मशीन भी लग चुकी है। इसके शुरू होने से मरीजों को 24 घंटे सीटी स्कैन की सुविधा मिल जाती लेकिन कक्ष पर ताला लटका हुआ है। स्टाफ की तैनाती भी नहीं है। यही हाल करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बनी बर्न यूनिट का है। इसमें भी मरीज भर्ती नहीं किए गए।

इसके शुरू होने से जले-एसिड अटैक मरीजों की एंटी बैक्टीरियल वार्ड में इलाज मिलता। सर्जरी भी यहीं हो जाती। अभी सर्जरी विभाग में बने 8 बेड के वार्ड में ही जले हुए मरीजों को इलाज मिल रहा है। शनिवार को एसएन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा ने इन्हें तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी कॉलेज प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता का कहना है कि सीटी स्कैन और बर्न यूनिट में स्टाफ तैनात किया जा रहा है। एक-दो दिन में दोनों शुरू हो जाएंगे।

इमरजेंसी में न्यूरोसर्जरी की ऑपरेशन थिएटर (ओटी) शुरू करने के भी प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए थे। यहां सेफ रूम में बनी ओटी को न्यूरोसर्जरी के लिए विकसित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य ओटी से रास्ता जोड़ा जा रहा है। मशीन-उपकरणों की भी खरीद की जाएगी। इस पर कॉलेज प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## वाराणसी के चार युवक गंगा में डूबे: दो लापता, दो को बचाया गया; रेती पर मौज-मस्ती पड़ गई भारी

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के चुनार में नहाते वक्त चार युवक गंगा में डूब गए। आसपास मौजूद मल्लाहों ने दो युवकों को बचा लिया। वहीं, दो की तलाश शुरू कर दी गई थी। चारों दोस्त वाराणसी के लल्लापुरा के रहने वाले हैं। मिर्जापुर के चुनार थाना क्षेत्र के बहरामगंज स्थित कोल्हुआं घाट पर सोमवार शाम गंगा में नहा रहे छह साथियों में चार गंगा में डूबने लगे। दो को उनके साथ आए मित्रों ने बचा लिया पर दो गंगा में डूब गए। मौके पर गोताखोर व पुलिस डूबे युवकों की तलाश कर रही है।

वाराणसी के लल्लापुरा इलाके के चार दोस्त शनि (28), शहबाज (19), साजिद (19) और छोटू (20) चुनार घूमने आए थे। शाम को ये चारों चुनार के दरगाह शरीफ के रहने वाले अपने मित्र विक्की चौरसिया व बहरामगंज के राकेश के साथ नहाने के लिए कोल्हुआ घाट गए। जहां सभी नाव से गंगा के बीच में प?ी रेती पर चले गए वहां पहुंच कर गंगा में नहाने लगे।

नहाने के दौरान पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण चारों डूबने लगे। इनमें से साजिद व छोटू को किसी तरह विक्की व राकेश ने बचा लिया, लेकिन शनि और शहबाज गहरे पानी में जाने से डूब गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और सूचना पुलिस को दिया।


गुरु अस्त होने से 12 जून से मांगलिक कार्यों पर रोक

# नवंबर से फिर बजेगी शहनाई: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

हिंदू पंचांग और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार 12 जून गुरुवार से गुरु ग्रह अस्त हो रहा है, जिसके चलते मांगलिक और शुभ कार्यों पर धार्मिक रूप से प्रतिबंध लग जाएगा। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि गुरु ग्रह का सीधा संबंध विवाह, शिक्षा, धर्म और अन्य शुभ कार्यों से होता है। जब गुरु अस्त होता है, तो इन कार्यों को करने से बचने की सलाह दी जाती है।

स्वामी जी के अनुसार, 11 जून से 9 जुलाई तक गुरु अस्त रहेगा। इस दौरान शादी, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ, यज्ञोपवीत, प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन वर्जित माने जाएंगे। इसके बाद 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का आरंभ होगा, जो 1 नवंबर तक चलेगा। चातुर्मास में भी सनातन परंपरा के अनुसार मांगलिक कार्यों



पर पूर्ण विराम लगा रहता है, क्योंकि इस काल में भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि 9 जून तक ही विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, उसके बाद पूरे पांच महीने तक कोई भी वैवाहिक कार्य नहीं होंगे। इसके बाद नवम्बर माह से पुनः शुभ कार्यों का सिलसिला शुरू होगा।

### नवंबर-दिसंबर में इतने दिन ही मिलेंगे शुभ विवाह मुहूर्त

स्वामी जी ने बताया कि नवंबर और दिसंबर 2025 में केवल 17 दिन ही विवाह के लिए शुभ होंगे, जिनकी तिथियां इस प्रकार हैंः नवंबर- 18, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 और 30 व दिसंबरः 4, 10 और 11 धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब गुरु या शुक्र अस्त होते हैं, तो मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। इसके साथ ही खरमास और चातुर्मास जैसे विशेष काल भी शुभ कार्यों के लिए निषिद्ध माने जाते हैं। इस दौरान व्रत, उपवास, साधना और तीर्थ यात्राओं को अधिक महत्व दिया जाता है। निष्कर्षतः, यदि आप विवाह या अन्य शुभ कार्य की योजना बना रहे हैं तो नवंबर से पहले कोई भी शुभ मुहूर्त उपलब्ध नहीं होगा। ऐसे में धार्मिक अनुशासन और ज्योतिषीय नियमों का पालन करते हुए कार्यों को योजना अनुसार आगे बढ़ाना उचित रहेगा।

## प्रवेश के बाद छात्र बदल सकते हैं कॉलेज, वापस होगा शुल्क

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा विश्वविद्यालय ने नए सत्र से नई व्यवस्था करने जा रहा है। अब प्रवेश के बाद भी छात्र कॉलेज बदल सकते हैं। इस दौरान उनके द्वारा दिया गया शुल्क भी वापस हो सकेगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने नए सत्र से प्रवेश के बाद छात्रों के लिए कॉलेज बदलने की व्यवस्था शुरू की है। इसमें 15 दिन में प्रवेश रद्द कराने का प्रार्थनापत्र देने पर 90 फीसदी और महीनेभर की अवधि में 70 फीसदी शुल्क वापस मिलेगा। अब तक प्रवेश लेने के बाद दूसरे कॉलेज में पढ़ने पर छात्रों को शुल्क वापस नहीं होता था। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रो. मनुप्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध 575 कॉलेजों और आवासीय संस्थानों में 2025-26 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक और परास्नातक की निजी कॉलेजों में 2,47,937 और विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों में 4,758 सीटें हैं।

# विश्व हिंदू महासंघ द्वारा बागपत में विराट वैचारिक यज्ञ, धन्यवाद दिवस और विभूति सम्मान समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बागपत**

शक्तिवेश अवतार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री देवालय संघ एवं वर्ल्ड आर्यंस फाउंडेशन के संयुक्त सौजन्य से विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक/ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) द्वारा विराट वैचारिक यज्ञ, धन्यवाद दिवस और विभूति सम्मान समारोह का आयोजन बागपत के आशीर्वाद गार्डन में भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारक एवं कुंडु खाप के प्रधान चौ. जयवीर सिंह कुंडू ने की, जबकि संचालन विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट गजेंद्र सिंह कुंडू ने किया। कार्यक्रम के सूत्रधार विश्व हिंदू संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सूर्यवंशी अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि रहे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के



रूप में बागपत की डीएम अस्मिता लाल, प्रेरक अतिथि इंजीनियर के.पी. सिंह और देव अतिथि के रूप में पं. परशुराम तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सनातन परंपरा से प्रेरित वैचारिक मंथन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों और बागपत में डॉ. सत्यपाल सिंह के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा, **नव-राष्ट्र निर्माण और मानव चेतना के उत्थान के लिए हमें सनातन परंपरा से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूती दे रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश की सीमाओं की रक्षा और आतंकवादियों को दिए गए जवाब के लिए हम अपनी सेना के पराक्रम को सैल्यूट करते हैं।**

महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि ने योगी आदित्यनाथ को शक्तिवेश अवतार बताते हुए कहा कि अब उनका जीवन सनातन को समर्पित है। उन्होंने प्रार्थना की कि योगी जी शतायु हों और उनके नेतृत्व में रामराज्य की पुनः स्थापना हो।

कार्यक्रम अध्यक्ष चौ. जयवीर सिंह कुंडू ने कहा, **इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को संस्कारित करने का माध्यम हैं। अब भी समय है कि हम सनातन संस्कृति को अपनाएं, अन्यथा विनाश निश्चित है।**

इस आयोजन में 750 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर राष्ट्र निर्माण हेतु नई भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सिविल सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं, 1971 युद्ध के वीर योद्धाओं, प्रमुख समाजसेवियों और शिक्षण संस्थानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाट सभा जिला अध्यक्ष देवेंद्र धामा, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल, गन्ना समिति चेयरमैन ठाकुर प्रदीप सिंह, बागपत शुगर मिल चेयरमैन कृष्ण पाल, यशपाल प्रधान, सत्येंद्र सिंह, संजीव कुमार, संजय सिंह, पप्पू सिंह, रविंद्र कुमार, रोहतास सिंह, सोनवीर सिंह, तेजवीर सिंह, दिनेश शर्मा, अंजू खोखर, सरल चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उन्नत एआई-संचालित रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम लॉन्च

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा जिले और उसके आस-पास के क्षेत्रों के मरीज़ों को आगरा के गोयल सिटी अस्पताल में 'कोरी' नामक एक उन्नत एआई-संचालित रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम की शुरुआत से लाभ मिलने वाला है। जिससे अब जोड़ों की सर्जरी के बाद ठीक होने में समय कम लगेगा और अस्पताल में ज्यादा रूकने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। यह पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बेहतर है, क्योंकि इस तकनीक के द्वारा इम्प्लांट का प्रत्यारोपण अधिक सटीक होता है, सर्जरी के दौरान उतकों को कम क्षति पहुंचती है, सर्जरी के बाद दर्द कम होता है और रिकवरी तेज होती है। आगरा शहर में इस सिस्टम को लॉन्च करते हुए, ऑर्थोपेडिक सर्जन और गोयल सिटी हॉस्पिटल, आगरा के संस्थापक डॉ. मुकेश गोयल, ने



कहा, ÷हम चिकित्सा प्रगति में सबसे आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इस प्रणाली की शुरूआत स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। हम लगातार सबसे उन्नत और रोगी-अनुकूल उपचार प्रदान करने का प्रयास करते हैं। घुटने और कूल्हे के लिए एआई-संचालित रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम की शुरुआत सटीकता, सुरक्षा और तेज़ रिकवरी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता से जन्मी है। रोबोटिक सहायता से, अब हम पारंपरिक मानकों से बेहतर परिणाम देने में सक्षम हैं।÷

यह तकनीक आगरा और आस-पास के क्षेत्रों के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। अब इन क्षेत्रों के मरीज़ों को रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट करवाने के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी, उन्हें यहीं विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती है। यह एकमात्र रोबोट है जो टोटल और पार्शियल नी रिप्लेसमेंट (पूर्ण और आंशिक घुटना प्रत्यारोपण) और हिप रिप्लेसमेंट (कुल्हा प्रत्यारोपण) सर्जरियां करने में सक्षम है।

गोयल सिटी अस्पताल में इसकी शुरूआत के बाद से, डॉ. मेघल गोयल, जिन्होंने रोबोटिक तकनीकों में विशेष प्रशिक्षण लिया है, ने रोबोटिक कूल्हे और घुटने की सर्जरियों सहित 38 रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किए हैं। इनमें कुछ बहुत जटिल मामले भी शामिल थे, इनका प्रबंधन इतने बेहतर तरीके से किया गया कि सफलता दर भी बहुत अच्छी रही और रिकवरी में भी कम समय लगा।

आगरा स्थित गोयल सिटी हॉस्पिटल के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. मेघल गोयल ने बताया, ÷हमारी सबसे कम उम्र की मरीज़ 40 साल की महिला थी, जो जोड़ों की क्षति के शुरुआती चरण से पीड़ित एक गृहिणी थी, और सबसे बुजुर्ग 84 साल की थी, जो सर्जरी के अगले ही दिन सहारे के साथ चलने लगी थी। दोनों को ठीक होने में अधिक समय नहीं लगा और वो अपेक्षित समय से पहले ही अपनी नियमित गतिविधियों करने में सक्षम हो गई।


## एएमयू में छात्राओं के लिए बास्केटबाल एवं वॉलीबाल समर कोचिंग कैम्प 13 से

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वीमेंस कालिज एवं अब्दुल्लाह हाल द्वारा विश्वविद्यालय और जिले की बोनाफ़ाइड छात्राओं के लिए 13 जून से बास्केटबाल एवं वॉलीबाल समर कोचिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वीमेंस कालिज में फ़िजिकल एजुकेशन सेक्शन की प्रभारी डा नाज़िया हसन एवं अब्दुल्लाह हाल की गेम्स सुपरवाइजर महविश खान ने कहा है कि इसमें शामिल होने के लिए इच्छुक छात्रायें 13 जून प्रातः 9 बजे तक पंजीकरण करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इसमें भाग लेने के लिए 14 वषज़् से उपर आयु की छात्रायें ही आवेदन कर सकती हैं। यह शिविर 13 जून से 23 जून जक वीमेंस कालिज में चलेगा। अधिक जानकारी के लिए वॉट्सएप नम्बर 7983455650 व 8279863396 से संपकज़् किया जा सकता है।

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजापुरवा में राकेश मिश्रा के यहां श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस के अंतर्गत, अयोध्या से पधारे कथा व्यास गौरव कृष्ण शास्त्री द्वारा, गंगा अवतरण की कथा, भक्त प्रहलाद की रक्षा तथा, हिरणाकश्यप का वध, भगवान के विविध अवतारों की कथा तथा मुख्य रूप से भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा को बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक ढंग से अपने प्रवचन के जरिए प्रस्तुत किया। भगवान श्री कृष्णा जन्म प्रसंग पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। श्री शास्त्री नेकहा कि नारायण अपने भक्तों की रक्षा के लिए समय-समय पर स्वयं अवतार लेकर दुष्टों का संघार करते हैं। भवसागर पार करने के लिए नारायण का नाम स्मरण ही काफी है। उन्होंने इसके लिए श्रीमद् भागवत में आए अजामिल नामक




ब्राह्मण की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि अजामिल तमाम पाप कर्मों मे संलिप्त था, परंतु उसने अपने सबसे छोटे पुत्र का नाम संतों की सलाह पर नारायण रखा था, जिसे वह रोज अपनी आवश्यकताओं के लिए पुकारा करता था। अजामिल ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी पुत्र नारायण नारायण की पुकार लगाई थी, जिसे सुनकर दया निधान नारायण ने अजामिल का उद्धार कर दिया। कथा श्रवण करने वालों में अतिथि के रूप में एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश्वर तिवारी, कांग्रेस नेता अनुज सिंह, गेल्हापुर महंत बृजानंद जी, सपा नेता डॉ भानु तिवारी व बाबा सहज राम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए एवं कथा श्रवण किया।

# एक दर्जन चोरियों को भूल गई पुलिस

- फरियादियों से वसूली में व्यस्त रहते हैं पुलिसकर्मी, थानाध्यक्ष भी मामले पर साधे रहते हैं चुप्पी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना से लेकर एसपी कार्यालय तक शिकायत, नहीं सुनी फरियाद



**गौराबादशाहपुर।** जिले की गौराबादशाहपुर थाना पुलिस का कारनामा हर किसी की जुबान पर आमों खास बन गया है।
पिछले 5 महीने में थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदात हो चुकी है । लेकिन पुलिस ने एक भी मामले का अभी तक खुलासा नहीं किया। चोरी की खबरें जब मीडिया की सुर्खियां बनती हैं तो थानाप्रभारी सधे सधाए बयान की तरह बड़े दावे के साथ कहते हैं चोर चिन्हित किये जा चुके हैं। बहुत जल्द पकड़े जाएंगे । लेकिन 5 महीने बीत गए एक भी चोरी का खुलासा न होना पुलिस की कार्य शैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।
आरोप तो यह भी है की क्षेत्र में तैनात कुछ पुलिस कांस्टेबल फरियादियों से सिर्फ वसूली में व्यस्त रहते हैं। इसकी शिकायत जब थाना प्रभारी से होती है तो वह भी उस पर चुप्पी साध लेते हैं।
पीड़ित थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक का चक्कर काट रहा है। सिर्फ उसे आश्वासन ही दिया जा रहा है। गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित पुलिस चौकी के पास रेहान पुत्र इलियास एक किराये के मकान में रहते हैं। पुलिस चौकी के बगल में ही उनकी दुकान भी है। उन्होंने अपनी सुपर स्पेलेंडर बाइक घर के बाहर ही खड़ी की थी। जो चोरी चली गयी।
इसकी सूचना भुक्तभोगी ने कस्बा चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश को दी। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया।
लेकिन बीस दिनों बाद भी पुलिस चोरी गये बाइक को बरामद करने में सफल नहीं हो पाई है। लोग गौराबादशाहपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### सीसीटीवी में फुटेज में दिखा चोर फिर भी गिरफ्तार नहीं

**गौराबादशाहपुर।** कस्बा स्थित पुलिस चौकी के बगल से दिनदहाड़े चोरी हुई बाइक का एक महीने बाद भी सुराग लगा पाने में पुलिस सफल नहीं हो पायी है। भुक्तभोगी का भी कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से चोर चिन्हित किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में भी लिया। लेकिन पुलिस चोरी गयी बाइक अभी तक बरामद नहीं कर सकी। जिसको लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब सीसीटीवी कैमरे से चोर चिन्हित हुआ। पकड़ा गया तो पुलिस चोरी गयी बाइक का पता क्यों नहीं लगा पा रही है।

## लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारी की वजह से भीषण गर्मी में विद्युत कटौती का दंश झेल रहे नगरवासी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**जौनपुर।** शाहगंज फीडर टाउन फर्स्ट में कल रात अचानक फाल्ट हुआ कुछ देर लाईट आयी उसके बाद फिर प्रातः काल 4:00 बजे लाइट कटा और 2:00 बजे तक लाइट नहीं है, प्रतिदिन 3:00 से 4:30 तक रोस्टिंग होती है जिम्मेदार पूरी तरह से मौन ना किसी का फोन लग रहा है ना किसी विभाग के जिम्मेदार क्षेत्र के लाइनमैन का फोन उठा रहा है, भगवान ना करें बिजली विभाग के किसी अनदेखी से किसी की जान माल का नुकसान हुआ तो इंसान फोन करें तो करें किसको, संबंधित क्षेत्र के जेई, लाइनमैन, प्राइवेट कर्मचारी सबका मोबाइल बंद इस भीषण गर्मी 4000 /4500 की आबादी वाले इस क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश संबंधित क्षेत्र पुराना चौक, चूड़ी मोहल्ला, पूर्वी कौड़ीया, अलीगंज शाहगंज।

# हर्ष फायरिंग करने वाले दो लोग पुलिस के शिकंजे में



- लाइसेंसी रायफल व कारतूस बरामद, लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की बदलापुर थाना पुलिस ने हर्ष फायरिंग के दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाइसेंसी रायफल और तीन खोखा कारतूस बरामद कर लिए है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त आजमगढ़ जिले के मूल निवासी बताए जाते हैं। हालांकि उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। फिर भी वैवाहिक समारोह में लाइसेंसी असलहे से फायरिंग करना, किसी बड़ी घटना का कारण बन सकता है।
वैसे भी अमूमन छोटी छोटी घटनाओं के खुलासे के दौरान लंबे तीर मारने वाली बदलापुर पुलिस हर्ष फायरिंग की इस वारदात पर एकदम चुप्पी शादी हुई थी। लेकिन जब इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उच्च अधिकारियों ने बदलापुर पुलिस को फटकार लगाई गई तो पुलिस हरकत में आ गई।
फिर इसके बाद पुलिस ने बारात में शामिल कई लोगों को चिन्हित करते हुए उनसे हर्ष फायरिंग करने वालों का नाम, पता और उनके बारे में सटीक जानकारी जुटा कर खोजबीन में जुट गई। मीडिया सेल में पुलिस द्वारा बताया गया कि यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई।
उपनिरीक्षक प्रशांत पांडेय व उनकी टीम ने ग्राम देवरामपुर में कार्रवाई करते हुए आठ जून को आजमगढ़ जिले के दो अभियुक्तों जगन्नाथ यादव पुत्र स्व रामअवध यादव (निवासी पचरुखवा, थाना पवई) और सुनील कुमार राजभर पुत्र राम अवध राजभर (निवासी सरैना, थाना अहरौला) को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हाल ही में एक निजी कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग की थी, जिससे जनसुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वायरल वीडियो से हरकत में आती है पुलिस

जिले की पुलिस किसी भी मामले में तब हरकत में आती है जब उस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगता है। कई ऐसे मामले आए हैं जिसमें ऐसी ही बातें निकलकर सामने आई है। हालांकि पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं न केवल कानून का उल्लंघन हैं। बल्कि यह दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकती हैं। ऐसे मामलों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें।

# दूल्हे की आंख में लेंस ने खोला राज, एक आंख से है दृष्टिहीन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

### लड़की की किस्मत ने बचाया

**जौनपुर।** महिलाओं की सतर्कता से इस पूरे मामले का सच सामने आया तो लड़की के भाई ने बताया कि अगर समय रहते यह राज़ उजागर न हुआ होता। तो धोखे से यह विवाह हो जाता। उनका आरोप था कि दूल्हे के पिता ने इस सच्चाई को छुपाकर विवाह कराने की कोशिश की, ताकि लड़की पक्ष को भ्रमित किया जा सके। फिलहाल मामला जो भी हो लेकिन दूल्हे की आंख के राज का खुलासा जब महिलाओं और दूल्हे की सालियों ने किया तो पूरे बारात में हड़कंप मच गया।

### बैरंग लौटी बारात, खर्च भरपाई की मांग

दूल्हे की आंख में गड़बड़ी की शिकायत ने जब तूल पकड़ा। विवाद बढ़ने पर लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया और बारात को बिना विवाह लौटना पड़ा। अब लड़की पक्ष की यह मांग जोर पकड़ने लगी कि शादी समारोह में हुआ पूरा खर्च दूल्हे के पिता द्वारा वहन किया जाए। इसको लेकर काफी देर तक खासा तू-तू मै-मै हुआ। लड़की पक्ष के लोगों ने कुछ बारात की गाड़ियों को भी रोक लिया।

- शादी समारोह के दौरान हुआ चौंकाने वाला खुलासा
- दूल्हे की सालियों ने अंगुली दिखाकर खोल दिया खराब आंख का राज
- लड़की पक्ष ने शादी से किया इनकार, मंडप में मचा हंगामा

बरसठी। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया। जब शादी के मंडप में बैठे दूल्हे की एक आंख में लेंस की चमक ने उसके जालसाजी के पूरे राज़ को उजागर कर दिया। दूल्हे की सालियों ने दूल्हे राजा की एक खराब आंख का राज अंगुली दिखा कर जब खोल दिया तो पूरे बारात में हड़कंप मच गया।
यह पूरा मामला मछलीशहर कोतवाली थाना क्षेत्र के के निजामुद्दीनपुर गांव से आई बारात का है। जहां पिंटू गौतम अपने बेटे की शादी के लिए बारात लेकर पहुंचे थे।
पूरे ठाठ बाट से सजे दूल्हे के राजा, समधी राजा, मामा, फूफा, मौसा और दूल्हे के बहनोई बारात के दौरान लजीज व्यंजनों के साथ खूब लुफ्त उठा रहे थे। बारातियों के स्वागत में किस्म किस्म के पकवान बने हुए थे। नाश्ता-पानी और डीजे पर नृत्य के साथ सामान्य रूप से चल रहा था। जयमाल कार्यक्रम भी विधिपूर्वक संपन्न हुआ। लेकिन जैसे ही रात एक बजे शादी की रस्में मंडप में शुरू हुईं। तभी अचानक एक तेज रोशनी दूल्हे की आंख पर पड़ी। उसी वक्त उसकी आंख में लगा लेंस चमक उठा, जिससे घरातियों को शंका हो गया।
महिलाओं ने दूल्हे की आंखों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी, और चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दूल्हा एक आंख से दृष्टिहीन है। यह बात सुनते ही लड़की पक्ष में रोष फैल गया। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच पंचायत बैठाई गई। गांव के कुछ सम्मानित लोगों को भी मध्यस्थता के लिए बुलाया गया।
दूल्हे के पिता का कहना था कि लड़के को पहले कई बार देखा गया था और यह बात पहले से ज्ञात होनी चाहिए थी। वहीं लड़की के परिजनों ने आरोप लगाया कि यह जानकारी उन्हें कभी नहीं दी गई और जानबूझकर इस बात को छुपाया गया।

## भाई व भतीजे के ललकारने पर कलयुगी पुत्र ने मां-बाप को पीटा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**खुटहन।** पिता से भूमि अपने नाम जमीन का बैनामा कर देने की जिद पर अड़े कलयुगी पुत्र ने अपने चाचा और चचेरे भाइयों के ललकारने पर अपने पिता और माता को पीटकर घायल कर दिया। घायल पिता की तहरीर पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। खुटहन गांव निवासी लालमनि गौतम का आरोप है कि उसका पुत्र विशाल उसके नाम की जमीन अपने नाम बैनामा करने की जिद कर रहा था। गत पांच जून की देर शाम वह घर पहुंच बैनामे के लिए दबाव बनाने लगा। दोनों में कहासुनी हो रही थी तभी भाई महेंद्र गौतम उनका पुत्र नवतेश और नितेश आकर विशाल को ललकार कर मेरे ही बेटे से मेरी पिटाई करा दिए। बचाव को आई पत्नी प्रियंका को भी मारे पीटे। सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# घर-घर पहुंचायें ध्यान और प्राणायाम : अचल हरीमूर्ति

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में अधिक से अधिक योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न तहसीलों के साथ ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर योग प्रशिक्षण शिविरों को आयोजित किया जा रहा है।
लोहिया पार्क स्थित परिसर में योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया है। आज रोगों का प्रसार अपने चरम सीमा पर पहुंच गया है। जन जन तक योगाभ्यास को पहुंचा कर ही रोगों पर लगाम लगाया जा सकता है।
मनोदैहिक स्वास्थ्य को ध्यान और प्राणायामों के माध्यम से ही संतुलित किया जा सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को सुव्यवस्थित ढंग से इस विधा में पारंगत होकर स्वयं के स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बना सकता है। मानसिक असंतुलन के कारण बहुत ही कम उम्र के बच्चों में बढ़ती नशा की लत बहुत ही चिंताजनक है। यदि बचपन से ही बच्चों को आसन, ध्यान और प्राणायामों का नियमित अभ्यास कराया जाये तो ऐसी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है।
श्री हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया की लम्बे समय तक ध्यान और प्राणायामों के अभ्यासों से शरीर के भीतर सभी तंत्रों में आक्सीजन और रक्त का प्रवाह बहुत ही सुगमतापूर्वक होंने लगता है इसके साथ ही साथ मन,चित्त, चेतना और भावनाओं को पूरी तरह से संतुलित हो जाता है। इसलिए भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों के साथ लम्बे समय तक ध्यान और प्राणायामों के अभ्यासों से पाचनतंत्र और श्वसनतंत्र के साथ सभी तंत्रों पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
इस मौके पर योग प्रशिक्षक अरविन्द यादव, अर्जुन सिंह, त्रियंबकम मिश्रा, विकास यादव, दीपक मौर्य, सुप्रिया, क्षमा सिंह, एसके यादव,राजन सिंह, विरेन्द्र यादव, डा नरेन्द्र यादव, रजनी साहू, रामलवट यादव, कृष्ण कुमार, विवेक तिवारी, बीरा यादव और विवेक तिवारी सहित अनेकों योग शिक्षक उपस्थित रहें।

# डॉ. राजेश चुने गए लायंस क्लब जौनपुर गोमती के निर्विरोध अध्यक्ष

- हसनैन कमर दीपू को उपाध्यक्ष प्रथम, खुशबू गुप्ता सचिव व नूपुर सिंह कोषाध्यक्ष चुनी गयीं

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




लायंस क्लब जौनपुर गोमती की चुनावी सभा चुनाव अधिकारी धनंजय पाठक की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में संपन्न हुई।
जिसमें आगामी सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया।
अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आगामी सत्र के अध्यक्ष के लिए डा राजेश मौर्या का प्रस्ताव पेश किया। जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया।
चुनाव अधिकारी के निर्देश पर डा राजेश मौर्या ने अपने संक्षिप्त कार्यकारिणी की घोषणा की।
जिसमें खुशबू गुप्ता को सचिव, नूपुर सिंह को कोषाध्यक्ष, हसनैन कमर दीपू को उपाध्यक्ष प्रथम, शिवकुमार साहू को उपाध्यक्ष द्वितीय, तथा गौरव श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष तृतीय मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी धनंजय पाठक द्वारा उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।
अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।
बैठक में उपस्थित डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष गुप्ता ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डा राजेश जी के नेतृत्व में क्लब सेवा कार्यों के माध्यम से एक नया मुकाम हासिल करेगी।
जोन चेयरपर्सन धीरज गुप्ता ने पूरी कार्यकारणी को बधाई देते हुए पूरे जोश व उत्साह के साथ सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।
नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मौर्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ हमें यह जिम्मेदारी सौंप गई है मैं उसे पर खडा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और आप सभी सदस्यों के सहयोग से वर्ष पर्यंत सेवा कार्य चलता रहेगा।
बैठक का संचालन सचिव नवीन मिश्रा एवं धन्यवाद व आभार कोषाध्यक्ष डा रश्मि मौर्या द्वारा ज्ञापित किया गया। बैठक में वीरेंद्र सिंह, प्रतिमा गुप्ता, डॉ सरला गुप्ता, संतोष साहू, देवेश गुप्ता, अनिल अग्रहरि, अनिल कुमार पांडे, दिनेश जायसवाल, सुनील कश्यप, मंगला साहू, शाहिद हुसैन गुड्डू, डा नरेंद्र यादव आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दे सरकार : दीनदयाल तिवारी



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सोमवार को मेधा पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने कौशाम्बी जनपद में पुलिसिया उत्पीड़न से त्रस्त राम बाबू तिवारी द्वारा आत्महत्या कर लिये जाने के मामले में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही परिवार को एक करोड़ रूपये का समुचित मुआवजा दिया जाय। ज्ञापन देने के बाद मेधा प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है। केवल पुलिस कर्मियों का निलम्बन समस्या का समाधान नहीं है। पूरे प्रकरण की जांच कराकर मनगढन्त मुकदमा वापस लेने के साथ ही राम बाबू तिवारी के परिजनों को पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराया जाय। दीनदयाल तिवारी ने बताया कि कौशांबी के लोहंदा गांव की मासूम से रेप का आरोप रामबाबू तिवारी के बेटे सिद्धार्थ पर लगा था। सिद्धार्थ के खिलाफ मुकदमा हो गया था। केस होने के करीब एक सप्ताह बाद रामबाबू ने सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले में रेप पीड़िता के पिता सहित दो लोगों को पुलिस ने दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सियासत शुरू हो गई। घटना दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय 'मुन्ना', प्रमोद उपाध्याय, प्रशान्त, मुरलीधर मिश्र, डी.सी. दूबे, गिरीश चन्द्र गिरी, राहुल तिवारी आदि शामिल रहे।

# हर्रैया के उप जिलाधिकारी मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



हर्रैया के उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश को कुछ अधिवक्ताओं द्वारा थप्पड़ मारने का मामला शान्त होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भारतीय कुर्मी महासभा जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा के नेतृत्व में महासभा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि हर्रैया के उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश को थप्पड मारने वाले अधिवक्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये उनके वकालत का लाइसेस निरस्त कराया जाय। इस बात पर चिन्ता व्यक्त किया गया कि अभी तक दोषी अधिवक्ताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया है। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि अधिवक्ता महिनाथ तिवारी, साधू प्रसाद पिनाकी, और रामचन्द्र ने हर्रैया के उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश को थप्पड मारा। यह स्थितियां चिन्ताजनक है। ज्ञापन में चेतावनी दिया गया है कि यदि 15 दिन के भीतर दोषी गिरफ्तार न किये गये तो बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय कुर्मी महासभा के आर.के. सिंह पटेल, अशोक कुमार वर्मा, बद्री प्रसाद चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, मायाराम चौधरी, घनश्याम चौधरी, कृष्णचन्द्र चौधरी, विद्यासागर चौधरी आदि शामिल रहे।

# जौनपुर साइबर क्राइम की बड़ी सफलता : 38 पीड़ितों के खातों में लौटाए 20 लाख से अधिक, 101 कीमती मोबाइल किए गए बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को राहत पहुंचाने की दिशा में साइबर क्राइम थाना जौनपुर ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल और मई माह में की गई कार्रवाई के तहत पुलिस टीम ने साइबर फ्रॉड के शिकार 38 व्यक्तियों के खातों में कुल 20,06,490 (बीस लाख छह हजार चार सौ नब्बे रुपये) की धनराशि वापस कराई है। इसके साथ ही 101 गुमशुदा मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख बताई जा रही है, देश के विभिन्न राज्यों से बरामद कर उनके असली स्वामियों को सौंप दिए गए।

### गुमशुदा मोबाइलों की तलाश में चलाई गई विशेष मुहिम

जनपद जौनपुर में नागरिकों के खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज ऑनलाइन शिकायतों और प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम थाना की टीम ने देशभर में तलाश शुरू की।
पुलिस टीम ने दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों से मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों में जैसी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख आँका गया है।
बरामद मोबाइलों को अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर/साइबर क्राइम श्री देवेश सिंह की उपस्थिति में उनके असली स्वामियों को सौंपा गया। अपना कीमती मोबाइल वापस पाकर सभी नागरिक बेहद संतुष्ट और खुश नजर आए।

### साइबर फ्रॉड में धनवापसी की प्रभावी कार्रवाई

साइबर थाना द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अप्रैल और मई माह में कुल 38 पीड़ितों के खातों में 20,06,490 की राशि वापस कराई गई। यह कार्रवाई साइबर अपराध के शिकार लोगों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाली पुलिस टीम में शामिल हैं

श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना जौनपुर, उ0नि0 दिनेश कुमार, उ0नि0 नीलम सिंह, कां0आ0 ज्योति श्रीवास्तव, मु0आ0 आलोक सिंह, मु0आ0 प्रभात द्विवेदी, मु0आ0 संतोष कुमार, मु0आ0 दिनेश कुमार, मु0आ0 मुकेश कुमार, आरक्षी प्रफुल्ल यादव, संग्राम सिंह यादव, सत्यम गुप्ता, सुगम यादव, परवेज, चन्दन यादव, अजीत कुमार,महिला आरक्षी आकांक्षा सिंह और अंजली सिंह

### महत्वपूर्ण सूचना- ऐसे करें शिकायत दर्ज

**यदि आपका मोबाइल फोन खो गया है तो**

- 1. पहले स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराएं।
- 2. फिर पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन शिकायत पंजीकृत करें।

**यदि आप साइबर फ्रॉड का शिकार हुए हैं**

- तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें
- ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें
- अथवा अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर जाकर लिखित शिकायत करें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- 203 प्रार्थना पत्रों में मात्र 18 का हुआ निस्तारण, गर्मी से बिलबिला उठें अधिकारी वादकारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीडीओ ध्रुव खड़िया मौजूद रहे। जिसमें फारियादियो ने 203 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर महज 18 प्रार्थना पत्र ही निस्तारित हो सका। शेष 185 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने सख्त तेवर दिखाते हुए मामले के तत्काल व पारदर्शी निस्तारण का निर्देश दिया। जब तक डीएम रहे अधिकारियों कर्मचारियों की धड़कन बढ़ी रहीं। इस दौरान स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन ने स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री को सम्बोधित छह सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। मांग किया गया है कि वेंडर्स कल्याण समिति बने। स्टाक होल्डिंग कों दिया जाने वाले कमिशन में वृद्धि हो। आयुष्मान कार्ड एवं दुर्घटना बीमा बनाया जाये। इस दौरान सभागार में भीषण गर्मी व उमस से अधिकारी कर्मचारी समेत फरियादी व्याकुल देखें गये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा लक्ष्मी सिंह, एसडीएम राजेश चौरसिया, एसडीएम न्यायिक रानी गरिमा जायसवाल, तहसीलदार आशीष सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, मंडी सचिव गुलाब सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा रफिक फारुकी, डा आर के वर्मा, नपा अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, एसडीओ विद्युत धर्मेन्द्र गुप्ता समेत सर्किल के थानाध्यक्ष एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# मनरेगा में हुआ फर्जीवाड़ा तो कार्यवाही तय: शशांक त्रिपाठी



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., और जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ लोकसभागार में सोमवार को ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज, गोशालाओं और जिला स्वच्छता समिति की योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा में फर्जीवाड़े की बहुत शिकायतें मिल रही है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अच्छे से कार्य करे इसमें किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जितने लोग कार्य कर उनकी ही हजारी भरी जाए और समय पर उनका भुगतान भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण के लिये अभी से कार्ययोजना बना ली जाए। जिससे पौधरोपण के समय किसी प्रकार की समस्या न आने पाए। ग्राम पंचायतों में कितने पौधे कहाँ-कहाँ लगने है ? उन स्थानों को चिन्हित कर लिए जाए साथ ही पौधों की उपलब्धता और रोपित पौधों की देखभाल आदि के विषय में जरूरी कार्ययोजना बना ली जाए। नदियों और झीलों के पुनरुद्धार के लिये भी योजनाएं बनाई जाए। निर्मित अन्नापूर्णा स्टोर को समय पर पूर्ण करा लिया जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, इंदिरा आवास योजना आदि के कार्यों को प्राथमिकता के पूर्ण किया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नालियों की सफ़ाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। अधूरे व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लाई जाए और समय पर पूर्ण कराया जाए। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की सभी गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शीघ्रता से पूरा किया जाए, जिससे गोशालाओं की निगरानी कंट्रोल रूम द्वारा की जा सके। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में नर और मादा को पृथक-पृथक करके रखा जाए। बीमार पशुओं के लिये अलग वार्ड बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गोशालाओं में रहने वाले गोवंशों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्हें पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। धूप से बचाव के लिये पर्याप्त शेड और परिसर में पौधरोपण कराया जाए।

मृतक पशुओं के शवों का निस्तारण ठीक प्रकार से किया जाए। अधिकारी नियमित गोशालाओं का विजिट करते रहे और उनमें पाई जाने वाली कमियों को अवगत कराते रहे जिससे सम्बंधित अधिकारियों को कमियां को दूर करने के लिये निर्देशित किया जाए।

## बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें अधिकारी: शशांक त्रिपाठी

**बाराबंकी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक आयोजित की गई। पोषण ट्रैकर ऐप पर गर्भवती महिलाओं का वजन फीडिंग, मैम और सैम बच्चों से संबंधित सूचना, वी.एच.एस.एन.डी., एन.आर.सी. प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बेबी वेट मशीन सहित ग्रोथ ट्रैकिंग हेतु जरूरी उपकरणों को ब्लॉक टास्क फोर्स गठित कर तत्काल क्रय कर लिया जाए साथ ही क्रय किये जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर समस्त इंडिकेटर की फीडिंग निर्धारित तिथि तक शतप्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना अधिकारी को मैम और सैम बच्चों के गृह भ्रमण कर पोषण परामर्श प्रदान करने से संबंधित निर्देश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि हॉट कुक्ड फूड योजना से समस्त लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए। गर्भवती, धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों की शतप्रतिशत मॉनिटरिंग की जाए तथा सभी केंद्रों पर यूरिन किट उपलब्धता के साथ एब्डोमिनल एग्जामिनेशन पर बल दिया जाय। और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक न्यूट्रिशन की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., डीडीओ भूषण कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डी के श्रीवास्तव, डॉ राजीव सिंह, सभी सीडीपीओ सहित स्वास्थ्य विभाग और सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समय पर पूर्ण कराएं अल्फा कार्यक्रम के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण

**बाराबंकी।** बेसिक शिक्षा अन्तर्गत विभागीय कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं के साथ ही अल्फा कार्यक्रम लागू करने की तैयारियों की समीक्षा की। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में बेसिक शिक्षा अन्तर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के0, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय, देवी संस्थान की फाउंडर डॉ. सुनीता गांधी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अल्फा कार्यक्रम की समीक्षा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने अल्फा कार्यक्रम लागू किए जाने तथा प्रगति को ट्रैक करने की रूपरेखा रखी। इस मौके पर देवी संस्थान की फाउंडर सीईओ डॉ. सुनीता गांधी ने बताया कि अल्फा कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में सीखने की गति तीव्र करना और प्रत्येक बच्चे को आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मक दक्षता तक शीघ्र पहुँचाना है। डॉ गांधी ने बताया कि अल्फा की जोड़े-में-सीखने पद्धति से बच्चा मात्र 45 दिन में पढ़ना-लिखना और बुनियादी गणित सीख सकता है। प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को मास्टर-कोच बनाकर सतत प्रशिक्षण व निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। जिला-स्तर टीम साप्ताहिक समीक्षाओं के माध्यम से प्रगति का मूल्यांकन करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी, एआरपी व जिला समन्वयकों का प्रशिक्षण पूर्ण कराते हुए 15 जून तक तथा शिक्षकों का आनलाइन अथवा आफलाइन प्रशिक्षण 30 जून तक पूर्ण करा लिया जाये। अल्फा कार्यक्रम को जून से दिसंबर 2025 के भीतर जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में पूर्णत: लागू किया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नवीन नामांकन, समर कैम्प, डीबीटी, आधार उपलब्धता, छात्र, छात्राओं की औसत उपस्थिति, विद्यालयों के निरीक्षण अनुश्रवण, आपरेशन कायाकल्प आदि की समीक्षा की। इस दौरान समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी व देवी संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# धार्मिक आयोजनों से मजबूत होते हैं संस्कार: सतीश शर्मा

- पूर्णाहुति व भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ श्रीराम जानकी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**टिकैतनगर।** जीवल ग्राम स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ, श्रीराम कथा व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन सोमवार को पूर्णाहुति के साथ हुआ। समापन दिवस पर मंत्रोच्चार, वैदिक विधियों और श्रद्धालुओं की आस्था ने ऐसा भक्तिमय वातावरण रचा कि हर कोई भावविभोर हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य कौशल किशोर के वैदिक नेतृत्व में हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति के दौरान वेद मंत्रों का उच्चारण, शंखनाद और हवन की अग्नि की लपटों के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित की। उन्होंने अपने जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। आचार्य कौशल किशोर जी ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति केवल धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि जीवन की शुद्धि और आत्मिक जागरण का अवसर होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सत्कर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मंदिर परिसर में नव प्रतिष्ठित विग्रहों के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का माध्यम हैं। श्रीराम जानकी मंदिर में संपन्न यह आयोजन भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक आदर्श बनेगा। राज्यमंत्री ने मंदिर विकास व क्षेत्रीय जनकल्याण हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं की तन-मन से सेवा की। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में सुबह से ही दिखाई देने लगीं। समापन अवसर पर भी मंदिर परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। अनेक श्रद्धालु आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले कि इस प्रकार का धार्मिक वातावरण वर्षों बाद देखने को मिला।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, श्रीराम कथा, महायज्ञ और भंडारा दृ हर कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित व भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला रहा। आयोजक शिवकुमार शुक्ला के अलावा, वीरेंद्र पांडेय, विवेक मिश्रा, अजय शुक्ला, पंकज मिश्रा, नंदकिशोर पांडेय, मनोज मिश्रा,ललित शर्मा, विनोद मिश्रा, अजय शुक्ला, मोनू मिश्रा, विजय तिवारी, विपिन मिश्रा, आनंद गुप्ता, अशोक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीराम गुप्ता, लवकुश गुप्ता, अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी, उन्नाव प्रभारी की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




समाजवादी पार्टी कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में एवं उन्नाव प्रभारी प्रथ्वीपाल सिंह की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि मुख्य रुप से संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक पीडीए जन पंचायतों के आयोजन कराने एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित कराने पर विशेष स्तर पर चर्चा हुई।जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का एक एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पार्टी को और भी सशक्त बनाने तथा और भी लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए पीडीए पंचायत का आयोजन कराएगा तथा जनपद में जितने भी निष्क्रिय पदाधिकारी हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर नए सक्रिय युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जिससे हम अपने मिशन 2027 लक्ष्य को पूरा करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में सफल होंगे। प्रथ्वी पाल सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि हम सभी को एकजुट होकर प्रत्येक विधानसभा के एक एक बूथ को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध होना है और मजबूती के साथ काम करना है हमारा संगठन जितना अधिक एकजुट और सक्रिय होगा हम उतना ही आगे बढ़ेंगे। पृथ्वीपाल सिंह ने हर एक पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र में पीडीए के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने हेतु पीडीए पंचायत का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात बब्बू सिंह राजपूत जी के द्वारा श्रद्धेय नेताजी के जीवन पर लिखी पुस्तक मसीहा का विमोचन किया गया। उपरोक्त बैठक में पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय सचिव सुन्दरलाल लोधी, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व एम एल सी अरुण शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक बदलू ख़ान, पूर्व विधायक रामकुमार, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी, पूर्व प्रत्याशी अंकित परिहार, पूर्व प्रत्याशी डॉ.आंचल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सी के त्रिपाठी, शिवशंकर वर्मा, हाजी सैय्यद इरफान, नरेंद्र लोधी, साधु यादव, रूप नारायण पटेल, बितेन्द्र यादव, राजकुमार लोधी, रमेश रावत, याकूब सिद्दीकी, अमन अंजुम, अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, राहुल गौतम, मनीष सैनी, ओमप्रकाश पासवान, अशोक सिंह गुड्डू, मकसूद अली, रामपाल कुशवाहा, रामकिशन लोधी, सुजाउर रहमान, पंकज लोधी, नियाज ख़ान, सैफ ख़ान, शरीफ़ खान, राजेन्द्र कुमार, बालेन्द्र भदौरिया, कुलदीप यादव, सलीमुर्रहमान, आलोक त्रिपाठी, शिवशंकर निषाद, मुकेश रावत, धर्मेन्द्र यादव,शिव सिंह, लवकेश श्रीवास्तव, रामनरेश यादव, श्रीनारायण पाल, राजन कनौजिया, मनजीत यादव, गौरव यादव, सेवकलाल रावत, चंद्रपाल पासी, ब्रजपाल सिंह यादव, जावेद, सरकारू, दीपक देवा, अजय यादव छोटेलाल भारतीय आदि पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हेमंत पाल ने किया।

# समाधान दिवसर पर आयी 93 शिकायत, एक निस्तारित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**रामसनेहीघाट।** शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को तहसील रामसनेहीघाट में समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित 93 शिकायती पत्र आये। जिसमें से एक शिकायत का निस्तारण मौके पर दिया गया। जबकि तहसीलदार ने शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण के निर्देष दिए। तहसील रामसनेहीघाट में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जिलाधिकारी का आगमन था लेकिन जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में शामिल नही हो सके। इस दौरान राजस्व विभाग से 13, पुलिस विभाग से 60, विकास विभाग से 13, विद्युत विभाग से 2, अन्य 5, कुल 93 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से विकास विभाग से जुड़ी हुई एक शिकायत का निस्तारण तहसील समाधान अधिकारियों ने मौके पर अधिकार दिया शेष शिकायतों को निस्तार करने के लिए संबंधित विभाग का अध्यक्षों को सौंप दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर खंड विकास अधिकारी बनीकोडर विनय कुमार मिश्रा कोतवाली प्रभारी रामसनेहीघाट अंकित त्रिपाठी आलोक मणि त्रिपवठी सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आयी 26 षिकायतें दो का निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील के पारिजात सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार शरद सिंह की अध्यक्षता और नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय के संयोजन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से राजस्व से संबंधित 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। ग्राम डूंडी के राम बिलास, जितेन्द्र और राहुल ने एक महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के खलिहान की भूमि गाटा संख्या 1198 पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।तहसीलदार ने हल्का लेखपाल को इस मामले में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग अध्यक्षों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम में अर्चना वर्मा, चेतराम, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, अभिषेक, प्रेमचन्द्र, प्रदीप कुमार वर्मा, आशुतोष मिश्रा, शुभेन्द्र अवस्थी और रत्नेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डर के कारण पत्नी ने गढ़ी झूठी लूट की कहानी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। पति के डर से सशंकित पत्नी ने लूट की कहानी बना डाली। पुलिस की जांच में महिला ने सच्चाई बताते हुए अपने साथ हुई लूट को नकार दिया।लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गंगा नगर निवासी अर्चना अपने पति आशीष रावत के साथ स्कूटी से रविवार को उन्नाव के माखी गांव में रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी।

बताते हैं कि जहां कार्यक्रम के दौरान उसके कान की एक झुमकी कही गिर गई थी।

डर के कारण रात को यह बात उसने पति से नही बताई। सुबह घर वापसी के दौरान करीब साढ़े ग्यारह बजे आशीष अजगैन कोतवाली के पास पेशाब करने गया।

वापस आया तो पत्नी के कान में झुमकी न देख कर पूंछा तो पत्नी ने बताया कि बाइक से दो लड़के आये और झुमकी छीनकर भाग गये।

यह सुनकर पति कोतवाली पहुंचा और पूरी बात पुलिस को बताई। पुलिस की पूछताछ में पत्नी ने पति के डर से झूठ बोलने की बात बताई।

इस संबंध में जब कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया महिला ने शादी में झुमकी खो जाने की बात डर के कारण पति से छुपाई और पति के पूछने पर लूट हो जाने की बात महिला ने बताई थी।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील, पुरवा में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पुरवा, उन्नाव में सीडीओ द्वारा राजस्व विभाग की 67, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 10 सहित अन्य विभागों की 9 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, अधिकारी गण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन विभागों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उन्हे स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराया जाए।

इस अवसर पर तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, खाद्य एवं रसद विभाग, जिला उद्योग एवं स्वास्थय के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा जरूरतमन्दों को आवश्यक दवाओं का वितरण कराया गया। सीडीओ द्वारा विभागीय कैम्पों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिनंदन प्रसाद, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्रा, जिला कृषि अधिकारी शशांक, उपायुक्त उद्योग करूणा राय, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर, अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारिका प्रसाद, उप जिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायिक पुरवा शालिनी सिंह, तहसीलदार पुरवा राम शंकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवती की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली के गांव सलेमपुर मे एक युवती की अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिसे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। सलेमपुर गांव निवासी युवती पूजा (25) पुत्री स्व नरेश के माता - पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी बड़ी बहन पूनम की शादी के बाद से पूजा घर पर अकेली रहती है। रविवार की शाम अचनाक उसकी तबियत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन उसका शव लेकर घर आ गये और पुलिस को सूचना दी।चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने बताया की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

# विद्युत विभाग के निजीकरण का भाकियू ने किया विरोध, दी चेतावनी



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**हैदरगढ़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरि रामपाल ने की जबकि संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष रामदेव ने किया। बैठक में जिले से जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला सचिव संतोष सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रक्तदान कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा से हुई। किसानों ने सामूहिक रूप से रक्तदान में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इसके बाद संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा 15 जून की शाम को हरिद्वार में प्रस्तावित राष्ट्रीय पंचायत में सहभागिता की योजना साझा की गई। यह पंचायत 16, 17 और 18 जून को आयोजित होगी, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी।

बैठक के दौरान किसानों ने विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण से किसानों की समस्याएं और बढ़ेंगी तथा विद्युत दरों में मनमाना इजाफा किया जाएगा। संगठन ने सरकार से तत्काल निजीकरण की प्रक्रिया रोकने की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई। किसानों ने ब्लॉक स्तर पर तहसीलों, थानों और विभिन्न विभागों से जुड़ी जमीनी समस्याओं को साझा किया।

# भैंस नहलाते समय सरयू में डूबा युवक, तलाश जारी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** कोतवाली बदोसरांय अन्तर्गत सोमवार दोपहर सरयू नदी में भैंस को नहलाते समय एक युवक उसमें डूब गया। जिससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर उपजिलाधिकारी और कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंच करके डूबे युवक की तलाष शुरु की। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मनीरामपुरवा निवासी बलराम यादव अपनी भैंस को नहलाने के लिए गांव से कुछ दूरी पर बहने वाली सरयू नदी किनारे पहुंचा।

भैंस को नहलाते समय बलराम गहरे पानी में चला गया और उसमें डूबने लगा। मौके पर मौजूद बलराम के चाचा देषराज ने बलराम को बचाने का प्रयास किया लेकिन उनको सफलता नही मिली।

बलराम को बचाते बचाते उसका चाचा भी डूबते डूबते बच गया। गौरतलब हो कि बलराम के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में तीन बहनें और एक भाई हैं। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। बलराम तीसरे नंबर पर थे और एक छोटी बहन की शादी होनी बाकी है।घटना की सूचना पर एसडीएम प्रीति सिंह, तहसीलदार शरद कुमार सिंह, सीओ गरिमा पंत और कोतवाल संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। मोटर बोट और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश जारी है।

नदी में तेज बहाव के कारण अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है।

**परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।**

# सड़क हादसे में मासूम सहित तीन गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामसनेहीघाट।** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में एक बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गया, इस हादसे में बाइक पर सवार 4 वर्षीय मासूम बच्ची सहित पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के नोहरेपुरवा गाजीपुर निवासी करीब 35 वर्षीय गंगाराम पुत्र राम आधार अपनी करीब 30 वर्षीय आरती व 4 वर्षीय पुत्री। बैष्णवी के साथ भेलसर अयोध्या गया था वहां से वापस आते समय कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या 27 हाईवे पर नारायण रेस्टोरेंट के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए, बताया गया है कि असंतुलित होकर बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर गया, इस हादसे में बाइक सवार मासूम बच्ची सहित सभी गंभीर घायल हो गए सभी को सीएचसी रामसनेहीघाट लाया गया जहां पर इलाज शुरू किया गया है। केंद्र अधीक्षक डॉ अमरेश वर्मा ने बताया को घायलो को अस्पताल में भर्ती करके इलाज किया जा रहा है।

# दिल्ली–एनसीआर में नए पेट्रोल डीजल टैक्सियों पर लगेगा बैन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से अब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 1 जनवरी 2026 से, दिल्ली-एनसीआर में कैब एग्रीगेटर्स, डिलीवरी कंपनियों और ई-कॉमर्स फर्मों के बेड़े में कोई भी नया पेट्रोल या डीजल वाहन शामिल नहीं किया जा सकेगा। यह फैसला वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने लिया है।

### किन गाड़ियों पर लगेगा यह नियम?

यह बैन सिर्फ कैब तक सीमित नहीं है। इसमें लाइट कमर्शियल व्हीकल्स (व्यावसायिक वाहनों), गुड्स कैरियर्स और डिलीवरी के लिए इस्तेमाल होने वाले टू-व्हीलर्स भी शामिल हैं। सीएक्यूएम का कहना है कि इन कमर्शियल गाड़ियों का उपयोग ज्यादा होता है और इनकी मेंटेनेंस भी अक्सर खराब रहती है। जिस कारण ये निजी वाहनों की तुलना में ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं।

### अब सिर्फ सीएनजी या इलेक्ट्रिक गाड़ियों को मिलेगी एंट्री

सीएक्यूएम ने निर्देश दिया है कि 2026 से इन कमर्शियल कंपनियों को अपने बेड़े में सिर्फ सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहनों को ही शामिल करना होगा। इसका मकसद है दिल्ली-एनसीआर को जीरो-एमिशन ट्रांसपोर्ट सिस्टम की ओर ले जाना।

### दिल्ली सरकार की योजना भी है इसमें शामिल

यह कदम दिल्ली सरकार की 2023 की मोटर व्हीकल एग्रीगेटर और डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर स्कीम के तहत उठाया गया है। इस योजना में 25 से ज्यादा गाड़ियों के बेड़े वाली कंपनियों को अपने सभी वाहनों को सरकारी पोर्टल पर रजिस्टर करना अनिवार्य किया गया है। ताकि निगरानी और अनुपालन की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सके।

### पड़ोसी राज्यों से भी अपील

सिर्फ दिल्ली ही नहीं, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों से भी सीएक्यूएम ने अपील की है कि वे भी अपने-अपने शहरी इलाकों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में इसी तरह के नियम लागू करें। ये इलाके गाड़ियों की संख्या के लिहाज से बेहद घने हैं और प्रदूषण में इनकी बड़ी भूमिका मानी जाती है।

### प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में अहम कदम

यह पूरी पहल दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को घटाने और साफ-सुथरे, बिना धुएं वाले ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने की एक बड़ी कोशिश है। सरकार का मानना है कि अगर कमर्शियल ट्रैफिक को धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक और सीएनजी आधारित सिस्टम की ओर मोड़ा जाए, तो आने वाले वर्षों में वायु गुणवत्ता में सुधार संभव है।

## सेना की बढ़ेगी ताकत, जल्द मिलेगी 30000 करोड़ रुपये की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय सेना की ताकत और बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जल्द ही सतह से हवा में मार करने वाली 30,000 करोड़ रुपये की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के पास पहले से ही मौजूद वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम किया था। रक्षा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इस महीने के चौथे हफ्ते में रक्षा मंत्रालय सेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाले स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल प्रणाली (क्यूआरएसएएम) की तीन रेजिमेंट खरीदने के प्रस्ताव पर विचार करने वाला है। इस रक्षा प्रणाली को पाकिस्तान से लगती पश्चिमी और चीन से लगती उत्तरी दोनों सीमाओं पर तैनाती की जाएगी। रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इस मिसाइल प्रणाली को विकसित किया है।

## जब जन्मदिन बना धर्म का दिन एक नई परंपरा की शुरुआत



जिलाधिकारी पीलीभीत



मुकेश कुमार

जनपद पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा जारी की गई हालिया अपील केवल एक प्रशासनिक दिशा-निर्देश नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करने वाली दूरदर्शी पहल है। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और धार्मिक आयोजनों जैसे पावन अवसरों को गौशालाओं से जोड़ने की अपील न केवल एक नैतिक आह्वान है, बल्कि यह समाज के सामूहिक चरित्र में आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और करुणा का समावेश करने का प्रयास भी है। हमारा समाज वर्षों से पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध से प्रभावित होता रहा है। जहां उत्सवों को होटल, पार्टी प्लॉट्स और दिखावे की भव्यता तक सीमित कर दिया गया, वहीं जीवन की आत्मिक अनुभूतियों, जैसे सेवा, परोपकार और जीवों के प्रति करुणा, कहीं पीछे छूटती चली गईं। ऐसे में यह विचार कि व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन गौशाला जैसे पवित्र स्थान पर मनाए—यह न केवल संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा है, बल्कि सामाजिक स्वास्थ्य और संतुलन की दिशा में एक सशक्त कदम भी है। गौशाला कोई केवल पशुओं के आश्रय स्थल नहीं हैं, वे भारतीय ग्रामीण चेतना, आत्मनिर्भरता और धार्मिक आस्था के केन्द्र रहे हैं। यहां गौमाता की सेवा कर व्यक्ति न केवल धर्म और पुण्य कमाता है, बल्कि प्रकृति और पशुओं के प्रति कर्तव्यबोध भी जाग्रत करता है। जब जन्मदिन जैसे अवसरों पर गौशालाओं में हवन, पूजन और सेवा के आयोजन होंगे, तो निश्चित ही बच्चों और युवाओं में नैतिक शिक्षा और समाज सेवा के संस्कार विकसित होंगे। जिलाधिकारी का यह कहना कि गौ माता की सेवा केवल धर्म नहीं, यह मानवता का कर्तव्य है एक बहुत गहरी बात है। यह केवल भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर से समाज में मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रयास है। गौशालाओं में उत्सव मनाने से होने वाला सामाजिक प्रभाव कई स्तरों पर देखा जा सकता है—ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहयोग, गौसंरक्षण को प्रोत्साहन, धार्मिक चेतना को मजबूती और समाज में सेवा-संवेदना की वृद्धि। यह पहल इस कारण भी अनुकरणीय है कि इसमें दिखावा, अपव्यय और कृत्रिमता के स्थान पर सादगी, श्रद्धा और सार्थकता का संदेश निहित है। जहां अधिकांश लोग उत्सव को केवल खर्च और मनोरंजन का माध्यम मानते हैं, वहीं यह दृष्टिकोण जीवन के उद्देश्यों को अध्यात्म और सेवा से जोड़ता है। बच्चों के लिए यह विशेष रूप से एक शिक्षाप्रद अनुभव होगा—वे देखेंगे कि कैसे उनके माता-पिता, गुरुजन और समाज के वरिष्ठ व्यक्ति पूजा-पाठ, हवन और गायों की सेवा को अपने उत्सव का हिस्सा बना रहे हैं। यह दृश्य ही उनके भीतर संस्कारों के बीज बो देगा, जिनसे भावी समाज की नींव और भी मजबूत होगी। अब यह जनपदवासियों पर निर्भर है कि वे इस पहल को केवल सुनने योग्य अपील समझें या इसे अपने जीवन में उतारकर एक नई परंपरा की शुरुआत करें। इस परंपरा से न केवल गौशालाएं सशक्त होंगी, बल्कि हम अपने बच्चों को एक ऐसा समाज सौंप सकेंगे जहां धर्म, सेवा और सहभाव साथ-साथ चलते हैं।

## पीएम मोदी भारत लौटे सर्वदलीय शिष्टमंडलों से मुलाकात करेंगे, टीएमसी से अभिषेक भी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर के देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार को मिलेंगे। सूत्रों के मुताबिक सदस्य प्रधानमंत्री के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी भी पीएम मोदी द्वारा बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में मई के अंत में जापान और कई अन्य एशियाई देशों का दौरा किया था। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने बैठक में बनर्जी की भागीदारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हां, वह बैठक में भाग लेंगे और अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे।

### प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके विदेश मंत्री एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने में उनके प्रयासों की प्रशंसा की है। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे। वहीं तीन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया, जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और एनसीपी (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे।

### प्रतिनिधिमंडलों ने विदेशों में दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे, जिसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग विदेशों में भारतीय हितों की वकालत करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों में शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख पूर्व सांसदों में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आज़ाद और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

## अपनी रसोई रेस्टोरेंट हिंसा में 3 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में शनिवार रात्रि में नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में दबंगों ने लाठी-डंडों के साथ जमकर उत्पात मचाया। इस घटना ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों और वहां भोजन कर रहे ग्राहकों को दहशत में डाल दिया था। इस मामले में थाना पुलिस ने कार्यवाही आकृति हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और। बदमाशों की खोजबीन जारी है। ज्ञात हो कि अपना रसोई नामक रेस्तरां में बदमाशों ने घुसकर कुर्सियां, टेबल, लैपटॉप और बिलिंग मशीन को नष्ट कर दिया था। जिससे महिलाओं बच्चों समेत बुजुर्गों ने भागकर अपनी जान बचाया था। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसने पुलिस को त्वरित कार्रवाई में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान किया गया । नंदग्राम थाना पुलिस ने घटना का तत्काल संज्ञान लिया और थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में सक्रियता दिखाते हुए तीन अभियुक्तों–राजदीप त्यागी, अंशी त्यागी और मोंटी जाट को दिल्ली-मेरठ रोड कट से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और एक गाड़ी के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पूछताछ में पता चला कि 6 जून को खराब सर्विस को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने रेस्टोरेंट मालिक को सबक सिखाने की योजना बनाई थी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पूनम मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।


## जांच को लेकर पीड़ित परिवार ने जताया रोष, पुलिस कार्यवाही पर उठाए सवाल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

नन्दग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन में गोली मारकर की गई होटल कारोबारी राहुल डागर की हत्या एवं उसके भतीजे को गोली मारे जाने के सनसनीखेज अपराधिक मामले में मृतक की मां व उसकी पत्नी अपने अबोध बच्चे के साथ मीडिया के सामने अपनी व्यथा रखी । मीडिया के सामने पीड़ित परिवार ने कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों पर उदासीनता एवं नन्दग्राम थाना पुलिस के द्वारा की गई लिपापोती जैसे कई संगीन आरोप कारोबारी राहुल डागर की मां व पत्नी ने लगाये। कारोबारी की मां ने कड़ा कि योजना बनाकर की गई उनके पुत्र की हत्या के मामले में नन्दग्राम थाना पुलिस ने खानापूर्ति करते हुए दो अभियुक्तों मोहित व रितेश बिंदन उर्फ लाला को गिरफ्तार तो कर लिया लेकिन उनसेना तो कोई गहन पूछताछ की गई और ना ही उनके पुत्र की हत्या एवं उनके पोते आशीष डागर की हत्या के प्रयास में शामिल अन्य अभियुक्तों मनीष चौधरी, नागेंद्र चौधरी व रोहित समेत अन्य हत्यारों की गिरफ्तारी करने में रूचि दिखाई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस मामले में लीपापोती करने जुटी है।

## पाकिस्तान में गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी फिर भी आतंकवाद को पनाह: गडकरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को पड़ोसी पाकिस्तान को आइना दिखाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी जैसी गंभीर घरेलू चुनौतियों से जूझ रहा है। इसके बावजूद भी पड़ोसी आतंकवाद का समर्थन करता है। उन्होंने पाकिस्तान की इस नीति की कड़ी आलोचना की। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एक साक्षात्कार में आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। जिसमें धर्म पूछकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ हैं। ऑपरेशन सिंदूर निर्दोष लोगों की हत्या के प्रति हमारी प्रतिक्रिया थी। पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित करता है। हमारे देश में घुसकर निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं। तब हमारा जवाब ऑपरेशन सिंदूर होगा।

### पाक आतंकवाद को बंद कर दे तो हटा देंगे पर लगी रोक

गडकरी ने 22 अप्रैल के हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के कारण लिया गया था। उन्होंने बताया, जब भारत का बंटवारा हुआ, तो 6 नदियां थीं, जिसमें से तीन पाकिस्तान में और तीन भारत में गईं। लेकिन हमारे हिस्से का कुछ पानी भी पाकिस्तान को जाता है। हम उस पानी का इस्तेमाल पंजाब और राजस्थान में कर सकते हैं। जब हम उन्हें पानी दे रहे थे, तब उन्होंने हमारे लोगों को मार डाला। इसलिए अब हमने वह पानी रोक दिया है। अगर पाकिस्तान इन आतंकी गतिविधियों को बंद कर दे, तो हम भी यह रोक हटा देंगे।

### 23 अप्रैल को निलंबित की गई सिंधु जल संधि

गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद 23 अप्रैल को दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की गई थी। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने दोहराया था कि संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता।

### पीएम मोदी का सपना-भारत विश्व गुरु बने

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत विश्व गुरु बने, और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि इस सपने को पूरा करने के लिए हमें निर्यात बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि तभी कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा।

## पीएम मोदी की दूरदृष्टि से 10 साल में 40 फीसदी बढ़ा कृषि उत्पादन: शिवराज सिंह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश का कृषि उत्पादन पिछले 10 साल में 40 फीसदी बढ़ा है। वहीं, 2024-25 की चौथी तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर बढ़कर 5.4 फीसदी पहुंच गई, जबकि दुनिया में एक-दो फीसदी की वृद्धि भी बड़ी मानी जाती है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 9 जून एक ऐतिहासिक दिन है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ है, जो उपलब्धियों से भरा है। अगर कृषि के नजरिये से देखें, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि, नीतियों और कार्यक्रमों के बेहतर कार्यान्यवन से कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में चौहान ने कहा, देश ने गेहूं, धान, सोयाबीन, मूंगफली और अन्य फसलों के उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अनाज की कोई कमी नहीं है। भंडार भरे हुए हैं और भारत अन्य देशों को निर्यात कर रहा है। कृषि मंत्री ने रिकॉर्ड अनाज उत्पादन के लिए प्रधानमंत्री मोदी, किसानों और वैज्ञानिकों को बधाई दी। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों की आय बढ़ाने, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और मृदा स्वास्थ्य की सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, कृषि वैज्ञानिकों को किसानों के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2,170 वैज्ञानिकों का दल देशभर के गांवों का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान से संघर्ष लंबा चलता तो भी चिंता नहीं

चौहान ने कहा, उन्होंने हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अनाज का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्हें बताया गया कि गोदाम भरे हुए हैं। अगर पाकिस्तान के साथ संघर्ष लंबा भी चलता है, तो चिंता की कोई बात नहीं है।

### खरीफ सीजन 2025-26 में भी रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद

चौहान ने कहा, अगले महीने से शुरू होने वाले 2025-26 के खरीफ सीजन के दौरान अनाज उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है। इसकी प्रमुख वजह मानसून की बारिश सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान है। कृषि मंत्रालय के तीसरे अनुमान के मुताबिक, 2024-25 के खरीफ सीजन में देश का अनाज उत्पादन रिकॉर्ड 16.80 करोड़ टन तक पहुंच गया है। 2014-15 से खरीफ अनाज उत्पादन में 31.23 फीसदी की वृद्धि हुई है।

### 15 दिवसीय अभियान से मिलेगी मदद

देशभर में 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि अभियान का नेतृत्व कर रहे कृषि मंत्री ने कहा, मौजूदा अभियान से खरीफ सीजन में कृषि उत्पादन को और बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि हम किसानों की चिंताओं को दूर करने के साथ उन्हें नई तकनीकों और व्यवहार के बारे में शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब तक 10 राज्यों की यात्रा के दौरान किसानों से पता चला है कि कुछ क्षेत्रों में मौजूदा फसल किस्मों ने उभरते कीटों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है। किसानों ने नकली कीटनाशकों के बारे में भी चिंता जताई और कीमतों में गिरावट के दौरान अधिक सुरक्षा की मांग की। इन सुझावों के आधार पर लघु, मध्यम एवं दीर्घकालिक कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान योजनाएं और नीतियां विकसित की जाएंगी।

## पाकिस्तानी गोलाबारी में टूटे घरों को मुआवजा, 25 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी, केंद्र ने दी मंजूरी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए मुआवजे के रूप में 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी से क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए अतिरिक्त मुआवजा राशि की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि विशेष मामले के रूप में प्रत्येक पूर्णतः क्षतिग्रस्त मकान के लिए 2 लाख रुपये तथा प्रत्येक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए 1 लाख रुपये की अतिरिक्त मुआवजा राशि दी जाएगी। पीएम की घोषणा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2,060 घरों के लिए गृह मंत्रालय से 25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान करवाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। गृह मंत्री ने 29-30 मई को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सीमा पार से गोलीबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे थे। नियमों के अनुसार, सीमा पार से गोलाबारी से हुए नुकसान के लिए तुरंत मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## सिंधु नदी के पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान, भारत नहीं दे रहा पत्र का जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक नई दिल्ली की आतंकवाद को लेकर जो चिंताएं हैं, उन्हें दूर नहीं किया जाता और यह संधि पूरी तरह से नए सिरे से नहीं बनाई जाती। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से संपर्क किया है और भारत से अपील की है कि वह सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले पर पुनर्विचार करे। उन्होंने भारत की जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी को कई पत्र लिखे हैं और कहा है कि पाकिस्तान भारत की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। सूत्रों के अनुसार, जब तक आतंकवाद से जुड़ी भारत की चिंताओं का समाधान नहीं होता और संधि को पूरी तरह नया रूप नहीं दिया जाता, तब तक भारत किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से बातचीत नहीं करेगा। देबाश्री मुखर्जी ने इस फैसले की जानकारी पाकिस्तान को औपचारिक रूप से दी थी। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। विश्व बैंक की मध्यस्थता में बनी यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे और उपयोग को लेकर बनी हुई है।

## 150 दिन में 226 नक्सलियों का खात्मा, 418 गिरफ्तार और 896 सरेंडर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं। 11 वर्ष जनसेवा के में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। पिछले दस वर्षों के दौरान नक्सली क्षेत्रों में 7744 हिंसा की घटनाएं हुई हैं, जबकि 2004 से 2014 तक नक्सली हिंसा की घटनाओं की संख्या 16463 थी। वर्ष 2025 में अभी तक 226 नक्सली मारे गए हैं। 418 नक्सली गिरफ्तार किए गए, जबकि 6 करोड़ रुपये के इनामी टॉप नक्सलियों सहित 18 माओवादियों का सफाया कर दिया गया है। इस साल अभी तक 896 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें कई बड़े नक्सली भी शामिल हैं।

### आपरेशन ब्लैक फोरेस्ट में 27 नक्सली मारे गए

वर्ष 2024 में ही 290 नक्सलियों को मारा गया था। गिरफ्तार नक्सलियों की संख्या 1090 थी, जबकि 881 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इस वर्ष स्ट्रेटेजिक इंटेल और क्लोज कोर्डिनेशन के कारण आपरेशन ब्लैक फोरेस्ट में 27 नक्सली मारे गए थे। 23 मई को बीजापुर में 24 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया। 2019 में मारे गए रवुला श्रीनिवास उर्फ रमन्ना %सीसीएम% पर 1.4 करोड़ रुपये का इनाम रखा गया था। उसी साल बुरीयारी सुधाकर भी मारा गया था। 2021 में प्रशांत बोस उर्फ किसान दा %पीबीएम%, जिस पर 1.47 करोड़ रुपये का इनाम था, वह भी मारा गया। बीजी कृष्णमूर्ति और शीला मरांडी भी उसी साल मारे गए।

### सुरक्षाबलों ने इन नक्सलियों को मार गिराया

मिलिंद तेलतुंबड़े उर्फ दीपक सीसीएम पर 50 लाख का इनाम था, वह भी 2021 में मारा गया। यापा नारायण राव उर्फ हरिभूषण सीसीएम और अक्किराजु हरगोपाल उर्फ आरके सीसीएम भी 2021 में मारे गए। विजय आर्य उर्फ जसपाल सीसीएम, मितलेश मेहता, अरुण कुमार भट्टाचार्य 2022 में मारे गए। कट्टाकम सुधर्शन उर्फ आनंद पीबीएम 2023 में मारा गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)